सुप्रभात
रांची, मंगलवार
05.03.2024
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, दसमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 232

12 सारा की फिल्म ऐ वतन मेरे वतन का ट्रेलर रिलीज

## न्यूज डायरी

### झारखंड में रास चुनाव 21 को अधिसूचना जारी

रांची। झारखंड में राज्यसभा की दो सीटों के लिए 21 मार्च को चुनाव होंगे। चुनाव आयोग ने सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी। 11 मार्च तक नामांकन पत्र भरे जायेंगे। स्क्रूटनी 12 को होगी और 14 तक नाम वापस लिये जायेंगे। नामांकन, प्रभारी सचिव सह निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में होगा। पर्यवेक्षक बने मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रवि कुमार के अनुसार नामांकन के बाद यह तय होगा कि वोटिंग होगा या नहीं। दो से अधिक प्रत्याशी होने पर वोटिंग होंगे, गिनती भी उसी दिन होगी।

### एसबीआइ ने चुनावी बॉन्ड की जानकारी देने की समय मांगी

नयी दिल्ली। एसबीआइ ने सुप्रीम कोर्ट से चुनावी बॉन्ड की जानकारी देने के लिए 30 जून तक का समय मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड स्कीम को रद्द कर एसबीआइ को चुनावी बॉन्ड की जानकारी चुनाव आयोग को देने को कहा था।

### एसटी-एससी केस में इडी अफसरों को राहत

रांची। तत्कालीन सीएम हेमंत सोरेन की ओर से इडी अफसरों पर एसटी-एससी थाना में दर्ज मामले के खिलाफ इडी की याचिका पर हाइकोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने इडी अफसरों को राहत देते हुए उनके खिलाफ किसी भी तरह की पीड़क कार्रवाई पर रोक का आदेश दिया है।

### जन भावनाओं के अनुरूप बन रही योजनाएं : सीएम

रांची। सीएम चंपई सोरेन ने कहा कि गिरिडीह के लिए आज का दिन ऐतिहासिक है। वहा योगीटांड़ में 50 हजार लीटर दूध प्रति दिन क्षमता वाले डेयरी प्लांट का शिलान्यास समारोह में बोल रहे थे। यह प्लांट दो से ढाई वर्ष के भीतर तैयार हो जायेगा। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार जन भावनाओं को ध्यान में रख कर ही योजनाएं बन रही हैं। मंगलवार को सीएम दुमका जायेंगे।

### चाय दुकान में घुसा ट्रक तीन की मौत, 6 घायल

दुमका। सोमवार को तड़के हंसडीहा क्षेत्र में एक चाय दुकान में अनियंत्रित ट्रक के घुस जाने से तीन लोगों की मौत हो गयी। हादसे में छह से अधिक लोग घायल हैं। सभी लोग वहां सुबह चाय पी रहे थे कि अचानक यह हादसा हो गया।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 59,600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 75,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




# माझीथान में मत्था टेक कल्पना ने संभाली हेमंत की विरासत, कहा
# दिल्लीवालों में दिल नहीं, जनता करेगी हिसाब

खबर मन्त्र टीम

गिरिडीह, रांची। झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने सोमवार को गिरिडीह में झामुमो के 51वें स्थापान दिवस पर आयोजित समारोह में राजनीतिक जीवन की शुरूआत की। पार्टी स्थापना दिवस समारोह में शामिल होने से पूर्व वह पारसनाथ पर्वत पर स्थित मांझी थान में पूजा-अर्चना की। मधुबन स्थित भोमिया सफबाबा की भी पूजा की। उनका आशीर्वाद लिया। इस मौके पर कल्पना सोरेन ने विधिवत पार्टी का झंडा लहराते हुए अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत की। मंच पर पहुंचते ही



वह फूट-फूटकर रोने लगीं और, कहा- दिल्ली वालों में दिल नहीं, झारखंड और पूरे देश की जनता सबका हिसाब लेगी। जनसभा को संबोधित करते हुए कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमंत सोरेन ने अपनी कुर्सी सिर्फ इसलिए छोड़ दी क्योंकि वे किसी के सामने झुकते नहीं हैं। आगे भी झारखंड किसी के आगे झुकेगा नहीं। आप कार्यकर्ताओं को देख यह भरोसा पक्का है।

## जन्मदिन पर पति ने कहा- जेल में हूं, पर जिंदा हूं, घबरना नहीं

गिरिडीह के झंडा मैदान में पार्टी का झंडा लहराते हुए अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत की और जनसभा को संबोधित किया। कल्पना ने कहा, आज 4 तारीख है। 3 तारीख को मेरा जन्मदिन था। मुझे उनसे (हेमंत सोरेन) मिलने का समय मिला। इतना कहते ही उनकी आंखे भर आयीं। नम आंखों से कहा कि उन्होंने मेरे कंधे पर हाथ रखा और कहा कि घबराना नहीं। जेल में हूं, लेकिन जिंदा हूं। उन्होंने मेरा हौसला बढ़ाया। कहा, घबराना नहीं है। झारखंड कभी किसी के आगे नहीं झुका है। मैं भी नहीं झुकूंगा। कल्पना सोरेन ने अपने संबोधन से सबको भावुक कर दिया। स्थानीय जनजाति भाषा में कल्पना सोरेन ने अपना संबोधन शुरू किया। भावुक होते हुए उन्होंने कहा कि दिल्ली वालों का दिल है, लेकिन धड़कता नहीं है। वे आदिवासियों को कीड़ा समझते हैं। इसका जवाब तो यहां की दिल्लीवालों को सही ढंग से देगी।

### यहीं से गुरुजी ने की थी शुरुआत

झामुमो सुप्रीमो और पूर्व सीएम शिबू सोरेन ने भी पीरटांड़ के इसी कुड़को से महाजनी प्रथा के खिलाफ आंदोलन की शुरूआत की थी। उसी धरती से कल्पना सोरेन भी अपने सक्रिय राजनीति जीवन की शुरूआत की। मांझीथान के पुजारियों ने संथाली संस्कृति के अनुसार कल्पना सोरेन का स्वागत किया और सिर पर संथाली संस्कृति की पहचान केंदू पता से बनी टोपी पहना कर सम्मानित किया। कल्पना सोरेन ने कहा, हमारे जितने विधायक और कार्यकर्ता यहां मौजूद हैं, उनका मनोबल देखकर ऐसा लग रहा है कि हमने दिखा दिया कि झारखंड कभी झुकेगा नहीं। मंच पर कल्पना सोरेन संथाली हरे पाढ़ वाली साड़ी पहनकर पहुंची। वहां उनका जोरदार अभिनंदन हुआ। जमकर नारेबाजी हुई। कल्पना सोरेन ने सभी को हाथ जोड़कर और हाथ उठाकर अभिवादन किया। समारोह में मंच पर मंत्री हफीजुल हसन, बेबी देवी, महुआ माजी, मथुरा प्रसाद महतो, गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, गांडेय के पूर्व विधायक डॉ सरफराज अहमद, जयप्रकाश वर्मा समेत अन्य मौजूद थे।

## वोट फॉर नोट : सुप्रीम कोर्ट ने 26 साल पुराना फैसला बदला
# घूस लेकर सदन में वोटिंग पर अब चलेगा आपराधिक केस

एजेंसी

नयी दिल्ली, रांची। वोट के बदले नोट मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 26 साल पुराने अपने फैसले को पलट दिया। अब घूस लेकर सदन में वोटिंग करने पर आपराधिक मुकदमा चलेगा। सोमवार को शीर्ष कोर्ट ने साल 1998 का फैसला पलटते हुए कहा कि सांसद और विधायकों को छूट नहीं दी जा सकती है। यह विशेषाधिकार के तहत नहीं आता है। इस बात से फर्क नहीं पड़ता कि घूस लेने वाले ने घूस देने वाले के मुताबिक वोट दिया या नहीं। विषेधाधिकार सदन के साझा कामकाज से जुड़े विषय के लिए है। वोट के लिए रिश्वत लेना विधायी काम का हिस्सा नहीं है। मुख्य न्यायाधीश डीवाइ चंद्रचुड़ की अध्यक्षता वाली सात न्यायाधीशों की खंडपीठ ने 1998 में पीवी नरसिम्हा राव मामले में आये फैसले को पलट दिया है। संविधान पीठ ने स्पष्ट कर दिया है कि रिश्वत से जुड़े मामले में सांसद और विधायक मुकदमों से नहीं बच सकते हैं। संसद रिश्वत कांड मामले में झामुमो के शिबू सोरेन समेत चार सांसदों को 1998 में सुप्रीम कोर्ट के पांच सदस्यीय बेंच द्वारा 3:2 के फैसले से आपराधिक मुकदमें से छूट मिल गयी थी। इसी केस का हवाला देकर झामुमो विधायक सीता सोरेन ने राज्यसभा हॉर्स ट्रेडिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट से राहत की मांग की थी लेकिन पूरा मामला उलटा पड़ गया। (शेष 11 पर)

**क्या था मामला :** 1993 में केंद्र में नरसिम्हा राव के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ भाजपा ने अविश्वास प्रस्ताव लाया था, लेकिन झामुमो के सांसद शिबू सोरेन, शैलेंद्र महतो, सूरज मंडल और साइमन मरांडी ने पैसे लेकर अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ वोट दिया था। इसकी वजह से नरसिम्हा राव की सरकार बच गयी थी। इस मामले की जांच सीबीआई कर रही थी। तब झामुमो सांसदों ने दलील दी थी कि बरामद पैसे पार्टी फंड के थे। फिर 1995 में अटल बिहारी वाजपेयी ने इस संसद रिश्वत कांड का खुलासा किया था। तब शैलेंद्र महतो ने स्वीकार किया था कि नरसिम्हा राव की सरकार को बचाने के लिए वोट के बदले चारों सांसदों को 50-50 लाख रुपए की घूस मिली थी। इसी के बाद सीबीआई जांच शुरू हुई थी।

**कानूनी सलाह लेगा झामुमो:** सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से झारखंड की सत्ताधारी पार्टी झामुमो को बड़ा झटका लगा है। पार्टी प्रवक्ता मनोज पांडेय का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले की जानकारी मीडिया के मार्फत मिली है। अब इसपर कानूनी सलाह लिया जायेगा कि यह फैसला कब से लागू माना जायेगा। इसी के आधार पर पार्टी अपना स्टैंड क्लियर करेगी। वहीं झारखंड प्रदेश भाजपा ने इस फैसले का स्वागत किया है।

# दीवार गिरी, दो मासूम बच्चों की मौत

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राजधानी के डोरंडा थाना क्षेत्र के हिनू के पास निमार्णाधीन भवन की दीवार गिरने से दो बच्चों की मौत हो गयी। दोनों बच्चे दीवार के पास खेल रहे थे। बारिश में भींग जाने से अचानक दीवार बच्चों के उपर ही गिर गयी। बच्चों ने अपनी मां के सामने तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया। बच्चों की मां भी उसी में मजदूर का काम कर रही थी। मृत बच्चों के नाम हर्षित (4 साल) और चाहत (4 साल) हैं। इस दिल दहला देने वाली घटना से इलाके में सनसनी मच गयी है। जिला प्रशासन की ओर से परिजनों

- आक्रोशित लोगों ने किया जाम, पांच-पांच लाख मुआबजे की घोषणा



को पांच-पांच लाख रुपये राशि देने की घोषणा की है। हादसे में कुछ मजदूर भी घायल हुए है। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने घंटों रोड जाम रखा। घटना के बाद हटिया विधायक नवीन जायसवाल, सिटी एसपी राजकुमार मेहता, एसडीओ, अरगोड़ा सीओ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। बाद में मुआवजा और पुलिस अधिकारियों के आश्वासन पर जाम समाप्त कर दिया गया। (शेष 11 पर)

### दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी : एसपी

मौके पर पहपंचे सिटी एसपी राज कुमार मेहता ने कहा कि घटना काफी दुखद है। मामले की जांच की जा रही है। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। डोरंडा थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों बच्चे दीवार के पास खेल रहे थे। लगातार बारिश के कारण दीवार पूरी तरह भीग कर कमजोर हो गयी थी। बच्चों की मां उसी दीवार के आसपास काम कर रही थी तभी अचानक बच्चे दीवार के पास जाकर खेलने लगे, जिससे यह हादसा हो गया।

## दुमका सीट से कल्पना सोरेन होंगी उम्मीदवार

(खबर मन्त्र ब्यूरो) रांची। मिशन 2024 को लेकर झारखंड में इंडी गठबंधन में मंथन जारी है। लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड में कांग्रेस और जएमएम के बीच पांच और नौ का फॉर्मूला सेट हो सकता है। पांच सीट पर जेएमएम और नौ सीट पर कांग्रेस चुनाव लडेगी। राजद को किसके खाते की एक सीट काट कर दिया जायेगा, फिलहाल अभी यह तय होना बाकी है। इधर झामुमो सूत्रों के अनुसार दुमका, राजमहल, कोडरमा, गिरिडीह और जमशेदपुर सीट से पार्टी अपना उम्मीदवार देगा। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन दुमका लोकसभा सीट से चुनाव लड़ सकती हैं। सूत्रों की माने तो हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी होने के बाद कल्पना मुर्मू सोरेन राजनीति में सक्रिय होग यी हैं। इससे उनके चुनाव लड़ने की अटकलें तेज हो गयी थीं, अब इन अटकलों पर विराम लगता नजर आ रहा है। सूत्रों के अनुसार दुमका से कल्पना सोरेन, राजमहल से विजय हांसदा, कोडरमा से जयप्रकाश वर्मा, गिरिडीह से योगेंद्र महतो और पोटका विधायक संजीव सरदार जमशेदपुर लोकसभा सीट से जेएमएम कोटे से उम्मीदवार हो सकते हैं। वहीं चाईबासा से कांग्रेस प्रदीप बालमुचू को उम्मीदवार बनाने की तैयारी में हैं।

## गैंगरेप मामले में हाइकोर्ट ने सीएस, डीजीपी से मांगी रिपोर्ट

रांची। दुमका में विदेशी महिला टूरिस्ट से गैंगरेप मामले को झारखंड हाई कोर्ट ने गंभीरता से लिया है। कोर्ट ने इस मामले में स्वत संज्ञान लेते हुए राज्य के मुख्य सचिव, डीजीपी एवं एसपी दुमका से रिपोर्ट मांगी है। मामले की अगली सुनवाई गुरुवार यानी 7 मार्च को होगी। सोमवार को हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष संज्ञान में लाया गया।

**दस लाख मुआवजा राशि सौंपी :** सोमवार को दुमका डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने पीड़ित मुआवजा योजना के तहत 10 लाख रुपये की राशि पीड़िता के बैंक खाते में उपलब्ध करा दी। इस मामले की जांच के लिए झारखंड पुलिस ने एक एसआइटी का गठन किया है। घटनास्थल से रांची से गयी एफएसएल की टीम ने भी सबूत जुटाये हैं। एसआईटी के साथ सीआईडी की टीम भी इस केस की जांच में जुटी है। विदेशी महिला अपने पति के साथ दुमका के हंसडीहा थाना क्षेत्र स्थित कुरुमाहाट पहुंची थी। वहीं सात आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया। तीन की गिरफ्तारी हो चुकी है। शेष की भी पहचान कर ली गयी है।




## लालू के तंज पर भाजपा ने शुरू किया 'मोदी का परिवार' अभियान
# देश का हर गरीब, आदिवासी मेरा परिवार : मोदी

- 2019- मैं हूं चौकीदार, 2024- मैं हूं मोदी का परिवार'
- शाह, नड्डा, राजनाथ, गडकरी समेत सभी ने बदला बायो

एजेंसी

नयी दिल्ली। भाजपा ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद की ओर से पीएम मोदी पर 'अपना परिवार' ना होने को लेकर कटाक्ष किये जाने के अगले दिन सोशल मीडिया पर 'मोदी का परिवार' अभियान शुरू कर दिया। इस अभियान के तहत केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा सहित कई नेताओं ने अपने 'एक्स' प्रोफाइल पर अपने नाम के आगे 'मोदी का परिवार' लिखा। वहीं तेलंगाना के आदिलाबाद में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में पीएम मोदी कहा कि जो लोग ये सवाल उठाते हैं कि मोदी का कोई परिवार नहीं, उनको मैं यह कहना चाहता हूं कि 140 करोड़ की जनता ही मेरा परिवार है। जिनका कोई नहीं वो भी मोदी के हैं। रविवार को पटना में महागठबंधन की जन विश्वास रैली में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने कहा था कि पीएम मोदी के पास परिवार नहीं है। लालू यादव के इस बयान के बाद भाजपा हमलावर हो गयी। (शेष 11 पर)

### मोदी का परिवार



इसके बाद कई केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा नेताओं ने अपने 'एक्स' प्रोफाइल पर अपने नाम के आगे 'मोदी का परिवार' जोड़ दिया। सबसे पहले भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने अपने प्रोफाइल में यह बदलाव किया और उसके बाद गृह मंत्री शाह ने। कुछ देर बाद केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, अश्विनी वैष्णव और अनुराग ठाकुर, सीएम धामी ने भी इसका अनुसरण करते हुए 'एक्स' प्रोफाइल पर अपने नाम के आगे 'मोदी का परिवार' जोड़ दिया। उल्लेखनीय है कि 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के 'चौकीदार चोर है' के नारे के जवाब में भाजपा ने 'मैं भी चौकीदार' अभियान चलाया था। इस बार अब शुरू हो गया मोदी का परिवार अभियान।

## खबर एक नजर में

### सांसद निशिकांत दुबे की पीआइएल पर हाईकोर्ट में सुनवाई, ऊर्जा सचिव हुए उपस्थित

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में देवघर स्थित एम्स अस्पताल में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ऊर्जा विभाग के सचिव कोर्ट के समक्ष उपस्थित हुए। अदालत ने उन्हें एफिडेविट के माध्यम से यह बताने का निर्देश दिया कि एम्स में बिजली, पानी और अग्निशामक वाहन की निर्बाध व्यवस्था के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए एक सप्ताह बाद की तिथि निर्धारित की है।

### तत्कालीन सीएम ने दर्ज कराया था केस, हाईकोर्ट से इडी अधिकारियों को राहत

**रांची।** तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से इडी के अधिकरियों पर एसटी-एससी थाना में दर्ज मामले के खिलाफ दाखिल ईडी की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने इडी के अधिकारियों को राहत देते हुए उनके खिलाफ किसी भी तरह की पीड़क कार्रवाई पर रोक का आदेश दिया है। दरअसल दिल्ली में हुई छापेमारी के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के एससी-एसटी थाने में ईडी के अधिकारियों कपिल राज, देवब्रत झा, अनुपम कुमार, अमन पटेल समेत अन्य के खिलाफ 31 जनवरी को एससी-एसटी एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी। ये सभी ईडी के जोनल कार्यालय रांची के अधिकारी हैं।

### टीपीसी कमांडर भीखन गंझू को मिली बेल

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में हार्डकोर नक्सली भीखन गंझू की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने उसे जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण कुमार राय की अदालत में भीखन गंझू की जमानत अर्जी पर सुनवाई हुई। यह मामला हत्या, आर्म्स एक्ट और 17 (सीएलए) क्रिमिनल लॉ एमेंडमेंट एक्ट से जुड़ा हुआ है। बता दें कि रांची पुलिस ने वर्ष 2022 में पंडरा इलाके से 10 लाख के इनामी नक्सली भीखन गंझू को गिरफ्तार किया था। जिसके बाद से वह न्यायिक हिरासत में है।

### प्रदेश कांग्रेस समन्वय समिति की बैठक आज से

**रांची।** लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों समन्वय समिति की बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया है। यह बैठक 5 मार्च से 9 मार्च के बीच विभिन लोकसभा क्षेत्रों में होगी। इस बैठक में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर उपस्थित रहेंगे। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि गुलाम अहमद मीर 5 मार्च को 10 :00 बजे रांची लोकसभा, 2 :30 बजे खूंटी लोकसभा स्तरीय बैठक में भाग लेने के बाद गुमला प्रस्थान करेंगे। छह मार्च को 10 :00 बजे से लोहरदगा लोकसभा एवं 3 :00 बजे लातेहार में चतरा लोकसभा स्तरीय बैठक में भाग लेंगे। वहीं 7 मार्च को 10 :00 बजे से हजारीबाग लोकसभा 3 :00 बजे से धनबाद लोकसभा स्तरीय बैठक में भाग लेंगे। 8 मार्च को 10 :00 बजे से गोड्डा लोकसभा स्तरीय बैठक में भाग लेंगे। 9 मार्च को 10 :00 बजे से पश्चिम एवं अपराह्न 2 :00 बजे से पूर्वी सिंहभूम लोकसभा स्तरीय बैठक में भाग लेंगे।

### एनआइए जांच में खुलासा : प्रमोद मिश्रा माओवादी विचारधारा प्रचार में था शामिल

**रांची।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की जांच में खुलासा हुआ है कि पोलित ब्यूरो सदस्य प्रमोद मिश्रा भाकपा माओवादी विचारधारा के प्रचार और प्रसार में शामिल था। इसके लिए वह अपने क्षेत्र में कैडरों को प्रेरित और भर्ती भी कर रहा था। इस काम के लिए प्रमोद मिश्रा धन भी जुटा रहा था और पुराने नक्सली कैडरों की बैठकें आयोजित कर रहा था। प्रमोद मिश्रा का सहयोगी सब जोनल कमिटी का सदस्य अनिल यादव ईंट भट्ठा मालिकों और ठेकेदारों से लेवी के माध्यम से धन जुटाने में सक्रिय रूप से शामिल था। वह सक्रिय रूप से संगठन की विचारधारा को बढ़ावा दे रहे थे और शांति और सार्वजनिक व्यवस्था को बाधित करने के इरादे से गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे। इस मामले में एनआईए ने प्रमोद मिश्रा समेत दो और नक्सलियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया है।

---

राज्य शहरी विकास प्राधिकार के निदेशक ने बैठक में दी जानकारी

# हर महीने प्रथम पांच हजार लीटर पानी मुफ्त, कनेक्शन भी नि:शुल्क

**राज्य के 12 निकायों के पांच लाख लोगों को मिलेगा स्वच्छ पानी**

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** राज्य के सभी शहरी परिवार को निःशुल्क वाटर कनेंक्शन दिया जा रहा है। साथ ही सभी शहरी आवासों में हर महीने प्रथम 5000 लीटर पानी का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। ऐसा नियमावली में प्रावधान किया गया है। राज्य शहरी विकास प्राधिकार के निदेशक अमित कुमार ने सोमवार को जुडको के सभागार में आयोजित बीडर कांफ्रेंस को संबोधित करते हुये यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य के 12 शहरी निकायों के लगभग एक लाख आवास यानी पांच लाख लोगों को पेयजलापूर्ति उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू हो रही है।

श्री कुमार ने कहा कि राज्य के सभी नगर निकायों में सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ नगर विकास विभाग कार्य कर रहा है। यही नहीं पेयजल की उपलब्धता के लिए जल संसाधनों को भी विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एशिया विकास बैंक, विश्व बैंक और केंद्र की अमृत योजना की सहायता से शहरी निकायों में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए निःशुल्क वाटर कनेक्शन दिया जा रहा है।

जुडको के परियोजना निदेशक ( तकनीकी ) गोपालजी ने कहा कि कांफ्रेंस में जो भी सवाल उठाये गये उनका समाधान किया जायेगा। एजेंसियां निविदा में शामिल होकर परियोजनाओं को ससमय धरातल पर उतारें। उप परियोजना निदेशक उत्कर्ष मिश्र और महाप्रबंधक पेयजलापूर्ति एसएस सेनगुप्ता ने संबंधित जानकारी साझा की। धनबाद सिवरेज 1885.18 करोड़ रुपये तथा रांची सिवरेज परियोजना 3210.43 करोड़ की है। परियोजना निदेशक ( प्रशासन ) अरविंद कुमार मिश्र ने आगत अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

**विश्व बैंक संपोषित योजना**
कपाली - 3852 आवास, लोहरदगा - 14300 आवास, गुमला - 12200 आवास

**अमृत योजना से सहायतित**
रेहला और विश्रामपुर - 10271 आवास , बड़की सरैया- 4913 आवास , महागामा- 8206 आवास, धनवार -5597 आवास, डोमचांच - 7161 आवास , जामताड़ा - 7860 आवास बंशीधरनगर - 8549 आवास , छत्तरपुर एवं हरिहरगंज- 15671 आवास और बड़हरवा - 7095 आवास।

---

# झारखंड में बंद पड़ी तांबे की खदानों में फिर होगा खनन

**जेएसएसडीसी ने खनन की योजना तैयार की**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जेएसएसडीसी ने राज्य में बंद पड़ी तांबे की खदानों में फिर से खनन शुरू करने की योजना तैयार की है। तांबे की खदानें सरायकेला-खरसांवा और पूर्वी सिंहभूम में हैं। इन खदानों में 288 मिलियन टन तांबा होने का अनुमान है। इसके अलावा जेएसएमडीसी मैग्नेटाइट, चूना पत्थर, संगमरमर और काले ग्रेनाइट का उत्पादन करने के लिए बहुआयामी सेमरा-सलातुआ खदान में भी खनन कार्य करेगा। तुपुदाना प्लांट का नवीनीकरण होगा। छोटे उद्यमियों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए लौह-अयस्क पट्टे भी वितरित किए जाएंगे। संयुक्त उद्यम के तहत सीमेंट कंपनियों को कच्चे माल के रूप में चूना पत्थर उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही जेएसएमडीसी बॉक्साइट का भी खनन करेगा।

**634 मिलियन टन लाइम स्टोन का भंडार :** प. सिंहभूम, रामगढ़, रांची, बोकारो और गढ़वा में 634 मिलियन टन लाइम स्टोन का भंडार मौजूद है। लोहरदगा, गुमला, लातेहार और दुमका में 146 मिलियन टन बॉक्साइट का भंडार है। सरायकेला-खरसांवा और पूर्वी सिंहभूम में 80 मिलियन टन पाइरोक्सनाइट है।

**ग्रेफाइट, कायनाइड और एस्बेस्टस भी :** प्रदेश में ग्रेफाइड, कायनाइड और एस्बेस्टस भी मौजूद है। गढ़वा, पलामू और लातेहार में 12.91 मिलियन टन ग्रेफाइट मौजूद है। सरायकेला, पूर्वी सिंहभूम और रांची में कायनाइट का भंडार है। इन जिलों में छह मिलियन टन कायनाइट मौजूद है।

**जेएसएमडीसी के पास हैं ये सात प्रोजेक्ट :** सिकनी कोल प्रोजेक्ट- लातेहार, बेंती बगदा लाइंम स्टोन प्रोजेक्ट- रांची, कायनाइ प्रोजेक्ट- पूर्वी सिंहभूम, सेमरा सलातुआ लाइम स्टोन प्रोजेक्ट- पलामू, विश्रामपुर ग्रेफाइट प्रोजेक्ट- पलामू, चंदुला स्टोन चिप्स- साहिबगंज, तुपुदाना ग्रेनाइट प्लांट- रांची

---

गिरिडीह को महत्वपूर्ण योजनाओं की दी सौगात, 587 करोड़ की 156 विकास योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास

# हर हाल में राज्य सरकार पूरा करेगी सामाजिक शैक्षणिक और आर्थिक उत्थान का लक्ष्य : सीएम

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने गिरिडीह में कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान की जरूरत को पूरा करते हुए बुनियादी व्यवस्थाओं को भी मजबूत बनाने का कार्य राज्य सरकार निरंतर कर रही है। वे सोमवार को गिरिडीह के नगर भवन में आयोजित विकास योजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार यहां के लोगों की सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक उत्थान के लिए कृत संकल्पित है। झारखंड देश का पहला ऐसा राज्य है, जहां सर्वजन पेंशन योजना लागू की गई है। हमारी सरकार ने राज्य में शैक्षणिक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ और अपग्रेड करने का काम किया है।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर गिरिडीह जिले को 156 योजनाओं की सौगात दी। इनमें 57 योजनाओं का उद्घाटन और 99 योजनाओं की आधारशिला रखी गई। जिसके तहत लगभग 587 करोड़ रुपए खर्च होंगे। जहां उद्घाटन योजनाओं की राशि 166.75 करोड़ है, वहीं शिलान्यास योजनाओं की राशि 420.16 करोड़ रुपए है।

**बुनियादी व्यवस्थाओं को कर रहे हैं मजबूत :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार राज्य की बुनियादी व्यवस्था को मजबूत करने पर लगी है। अबुआ आवास योजना जैसी महत्वपूर्ण योजना को धरातल पर उतरा गया है। अबुआ आवास योजना के तहत राज्य के 20 लाख पात्र परिवारों को पक्का मकान दिया जाएगा।

**पाइपलाइन से खेतों तक पानी पहुंचा रही सरकार :** श्री सोरेन ने कहा कि हाल ही में सिंदरी यूरिया कारखाना का उद्घाटन हुआ है। इस कारखाने से उत्पादित यूरिया का लाभ झारखंड के किसानों को तभी मिल सकेगा जब उनके खेतों पर पाइपलाइन के जरिए पानी पहुंचाई जाए। हमारी सरकार किसान भाइयों के खेतों पर साल के 12 महीने पाइपलाइन के जरिए सिंचाई के लिए पानी पहुंचाने का कार्य कर रही है। यहां के किसान साल में तीन फसल उगाकर आत्मनिर्भर बन सके इस निमित्त उन्हें हर सुविधा प्रदान की जाएगी।

**शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने पर जोर :** सीएम ने कहा कि राज्य में किसान के बच्चे, मजदूर के बच्चे, हर गरीब परिवार के बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर सके इस निमित्त छात्रवृत्ति राशि में तीन गुना तक वृद्धि की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक व्यवस्थाओं को निरंतर मजबूत करने का कार्य किया जा रहा है। आज हमारी सरकार राज्य के भीतर संचालित सरकारी विद्यालयों को उत्कृष्ट विद्यालयों के अनुरूप अपग्रेड करने का कार्य कर रही है।

**निजी औद्योगिक संस्थानों में स्थानी को मिलेगा 75 प्रतिशत नियुक्ति :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के भीतर स्थापित निजी औद्योगिक संस्थानों में 75 प्रतिशत नियुक्ति स्थानीय लोगों की हो इस निमित्त कानून बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में बेरोजगार युवकों को रोजगार मुहैया कराने के लिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना संचालित की गई है। हमारी सरकार 100 यूनिट की जगह 125 यूनिट बिजली राज्य की जनता को नि:शुल्क उपलब्ध करा रही है। कहा कि अब हर गरीब परिवार के घर पर बिजली का मीटर लगाया जाएगा।

---

### विश्रामपुर नप में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट परियोजना स्वीकृत

**रांची।** राज्य सरकार ने विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत विश्रामपुर नगर परिषद में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट परियोजना को स्वीकृति प्रदान कर दी है। नगर विकास विभाग ने इसके लिए 157 करोड़ 57 रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत इस परियोजना का काम पूरा कराया जायेगा। केंद्र सरकार के स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत योजना का डीपीआर तैयार कराया गया है। वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट, साइंटीफिक लैंडफिल का निर्माण कराया जायेगा। अगामी 20 साल तक डोर टू डोर कलेक्शन, परिवहन, वेस्ट प्रोसेसिंग सहित अन्य कार्य पीपीपी मोड पर होंगे। शहरों से कचरा उठाव करके उसके डंप कराने की भी व्यवस्था होगी। सॉलिड वेस्ट परियोजना का निर्माण कार्य 2025-26 तक पूर्ण कराने का लक्ष्य रखा गया है। इसके निर्माण कार्य प्रारंभ करने के लिए निविदा जारी की जायेगी।

---

# पैसा, संपत्ति और परिवार की स्वार्थ पूर्ति के लिए राजनीति करता है सोरेन परिवार: बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने फिर एक बार शिबू सोरेन परिवार पर हमला बोला। राज्य सभा चुनाव मामले में सीता सोरेन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट के संविधान पीठ के निर्णय पर सोमवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में गठित सात जजों के संविधान पीठ का फैसला स्वागत योग्य है। इस केस के शिकायत कर्त्ता में वे स्वयं शामिल रहे हैं और आज के फैसले से शिबू सोरेन परिवार की सच्चाई फिर एकबार उजागर हुई है। उन्होंने कहा कि झारखंड से जुड़ा यह मामला 2012 के राज्यसभा चुनाव से जुड़ा है, जिसमें झामुमो विधायक सीता सोरेन के ठिकानों से पैसे बरामद हुए थे। सीबीआई ने उनके ऊपर आपराधिक मामला दर्ज किया था। सीता सोरेन ने अपने बचाव में हाईकोर्ट में अपील की। हाई कोर्ट में रद्द होने के बाद मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा और ऐतिहासिक फैसला आया। श्री मरांडी ने कहा कि यह फैसला कई मिथक को तोड़ने वाला है। चाहे सदन हो या कहीं और, यदि मामला आपराधिक है तो आपराधिक ही माना जायेगा। उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन परिवार ने इस मामले में इतिहास रचा है। एमएलए, एमपी बनकर शिबू सोरेन परिवार ने पैसा लूटने का कोई अवसर नहीं छोड़ा है। शिबू सोरेन का राजनीतिक उद्देश्य है केवल पैसा कमाना और लूटना। इनकी राजनीति जनता के लिए नहीं, बल्कि परिवार के स्वार्थ की पूर्ति करना है। हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री रहते अपने नाम खदान आवंटित किया फिर उसे रद्द कर दिया। जमीन मामले में भी बातें जब उजागर हुई तो आनन फानन में सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करते हुए जमीन को मूल रैयत को वापस करने का प्रयास किया। सोरेन परिवार कई बार राज्यसभा चुनाव में पैसे की वसूली का रिकॉर्ड बना चुका है।

---

# कांग्रेस कोटे के सभी चारों मंत्री और प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे दिल्ली

**लोकसभा चुनाव को लेकर होगी चर्चा**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड में बीजेपी के उम्मीदवारों की घोषणा होने के बाद कांग्रेस में हलचल बढ़ गयी है। इसको देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष सहित चारों मंत्रियों को दिल्ली से बुलावा आने के बाद सोमवार को सभी दिल्ली पहुंच गये हैं।

**विधायकों की नाराजगी पर मंत्रियों से हो सकती है बात :** चंपाई सरकार के कैबिनेट के गठन को लेकर कांग्रेस कोटे के 12 विधायक नाराज दिखे थे। आठ विधायकों ने दिल्ली भी पहुंच कर आलाकमान से अपनी नाराजगी जतायी थी। जिसके बाद उन्हें किसी तरह से समझा-बुझा कर वापस भेज दिया गया था। आलाकमान नाराज विधायकों की शिकायत पर भी चारों मंत्रियों से यह जानने की कोशिश करेगा कि आखिर क्यों विधायक पार्टी के मंत्रियों की कार्यशैली से खुश नहीं हैं। वहीं दूसरी ओर कार्यकारी अध्यक्षों द्वारा प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की कार्यशैली पर की गयी शिकायत को लेकर भी चर्चा हो सकती है।

---

# कृषि मंत्री बादल ने किया दुधारू पशु मेला का उद्घाटन, कहा- पशुपालक मेला का उठाएं लाभ

खबर मन्त्र ब्यूरो



**दुमका।** कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने दुमका जिले के जरमुंडी प्रखंड मैदान में सोमवार को दुधारू पशु मेला का उद्घाटन किया। इस दौरान कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार आप लोगों के लिए 90 फीसदी और 75 फीसदी अनुदान पर दुधारू गाय दे रही है। इसका आप लोग लाभ उठाएं। मेले में लाभुक अपनी पसंद की गाय खरीद सकते हैं, लाभुकों पर कोई प्रेशर नहीं है।

**गाय खरीद पर सरकार दे रही 75 और 90 फीसदी की सब्सिडी :** वहीं दुधारू पशु मेला में मौजूद गव्य विकास पदाधिकारी राज नारायण ने बताया कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के अंतर्गत लाभुकों के बीच दो, पांच और 10 गाय का वितरण करना है। लाभुकों को गाय खरीद में 75 फीसदी और 90 फीसदी की सब्सिडी भी सरकार दे रही है।

**मेले में पहुंचे लाभुकों ने लगाए गंभीर आरोप :** वहीं मेला में पहुंचे लाभुकों में आक्रोश नजर आया। गाय खरीदने आये एक व्यक्ति ने कहा कि लाभुकों को सब्सिडी का पैसा उनके अकाउंट में मिलना चाहिए और मनपसंद गाय खरीदने की आजादी होनी चाहिए। वहीं गाय खरीदने आये सरैयाहाट के एक पशुपालक ने कहा कि इस मेले में नियमों का घोर उल्लंघन हो रहा है। व्यापारियों की मिली-भगत से किसानों के साथ धोखाधड़ी की जा रही है। कमीशन लेकर गाय दिया जा रहा है। वहीं सरैयाहाट से आए एक लाभुक ने बताया कि पशु मेला में बिचौलिया हावी हैं। इस मामले में कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि मामले का पता लगाकर इस पर कार्रवाई की जाएगी।

---

लोकसभा चुनाव 2024 में रोमांचक होगा चुनावी मुकाबला

# दुमका लोकसभा सीट से शिबू सोरेन ने 8 बार दर्ज की जीत



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** दुमका लोकसभा सीट को झामुमो का किला माना जाता रहा है। यहां से झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन ने 8 बार जीत हासिल की है। हालांकि 2019 के चुनावों में उन्हें यहां हार का सामना करना पड़ा था। इस सीट का इतिहास काफी दिलचस्प है।

मालूम हो कि दुमका झारखंड की उप राजधानी भी है। संयुक्त बिहार में भी दुमका काफी महत्वपूर्ण लोकसभा क्षेत्र रहा है। 1957 में पहली बार लोकसभा का चुनाव दुमका में हुआ था। 1957 में हुए चुनाव में दुमका से जनता पार्टी के सुरेश चंद्र चौधरी ने जीत दर्ज की थी। इन्हें 25.6 फीसदी वोट मिले थे। जबकि कांग्रेस को 16.6 फीसदी वोट प्राप्त हुए थे। वहीं 1962 में कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी। सत्य चंद्र बेसरा यहां से चुनाव जीते थे। कांग्रेस को 35.8 फीसदी जबकि झारखंड पार्टी को 35 फीसदी वोट मिले थे। जबकी 1967 के चुनाव में कांग्रेस ने फिर यहां चुनाव जीता। **वहीं** 1971 के चुनाव में भी यहां से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सत्य चरण बेसरा ने जीत दर्ज की। इस बार कांग्रेस पार्टी को 34.2 फीसदी वोट मिले जबकि कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया को 28 फीसदी और जनसंघ को 15.9 फीसदी वोट मिले थे। 1977 के चुनाव में दुमका से लोकदल के बटेश्वर हेम्ब्रम ने जीत दर्ज की थी। इन्हें कुल 48.8 फीसदी वोट मिले थे।

वहीं 1980 के लोकसभा चुनाव में यहां से दिशोम गुरू शिबू सोरेन ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़े और जीत हासिल की। यहां इन्हें कुल 36.8 फीसदी वोट मिले थे। जबकि कांग्रेस को 35 फीसदी वोट मिले।

### 1984 के चुनाव में शिबू सोरेन को मिली हार

1984 के लोकसभा चुनाव में एक बार फिर कांग्रेस ने सीट पर कब्जा किया। पृथ्वी चंद्र कुश को 52.4 फीसदी वोट मिले, जबकि झामुमो के शिबू सोरेन को 26.9 फीसदी वोट मिले। 1989 में हुए लोकसभा चुनाव में इस सीट पर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने कब्जा किया और शिबू सोरेन यहां से विजयी हुये। इस बार झारखंड मुक्ति मोर्चा को 59.4 फीसदी वोट मिले, जबकि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को 33.5 फीसदी वोट प्राप्त हुये। 1991 के चुनाव में झामुमो के शिबू सोरेन फिर से इस सीट से विजयी हुये। उन्हें 57.5 प्रतिशत वोट प्राप्त हुआ, जबकि, भाजपा के बाबूलाल को 27.8 प्रतिशत वोट मिले थे। वर्ष 1996 के चुनाव में भी झामुमो ने इस सीट पर कब्जा जमाया। वर्ष 1998 में भाजपा के बाबूलाल मरांडी इस सीट से जीते। भाजपा को 46.5 फीसदी वोट मिले थे। लगातार तीन बार सीट से विजयी रहे शिबू सोरेन को 1998 में बाबूलाल मरांडी से हार का सामना करना पड़ा था।

### 1999 में फिर जीते बाबूलाल मरांडी

1999 में हुए चुनाव में फिर से इस सीट से भाजपा के बाबूलाल मरांडी जीते। इन्हें 36.3 फीसदी वोट मिले, जबकि इस बार झारखंड मुक्ति मोर्चा की रूपी सोरेन चुनाव लड़ी थीं। उन्हें 35.5 फीसदी वोट मिले थे। झारखंड बंटवारे के बाद 2004 में हुए पहले लोकसभा चुनाव में एक बार फिर यह सीट झामुमो के खाते में चली गई। झामुमो से शिबू सोरेन यहां से विजयी हुये। वर्ष 2004 में झामुमो को दुमका सीट पर 54.3 फीसदी वोट मिले जबकि, भाजपा के उम्मीदवार सोनेलाल हेंब्रम को 35.5 फीसदी वोट मिले। वहीं 2009 के लोकसभा चुनाव में भी झामुमो इस सीट पर चुनाव जीता। शिबू सोरेन 35.5 फीसदी मत के साथ विजयी रहे। जबकि भाजपा के सुनील सोरेन को 30.5 फीसदी वोट मिले, इधर 2014 का चुनाव दुमका के लिए काफी अहम था। पूरे देश में नरेंद्र मोदी की लहर थी, लेकिन, इसके बाद भी 2014 में दुमका सीट से झामुमो के शिबू सोरेन ही विजयी हुये। बाबूलाल मरांडी पहली बार झारखंड विकास मोर्चा प्रजातांत्रिक के बैनर तले दुमका से लड़े और उन्हें 17.5 फीसदी पोर्ट प्राप्त हुये। 2019 के चुनाव में मोदी लहर का असर दुमका की सीट पर भी दिखा। इस बार भाजपा ने दुमका सीट पर जीत दर्ज की। भाजपा को कुल 47.3 फीसदी वोट प्राप्त हुये। भाजपा के सुनील सोरेन इस सीट से विजयी हुये, जबकि झारखंड मुक्ति मोर्चा के शिबू सोरेन को 42.6 फीसदी वोट मिले। 2024 के लिए एक बार फिर चुनावी सरगर्मी बढ़ रही है, तो ऐसे में देखना है इस बार दुमका चुनावी सेहरा किसके सिर बांधता है।

---

# जेजे बोर्ड व सीडब्ल्यूसी में 184 पद अभी भी रिक्त, हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड (जेजे बोर्ड), चाइल्ड वेलफेयर कमिटी (सीडब्ल्यूसी) और राज्य बाल संरक्षण आयोग में रिक्त पदों को लेकर दायर बचपन बचाओ आंदोलन की जनहित याचिका पर सुनवाई सोमवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में प्रार्थी की ओर से शपथ पत्र दायर कर बताया गया कि जेजे बोर्ड, सीडब्ल्यूसी में अभी तक 152 पद ही भरे जा सकते हैं, 184 पद अभी भी रिक्त है।

सुप्रीम कोर्ट के संपूर्ण बेहुरा केस में राज्य सरकारों को कुछ गाइडलाइन दिया गया है, जिसका इन्हें पालन करना है। संपूर्ण बेहुरा केस में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत जेजे बोर्ड की मॉनिटरिंग राज्य सरकार एवं हाई कोर्ट को करनी है। वही, सीडब्ल्यूसी और जेजे बोर्ड का सोशल ऑडिट भी किया जाना है। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में प्रार्थी द्वारा दिए गए शपथ पत्र की आलोक में राज्य सरकार को प्रतिउत्तर देने का निर्देश देते हुए मामले के अगली सुनवाई 21 मार्च निर्धारित की है। बचपन बचाओ आंदोलन की ओर से जगजीत सिंह छाबड़ा वर्चुअल कोर्ट में उपस्थित हुए, वहीं अधिवक्ता अमित कुमार तिवारी, निधि रानी एवं दीपमाला ने फिजिकली रूप से कोर्ट के समक्ष पक्ष रखा।

बता दें कि कोर्ट को पूर्व में राज्य सरकार की ओर से बताया गया था कि जेजे बोर्ड व सीडब्ल्यूसी के अधिकतर पदों पर नियुक्ति कर दी गयी है, लेकिन अब भी कई पद खाली हैं। वहीं राज्य बाल संरक्षण आयोग में अध्यक्ष व सदस्य का पद कई वर्ष से खाली हैं। पद खाली रहने के कारण आयोग सही तरीके से काम भी नहीं कर पा रहा है। प्रार्थी बचपन बचाओ आंदोलन की ओर से जनहित याचिका दाखिल की गयी है।

## बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने किया सरेंडर, मिली जमानत

**धनबाद ।** नाजायज मजमा बनाकर गाली गलौज मारपीट करने के एक मामले में सोमवार को बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने अदालत में सरेंडर किया। धनबाद एमपी एमएलए की विशेष न्यायिक दंडाधिकारी अनुष्का जैन की अदालत ने ढुल्लू महतो को जमानत पर मुक्त करने का आदेश दिया है। प्राथमिकी कुंती देवी के शिकायत पर बरोरा थाने में 23 फरवरी 22 को दर्ज की गई थी। अनुसंधान के बाद बरोरा थाने की पुलिस ने विधायक ढुल्लू महतोए प्रेम महतो एअजय गोरी एबसंत रायए भोला रायए सुभाष सिंहए दशमी देवीए सुरेश महतो एनेमोती देवी एसुरेश सावए गुड्डू महतोए धर्मेंद्र गुप्ता एकृष्ण रविदास एवं विकास सिंह के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था।

# हत्याकांड के विरोध में महिलाओं ने तोपचांची थाना का किया घेराव

**जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर लगाये नारे**



खबर मन्त्र संवाददाता

**तोपचांची।** लक्ष्मी हत्या कांड के विरोध में आज बड़ी संख्या में महिलाओं ने तोपचांची थाना का घेराव किया। विरोध प्रदर्शन में महिलाओं ने पुलिस प्रशासन हाय हाय व हत्यारे को फांसी दो की जमकर नारेबाजी की। मालूम हो कि तोपचांची थाना क्षेत्र के नेरो पंचायत के रंगाडीह गांव निवासी गुजर महतो की 2 वर्षीय पुत्री लक्ष्मी कुमारी अचानक लापता हो गई थीण लापता के 13 दिन बीत जाने के बाद राजगंज थाना क्षेत्र के बरडार जोरिया स्थित लक्ष्मी शव क्षत.विक्षत अवस्था में पाया गयाण पुलिस घटना के बाद दो व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही हैण सोमवार को थाना घेराव करने पहुंची महिलाओं ने कहा कि पुलिस अगर सही समय पर कफम उठाती तो लक्ष्मी की हत्या नहीं होतीण पुलिस को जल्द हत्यारे खोजने और फांसी की सजा देने की मांग कीण महिलाओं ने कहा कि लक्ष्मी की हत्या के बाद नेरो पंचायत के बच्चे काफी डरे एवं सहमे हुए हैंण बच्चे डर से स्कूल नहीं जा रहे हैं। घर में दुबक कर रहने को है मजबूरण तोपचांची थाना प्रभारी संजय कुमार ने उग्र महिलाओं को समझाते हुए कहा कि मामले से संबंधित टेक्निकल सेल की मदद ली जा रही हैण बहुत जल्द अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## नाबालिग से दुष्कर्म का दोषी करार

**धनबाद।** नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने के एक मामले में आज अदालत ने अपना फैसला सुनाया। धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने लोयाबाद निवासी प्रदीप बाऊरी को दोषी करार दिया है। अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 5 मार्च की तारीख निर्धारित की है। प्राथमिकी पीड़िता की मां की शिकायत पर लोयाबाद थाने में दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक 5 सितंबर 20 के शाम करीब 7.00 बजे पीड़िता; उम्र 4 वर्ष द्ध अपने घर के बाहर खेल रही थी उसी समय प्रदीप वहां आया पीड़िता को चॉकलेट खिलाने के बहाने बहला फुसला कर जंगल की ओर ले गया बच्ची को पीड़िता को ले जाते लोगों ने देखा था जब पीड़िता घर वापस नहीं आई तो पीड़िता की मां अगल–बगल के लोगों के साथ उसे खोजने जंगल की ओर गई तो देखी कि प्रदीप उसके साथ दुष्कर्म का कोशिश कर रहा था।

## झारखंड में लूट मची है : ढुल्लू महतो

**बाघमारा प्रखंड कार्यालय में भाजपा का धरना**



खबर मन्त्र संवाददाता

**बाघमारा।** बाघमारा प्रखंड कार्यालय में आयोजित भाजपा के एक दिवसीय धरना को संबोधित करते हुए विधायक ढुलू महतो ने कहा कि जबसे झारखंड प्रदेश में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में सरकार बनी है हर तरफ लूट मची है। आज चारों तरफ खनिज संपदा की लूट मची है, अधिकारी बेलगाम हैएअपराधी बेखौफ अपराध कर रहे हैं। सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं में घुसखोरी और भ्रष्टाचार चरम पर है पंचायत द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधि को अधिकारी नजर अंदाज कर रहे हैं और सरकार के एजेंट बनकर वसूली में मस्त हैं। भारतीय जनता पार्टी और उसके कार्यकर्ता इसे कभी बर्दाश्त नहीं कर सकते। विधायक महतो ने आमजनों का आह्वान किया कि आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष मतदान करें और झारखंड को लुटने से बचाएं। इस अवसर पर विधायक ढुलू महतो के बड़े भाई शत्रुघ्न महतो प्रखंड अध्यक्ष बच्चु राय के साथ भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जन समस्याओं को लेकर बसपा का 7 को धरना प्रदर्शन

**धनबाद।** बहुजन समाजवादी पार्टी ;बसपाद्ध जन समस्याओं को लेकर आगामी 7 मार्च को रणधीर वर्मा चौक के समक्ष धरना प्रदर्शन आयोजित करेगा। यह निर्णय सोमवार को लक्ष्मी कलवारी अंबेडकर चौक के पास पार्टी की हुई बैठक में किया गया। बैठक की अध्यक्षता विनोद पासवान ने की जबकि संचालन गणेश भारती ने की ।मौके पर पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष शुभम दास लोकसभा प्रभारी दो रामप्रवेश पासवान भी उपस्थित थे। बैठक में जन समस्याओं को लेकर विस्तार से न केवल चर्चा हुई बल्कि इसके समाधान के लिए रणनीति भी तैयार की गई ।बैठक में धनबाद लोकसभा क्षेत्र में विभिन्न जन समस्याओं को लेकर उदासीन जनप्रतिनिधियों की जोरदार आलोचना की गई तथा इसके लिए आंदोलनात्मक कदम उठाने का निर्णय लिया गया।

## कोल डंप में 7 मार्च से चक्का जाम आंदोलन

**सिजुआ।** सिजुआ क्षेत्र के बाढ़ मोदीडीह के तेतुलमुडी कोल डंप में युनाइटेट कोल वर्कस यूनियन;एटकद्ध ने 4 सूत्री मांग को लेकर 7 मार्च से अनिश्चितकालीन चक्का जाम करने की घोषणा की है। एटक के प्रकाश वर्माएराजाराम यादवएरीता देवी व अन्य ने परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार सिंह से वार्ता की जो विफल रही। नेताओ ने कहा कि मुडीडीह कोलियरी के तेतुलमुडी पैच कोल डंप में पे लोडर लोडिंग बंद कर मैनुवाल लोडिंग अविलंब चालू करनेएप्रभावित लोगों को डंप में रोजगार एपीने के पानी की समुचित व्यवस्थाएडंप से उड़ने वाले धूलकण से निजात दिलाने के लिये पानी छिड़काव की मांग महाप्रबंधक सिजुआ से की थीए 20 फरवरी को दिये आवेदन में कहा गया था कि 15 दिनों में मांगो का समाधान नही होने पर 7 मार्च से अनिश्चित कालीन चक्का ; आंदोलन द्ध जाम किया जायेगा। सिजुआ स्टेडियम में नेताओं ने बैठक कर आंदोलन की घोषणा की ।बैठक में प्रकाश वर्माएराजाराम यादवए सुरेश चौधरीए मोनू सिंहए बिन्दा चौहानए गणेश यादवए दीपक लालाएसूरज यादवए रीता देवीएअजीत रवानी, राहुल नोनिया, पप्पू यादव, रौशन गुप्ता, प्रिंस चौहान, आशा देवी, पार्वती देवी, सपना देवी, रुकवा देवी, सबिता देवी उपस्थित थी।

## विधायक ढुल्लू महतो व अन्य पर आरोप तय

**धनबाद ।** किरण महतो के हाईवा व टीपर लूट और डोमन महतो पर जानलेवा हमला करने का मुकदमा भाजपा विधायक ढुलू महतो समेत अन्य पर चलेगा ।सोमवार को धनबाद के एमपी एमएलए के विशेष न्यायाधीश अखिलेश कुमार की अदालत ने दोनों मामलों में आरोपियों के विरुद्ध आरोप का गठन किया ।अदालत द्वारा पूछे जाने पर सभी आरोपियों ने खुद को निर्दोष बताया और ट्रायल की मांग की। अदालत ने दोनों मामलों में अभियोजन को गवाह पेश करने का आदेश दिया है ।किरण महतो के शिकायत पर 15 फरवरी 2020 को केदार यादव रियाज अंसारी सोनू शर्मा राजू शर्मा एबॉबी खान एवं अमजद खान के विरुद्ध कई धाराओं में केस दर्ज की गई थी।

# सूदखोर से तंग आकर रेल कर्मी ने की आत्महत्या, धनबाद में था पोस्टेड

खबर मन्त्र ब्यूरो

**धनबाद।** सूदखोर से लगातार मिल रही धमकी से परेशान धनबाद रेल मंडल के एक रेलकर्मी ने रविवार की रात अपनी जीवन लीला समाप्त कर लीण बैंक मोड़ पुलिस की मदद से रेल कर्मी का शवए बेकारबांध स्थित एक रेल अधिकारी के बंगले के गैराज से बरामद हुआण पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच भेज दियाण सोमवार की सुबह पोस्टमार्टम कराकर पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दियाण चिकित्सकों ने मौत की पुष्टि दम घुटने से की हैण शव तेतुलतल्ला स्थित रेलवे क्वाटर में पहुंचने के बाद माहौल मातम में बदल गयाण पत्नीए बच्चों और मृतक की मां का बुरा हाल था। मृतक की पत्नी ने बताया की मेरे पति पवन कुमार रावत धनबाद में रेलवे के फोर्थ ग्रेड के कर्मी थेण एक आदमी से 2 लाख रुपया सूद पर ले रखा थाण पिछले कुछ दिनों से वो इन्हें ज्यादा परेशान कर रहा थाए जान से मारने की धमकी भी दे रहा थाण इसके डर से उन्होंने एक लाख रुपया उसे चुका दिया थाए बाकी के पैसे के लिए कुछ दिन की मोहलत मांगी थीए उसके बाद भी इन्हे लगातार धमकी मिल रही थी।

**सूदखोर के कारण डिप्रेशन में थे**



सूदखोर के कारण वे डिप्रेशन में चले गए थेण जिसका इलाज चल रहा थाण रविवार को घर से दोपहर 3 बजे ड्यूटी के लिए निकले थेए उस वक्त बिलकुल ठीक थेए उन्हे किसी तरह की कोई परेशानी नहीं थीण शाम को 4रू30 बजे बेटी से भी फोन पर बात किए, लेकिन शाम को 6 बजे मैंने उन्हें फोन किया तो फोन स्विच ऑफ बताने लगाण इसी दौरान उनका दोस्त मुन्ना आयाए पूछा पवन आज ड्यूटी नहीं गया है क्याए उसका फोन भी बंद आ रहा हैण उसके बाद हमलोग में उनकी खोज बिन शुरू कीए लेकिन कहीं पता नहीं चलाण तब बैंक मोड़ थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराईण पुलिस को रात 9 बजे एक अधिकारी के बंगले में फंदे से लटकता उनका शव मिला।

# जिला प्रशासन की अनुमति बगैर कोल डिस्पैच गलत : बिरजू

**जमसं समर्थक महिलाओं ने सेल प्रबंधन का फूंका पुतला**



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी ।** वरीय पुलिस अधीक्षक एच पी जनार्दन के आदेश की अवहेलना कर सेल प्रबंधन ने रविवार को टासरा ओपन प्रोजेक्ट से कोल डिस्पैच कार्य करने को लेकर जनता मजदूर संघ ;कुंती गुटद्ध समर्थकों ने झरिया सिंदरी मुख्य मार्ग पर बीआईटी सिंदरी के मुख्य द्वार के समीप सोमवार को सेल प्रबंधन का पुतला दहन किया। इसको लेकर ग्रामीण महिलाएँ उग्र थीं और उनका आरोप था कि सेल प्रबंधन प्रशासन को दरकिनार कर अपनी मनमानी कर रही है। हालांकि सेल टासरा महाप्रबंधक शिबराम बनर्जी के दूरभाष पर संपर्क करने पर संपर्क नहीं हो पाया। वहीं सेल के कई अधिकारियों ने या तो फोन बंद कर दिया या फिर पल्ला झाड़ते दिखाई दिए।

**ग्रामीणों की जानकारी में होगा कोल डिस्पैच**

जमसं कुंती गुट टासरा अध्यक्ष बिरजू सिंह ने प्रेसवार्ता कर बताया कि विगत 25 फरवरी को सिंदरी एसडीपीओ कार्यालय में धनबाद एसएसपी द्वारा एक दिन 25 वाहनों के कोल डिस्पैच के बाद ग्रामीणों के साथ वार्ता होने के बाद ही कोल डिस्पैच करने की जानकारी दी गई थी। सेल टासरा के कुछ अधिकारी टासरा प्रोजेक्ट में कार्य कर चुकी ब्लैकलिस्टेड कंपनी के समय कार्यरत कर्मचारियों के साथ मिलकर पुनः ग्रामीणों को ठगने का काम कर रही है। ग्रामीणों को डर सता रहा है कि पूर्व की कंपनी की तरह केटीएमपीएल को भी भगाकर ग्रामीणों का हक नहीं दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि उस समय भी सेल प्रबंधन के सहयोग के लिए गोवर्धन मंडलए दरोगी सिंहए जीतू सिंहए देवेन मंडलए मिहिर मंडलए अनिल सिंहए मदन सिंहए पूरण सिंहए दशरथ ठाकुर ने ग्रामीणों का प्रतिनिधित्व कर रैयतों को फंसाने का काम किया था।

# बलियापुर में भाजपा का धरना



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी/बलियापुर।** राज्य सरकार को ठंगबंधन की सरकार बताते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने आज बलियापुर प्रखंड कार्यालय के बाहर धरना दिया। अध्यक्षता कर रहे भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष घनश्याम ने बताया कि राज्य में गठबंधन नहीं ठगबंधन की सरकार है और इस भ्रष्ट सरकार को उखाड़ के फेंकने की जरूरत है। सरकार बनने के बाद से ही झामुमो का क्षेत्र में कोयला चोरीए बालू चोरीए पत्थर चोरी और अफसरों की अफसरशाही तथा ट्रांसफर पोस्टिंग में घोटाले चरम सीमा पर है। झारखंड के महामहिम राज्यपाल के नाम पत्रक बलियापुर प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंप कर इस गठबंधन की सरकार उखाड़ फेंकने का काम करेंगे। सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो की धर्मपत्नी तारा देवी ने सरकार को घेरते हुए कहा कि जनता समझ गई है कि यह सरकार सिर्फ अपना जेब भरने का काम रही है। इस बार विधानसभा चुनाव में इस भ्रष्टाचारी सरकार को भाजपा उखाड़ फेंकने ने का काम करेगी। मौके पर कई भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे। हालांकि बाघमारा पंचायत के भाजपा समर्थकों द्वारा भाजपा के सांसद सहित अन्य पदाधिकारियों का पुतला दहन को लेकर पूछे जाने पर ग्रामीण जिलाध्यक्ष ने पत्रकारों को कहा कि सिर्फ धरना से संबंधित प्रश्न पूछे जाएं।

## नाबालिग से देह व्यापार के आरोपी पति-पत्नी को बीस वर्ष की कैद

**धनबाद।** धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह ने नाबालिक को बहला फुसला कर अगवा कर उससे जबरन देह व्यापार कराने के एक मामले में आज नामजद आरोपी जोगता निवासी मोहम्मद रिजवान उर्फ बबलू अंसारी एवं उसकी पत्नी चांदनी खातून को बीस वर्ष कैद एवं बीस हजार रुपए जुमार्ना से दंडित किया है। एक मार्च को अदालत ने उसे दोषी करार दिया था। अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 4 मार्च की तारीख निर्धारित की थी। प्राथमिकी पीड़िता के शिकायत पर 28 मई 23 को जोगता थाने मे दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक 24 मई 23 को आरोपी उसके दुकान पर आए और पीड़िता को कहा की दुल्हन सजावट के काम में चलना है यह कहकर दोनों उसे ट्रेन से रांची लेकर गए पीड़िता ने आरोप लगाया है कि रांची रेलवे स्टेशन के समीप दोनों पति.पत्नी ने पीड़िता पर देह व्यापार का दबाव बनाया ए उससे होटल मे पांच दिनों तक देह व्यापार कराया। उसके साथ मारपीट कियाए मोबाइल छीन लिया। पीड़िता ने किसी तरह अपने घर वालों को घटना की सूचना दी ।इसके बाद घरवाले आए और पीड़िता को रांची से वापस लेकर आए। अनुसंधान के बाद पुलिस ने 21 सितंबर 23 को दोनों के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था । 6 अक्टूबर 23 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी। सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से कुल आठ गवाहों का परीक्षण कराया गया था।

**एक नजर में**

## दाता चिल्ला शाह बाबा के मजार पर विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने चढ़ाई चादर



**तोपचांची।** सोमवार को तोपचांची प्रखंड के अन्तर्गत लेदाटांड मे दाता चिल्ला शाह बाबा के मजार में टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने चादर चढ़ा कर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जल्द रिहाई होने की मन्नत मांगी। इसके साथ ही विधायक महतो ने अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगों की सुखद समृद्ध की दुआ मांगी। इस अवसर पर मोहम्मद जलाल अंसारी पूर्व मुखिया जुल्फेकार महबूब आलम मनान शाहए गुलाम सरवर मनीर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## कोयला चोरों ने ईसीएल सिक्योरिटी गार्ड पर हमला कर किया घायल, बंगाल रेफर

**मैथन।** ईसीएल मुगमा क्षेत्र के राजपुरा कोलियरी खदान में सोमवार की दोपहर करीब दो बजे ड्यूटी के दौरान कोयला चोरों के दल ने सिक्योरिटी गार्ड सुनील सिंह पर जानलेवा हमला किया। जिससे गार्ड श्री सिंह घायल हो गये। सिंह के सर व पैर में चोट लगी है। सूचना पर ईसीएल कर्मी मौके पर पहुंचे। उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें ईसीएल सांकतोड़िया अस्पताल ;पश्चिम बंगालद्ध रेफर कर दिया गया। गुस्साये कर्मियों ने कोलियरी का कामकाज ठप कर दिया। घायल गार्ड श्री सिंह ने कहा कि 10–12 की संख्या में चोरों का दल हमला कर दिया था।

## हेमंत सोरेन को झूठे केस में फंसाने के विरोध में झामुमो की न्याय यात्रा

**सिंदरी ।** निवर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को केंद्र सरकार द्वारा झूठे केस में फंसाने का आरोप लगाते हुए झामुमो महानगर उपाध्यक्ष रामू मंडल के नेतृत्व में सिंदरी के मनोहरटाँड़ में सोमवार को न्याय यात्रा निकाली गई। इस दौरान झामुमो कार्यकताओं ने जेल का ताला टूटेगाए हेमंत सोरेन छूटेगा व कितना भी होगा षडयंत्र नहीं झुकेगा झारखंड और जब जब मोदी करता हैए इडी इडी करता है का नारा लगाया। महानगर उपाध्यक्ष श्री मंडल ने बताया कि हेमंत सोरेन को इडी के माध्यम से जेल भेजने से ग्रामीणों में आक्रोश है। उन्हें आदिवासी होने का दंश झेलना पड़ा है। भाजपा के इस षडयंत्र के खिलाफ झारखंड की जनता माकूल जवाब देगी। इस दौरान ग्रामीणों के बीच पर्चा वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि न्याय यात्रा में आयोजित नुक्कड़ नाटकों में राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और हेमंत सोरेन के साथ भाजपा की साजिशों को जनता के साथ साझा किया गया। न्याय यात्रा में झामुमो नेता अशोक महतो परशुराम सिंह दिवास बेहरा नाजू सिंह रोहित मंडल विकास मंडल शुभंकर मंडल सुमन सिंह राजेंद्र हेम्ब्रम शिवलाल मुर्मु सुशील मुर्मु धर्मेंद्र सिंह गुड्डू सिंह गोलकी सिंह आदि शामिल थे।

# पहला कदम में मना विश्व श्रवण दिवस



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चो की विशेष स्कूल पहला कदम में सोमवार को विश्व श्रवण दिवस मनाया गया। विश्व श्रवण दिवस सम्पूर्ण विश्व मे 3 मार्च को मनाया जाता है । 2024 कि थीम है बदलती मानसिकता. आइए कान और सुनने की देखभाल को सभी के लिए वास्तविकता बनाये। इस थीम का मुख्य उद्देश्य हमे सुनने के समर्थन और देखभाल के प्रति अपनी मानसिकता को बदलने के लिए प्रेरित करना है। सुनने की क्षमता में कमी या बहरापन ऐसी स्थिति है जिसमे व्यक्ति अपनी सुनने की क्षमता को खो देता है। अधिकांश लोग सुनने की समस्या को गम्भीरता से नही लेते है और इसे अनदेखा कर देते है इस कारण यह समस्या सही समय पर सही इलाज न होने से गम्भीर रूप धारण कर लेती है। पहला कदम स्कूल में भी विश्व श्रवण दिवस पर सुनने की समस्याओं को समझाने और इसके समाधान के लिए स्पेशलिस्ट द्वारा विस्तार से चर्चा की गई और बताया गया कि सुनने की समस्या के समाधान और सहायता के लिए जरूरी है कि हम अपनी मानसिकता बदले और इसे प्राथमिकता बनाये और और इनसे पीड़ित को हीन भावना में ग्रस्त न होने दे और सामान्य जन की तरह ट्रीट करे।

## नियोजन सहित अन्य मांगों को लेकर सेल को सौंपा मांग पत्र



**सिंदरी।** सेल टासरा प्रोजेक्ट के रैयतों की एकमुश्त भूमि अधिग्रहणए पुनर्वास और रोजगार का रोडमैप सार्वजनिक करने को लेकर टासरा रोहड़ाबाँध ग्रामीण संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधियों ने सेल महाप्रबंधक को अगले तीन दिनों में मोर्चा से वार्ता करने के लिए सोमवार को पुनः माँगपत्र सौंपा। मोर्चा प्रतिनिधियों ने सेल प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि सकारात्मक पहल नहीं होने पर 9 मार्च को एकदिवसीय आंदोलन होगा। मोर्चा का नेतृत्व कर रहे सचिव संतोष सिंह व रोहित मंडल ने बताया कि टासरा प्रोजेक्ट के रैयतों की एकमुश्त भूमि अधिग्रहणए पुनर्वास और रोजगार का रोडमैप तैयार कर सार्वजनिक 3 दिन में करने की माँग को लेकर विगत 28 फरवरी को सेल प्रबंधन को माँगपत्र सौंपा गया था। प्रबंधन की ओर से सकारात्मक पहल नहीं होने पर पुनः माँगपत्र सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि मोर्चा उत्पादन का पक्षधर है। परंतु रैयत ग्रामीणों की समस्या को बैठक कर समाधान किया जाना चाहिए। मौके पर मोर्चा अध्यक्ष अशोक सिंहए सचिव संतोष सिंहए रोहित मंडलए अभिषेक सिंहए मनोज सिंहए सूरज सिंहए छोटू सिंहए छोटू शर्माए दीपकए शिवाए तबरेज अलीए फरीद खानए सागर बाउरीए गोविंदए मिठू सिंहए अनिल सिंहए डाबला मलिकए मुकेश सिंहए लक्ष्मण सिंह शामिल थे।

# सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखकर करें काम : सीईओ

**मैथन पावर लिमिटेड के कर्मियों को दिलाई गई सुरक्षा की शपथ**



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर सोमवार को मैथन पावर लिमिटेड एमपीएल में सुरक्षा सप्ताह का आगाज हुआण कार्यक्रम का उद्घाटन सीएमओ सर्विसेज डीके गंगवाल ने झंडोत्तोलन कर कियाण इसके बाद अधिकारियों व कर्मियों को सुरक्षा की शपथ दिलाई गईण एमपीएल के सीईओ विजयंत रंजन ने सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि जीवन अनमोल हैण कार्य स्थल पर सुरक्षा नियमों का पूरी तरह पाल करेंण जीवन के हर क्षेत्र में सुरक्षा पहली प्राथमिकता होनी चाहिएण उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों से खुद सुरक्षित रहते हुए दूसरों को भी सुरक्षा के प्रति जागरुक करने की अपील कीण सीएमओ सर्विसेज डीके गंगवालए शुभ्रा सुंदर चटर्जीए पीके बंधु एवं पीबी राउत ने सुरक्षा सप्ताह के उद्देश्यों पर प्रकाश डालाण श्यामाकांत पाण्डेय व महेश मंडल ने पर्यावरण सुरक्षा पर आधारित गीत प्रस्तुत कियाण कर्मियों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए सुरक्षा का महत्व समझायाण उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए कर्मियों को पुरस्कृत किया गयाण मौके पर सुरक्षा विभाग के हेड उमेश गौतमए सुप्रतीक मुखर्जीए संजीव सिन्हाए सुदीप दासए श्रीनिवासा तिलारीए उमाकांत रावए अजय कुमारए ओपी आर्याए अभिजीत पाण्डेयए मुन्ना कुमार सिंहए मिथिलेश सिंह आदि उपस्थित थे।

## जमीन विवाद में कांग्रेस विधायक पिता-पुत्र की एमपी-एमएलए विशेष अदालत में हुई पेशी, बयान दर्ज

# दुमका, गोड्डा एवं राजमहल पर महागठबंधन के जीत तय : डॉ इरफान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कोर्ट में पेशी कर निकलते फुरकान अंसारी व अन्य

**दुमका।** जमीन विवाद से संबंधित एक केस के सिलसिले में जामताड़ा से कांग्रेस विधायक डॉ इरफान अंसारी और उनके पिता गोड्डा के पूर्व सांसद फुरकान अंसारी एमपी एमएलए की विशेष अदालत में पेश हुए। जहां एमपी-एमएलए के विशेष अदालत एसडीजेएम जितेंद्र राम के न्यायालय में पिता-पुत्र का बयान दर्ज हुआ। मामला मधुपुर की एक जमीन विवाद से जुड़ा है। जिसमे वर्तमान में बीएसएनएल का टावर लगा है। जिस पर फुरकान अंसारी का कब्जा है। विपक्षी पार्टी द्वारा जमीन पर अवैध कब्जा का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी गई थी। मामले में अधिवक्ता राजा खान ने बताया कि जमीन विवाद के मामले में पिता-पुत्र की पेशी हुई। आज न्यायालय के समक्ष बयान दर्ज हुआ। अगली तिथि को बहस के बाद न्यायालय का फैसला होगा। विपक्षी द्वारा जमीन से संबंधित किसी प्रकार का कागजात न्यायालय में अब तक पेश नहीं किया गया है। पेशी के बाद कोर्ट परिसर से बाहर निकलकर मीडिया से बात करते हुए डॉक्टर इरफान अंसारी ने प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक हालात और लोकसभा चुनाव के मुद्दे पर बोलते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन के राजनीति में आने पर उन्होंने खुशी है। यह निर्णय झारखंड के हित में है। उन्होंने कहा कि कल्पना सोरेन के राजनीति में आने से निश्चित तौर पर भाजपा में बौखलाहट हो गई होगी। संथाल परगना सोरेन परिवार का गढ़ रहा है। बड़े भाई हेमंत सोरेन को भाजपा ने गलत तरीके से टॉर्चर किया। अब अगर भाभी राजनीति में आ रही है तो इससे बड़ी बात और क्या हो सकती है। निश्चित रूप से इस खबर से भाजपा में मायूसी छा गई होगी। उन्होंने संथाल परगना के तीनों सीट पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी की जीत का दावा किया। डॉ इरफान ने कहा कि दुमका झामुमो का सीट रहा है और यहां के लिए कल्पना सोरेन से बेहतर कोई कैंडिडेट नहीं हो सकता। उनको आगे आकर दुमका सीट से चुनाव लड़ना चाहिए। जामताड़ा विधानसभा की भूमिका काफी अहम होगी और जामताड़ा के विधायक होने के नाते वहां से झामुमो को लीड दिलाना हमारा दायित्व है।

### निशिकांत को जनता भगाकर रहेगी


गोड्डा लोकसभा में भाजपा द्वारा एक बार फिर निशिकांत दुबे को प्रत्याशी बनाए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए विधायक डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि इस बार जातपात का मुद्दा नहीं है। मुद्दा बाहरी और भीतरी का है। उन्होंने जनता से आग्रह किया कि एकजुट होकर जात-पात से ऊपर उठकर पार्टी आला कमान जिसे भी टिकट दे, उसकी जीत सुनिश्चित कर बाहरी लोगों को बाहर भेजना है। उन्होंने कहा कि यह झारखंड का दुर्भाग्य है कि 12 सांसदों में से 8 सांसद बाहरी है। उन्होंने सवाल किया कि क्या बिहार और राजस्थान जैसे राज्य में हमारे आदिवासी भाई चुनाव जीत सकते हैं? क्या वहां के लोग इन्हें वोट देंगे? विधायक ने कहा कि यहां के लोग काफी भोले वाले होते हैं। जो जज्बात में आकर निर्णय लेते हैं। नतीजा 5 वर्षों तक भुगतना पड़ता है। उन्होंने सवाल किया कि 15 वर्षों में आखिर निशिकांत दुबे ने ऐसा कौन सा विकास कर दिया जिसका ढिंढोरा वे पीट रहे हैं।

**स्पेनिश दंपति से दुर्व्यवहार पर जताया दुःख**

दुमका में स्पेनिश दंपति के साथ हुए दुर्व्यवहार पर दुख जताते हुए डॉ इरफान हुए कहा कि जो लोग इस तरह की हरकत करते हैं। उन्हें समझना चाहिए कि मेहमान मेहमान होते हैं। जो भी गलत करेगा, हमारी सरकार में बक्सा नहीं जाएगा। विधायक ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि सरकार पीड़ित परिवार के साथ है।

## एक नजर में

### पर्यावरण हितैषी मुकुल ने डीएफओ से सतनपुर पहाड़ी को अवैध कब्जा से मुक्त कराने की अपील की



**बोकारो।** स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा मुकुल ने सतनपुर पहाड़ी के पास की वन भूमि को भू माफियाओं से बचाने हेतु सख्त एवं ठोस कदम उठाने के निमित्त वन प्रमंडल पदाधिकारी बोकारो रजनीश कुमार से उनके कार्यालय में मिलकर गुहार लगाया । वार्ता के क्रम में मुकुल ने कहा कि भू माफियाओं और दबंगों के गठजोड़ ने न सिर्फ इस पहाड़ी के आसपास की वन भूमि को कब्जा कर लिया है बल्कि इसे प्लॉटिंग करके बेच भी रहे हैं। साथ ही इस पहाड़ी को भी ये कई जगहों पर भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं । जमीन का गलत कागज बनाकर तथा चास अंचल कार्यालय की मिलीभगत से यह कब्जा किया गया है तथा प्रशासन भी मूकदर्शक बना हुआ है। इस अतिक्रमण से इस क्षेत्र में न केवल पर्यावरण असंतुलन का खतरा पैदा हो गया है बल्कि पर्यटक स्थल के रूप में विकसित हो रहे इस पहाड़ी क्षेत्र पर बुरा असर पड़ा है। मुकुल ने बोकारो वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार से आग्रह किया कि सतनपुर की इस पहाड़ी एवं यहां की वनभूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने के लिए पूरे मामले की जांच सीबीआई या ईडी से कराने हेतु पहल करें ।

### डीवीसी चंद्रपुरा में एक दिवसीय राजभाषा कार्यशाला हुई संपन्न



**बोकारो/चंद्रपुरा।** डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र प्रबंधन व राजभाषा कार्यान्वयन उप समिति द्वारा यहां के तेजस भवन के सम्मेलन कक्ष में आयोजित अधिकारियों और कर्मचारियों का एकदिवसीय राजभाषा कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यशाला का उद्घाटन वरिष्ठ जीएम और परियोजना प्रधान मनोज कुमार ठाकुर वरिष्ठ जीएम रामप्रवेश साह जीएम पीके मिश्रा व अभिजीत घोष डीजीएम दिलीप कुमार आदि पदाधिकारियों ने किया। मौके पर वरिष्ठ जीएम श्री साह ने कहा कि हमारे देश में हिंदी को राजभाषा का दर्जा तो मिला है किंतु हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा अविलंब मिलना चाहिए। जीएम श्री मिश्रा ने कहा कि हिंदी भाषा का प्रयोग कर हम सभी गौरवान्वित महसूस करते हैं। समारोह को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। समारोह का संचालन हिंदी अधिकारी रवि सिंहा ने किया । समारोह में संजीव कुमार परविंद कुमार ललन प्रसाद गुप्ता देवासीस राय हरि मकुंद प्रजापति शैलेंद्र कुमार रंजीत कुमार चौबे मुकेश कुमार मानवेंद्र प्रियदर्शी अभिनव कुमार संजीव कुमार जयदेव कुमार डॉ एके श्रीवास्तव डॉ परमवीर कुमार कृष्ण वासके रवि रंजन राजकुमार चौधरी राजीव कुमार जितेंद्र कुमार मनोज कुमार आमिर हाशमी अजय कुमार राजेश कुमार अहतेसामुल हक प्रतिमा खालको रविंद्र कुमार आदि शामिल थे।कार्यशाला में शामिल सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## स्पीड न्यूज

### इंस्पेक्टर ने की बैठक दिए कई निर्देश

**लिट्टीपाड़ा ( पाकुड़ )।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी पुलिस पदाधिकारीयो का एक बैठक सोमवार को लिट्टीपाड़ा सर्किल इंस्पेक्टर कार्यालय में सर्किल इंस्पेक्टर अनुप रौशन भेंगरा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।बैठक में कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 को कैसे भयमुक्त और साफ सुथरा माहौल में काराया जाय, इसको लेकर सबसे बड़ी जिम्मेदारी पुलिस की होती है। चुनाव के दौरान असमाजिक और शरारतीतत्त्व पर विशेष निगरानी रखने की जरुरत है। इसको लेकर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही कहा मतदान के पूर्व और मतदान के दिन पोलिंग पार्टी को पुरी सुरक्षा व्यवस्था के साथ कलस्टर और बुथ तक ले जाना पुलिस के लिए चुनौती रहती है।इसलिए सभी अधिकारी अपने अपने क्षेत्र के बुथ के रुट चार्ट बनाने, बुथो को चिन्हित करने एवं बूथ स्थल में मोबाइल नेटवर्क, पेयजल, बिजली, सड़क, आदि की जांच को लेकर दिशा निर्देश दिया गया. मौके पर लिट्टीपाड़ा थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह ,हिरणपुर थाना प्रभारी नवीन कुमार, सिमलोंग ओपी प्रभारी सर्वदेव राय , संजय ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।

### वॉलीबॉल टूनार्मेंट का का हुआ आयोजन

पाकुड़ । स्वर्गीय थॉमस हांसदा मेमोरियल एकदिवसीय डे नाइट बॉलीवुड टूनार्मेंट आदर्श यूथ क्लब के अध्यक्ष कुमारपुर के उप मुखिया सलीम शेख द्वारा आयोजित किया गया। उक्त प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि राजमहल लोक सभा के सांसद विजय हांसदा को अध्यक्ष सलीम शेख ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया । सांसद विजय हसदा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर सांसद ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल को खेल की भावना की तरह खेलना चाहिए। खेल में हार जीत तो लगी रहती है। खेल को बढ़ावा देने के लिए खेल दिवस भी मनाया जा रहा है। झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाले सरकार ने हर एक जिला में खेल पदाधिकारी नियुक्त किया गया ताकि खेल से भी लोग अपना भविष्य बना सकते हैं।

### संरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन

बेरमो/ बोकारो थर्मल ताप विद्युत केंद्र,संयंत्र-ए के तकनीकी भवन में आनन्द मोहन प्रसाद, वरिष्ठ महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रधान, सूर्य नारायण प्रसाद, वरिष्ठ महाप्रबंधक (एफजीडी), शैलेश गुप्ता, उप महाप्रबंधक (विद्युत), शशी शेखर, वरिष्ठ प्रबंधक (यांत्रिकी), राजेश सिन्हा प्रबंधक (संरक्षा), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, अनिल कुमार, इंस्पेक्टर (अग्नि), प्रशांत प्रसून, इंस्पेक्टर, धर्मेन्द्र कुमार, सूरज तिवारी, विवेक कुमार, रवि कुमार सिन्हा, अन्य अधिकारियों तथा कर्मचारियों व श्रमिक बंधु की उपस्थिति में संरक्षा सप्ताह उदघाटन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया । जिसमे वरिष्ठ महाप्रबंधक व परियोजना प्रधान तथा वरिष्ठ महाप्रबंधक महोदय ने शपथ दिलाया ।

# ट्रक ने चार को रोंदा, तीन की मौके पर मौत

## आक्रोशित ग्रामीणों ने चार घंटे तक रखा स्टेट व नेशनल हाईवे को जाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जाम करते ग्रामीण एवं लोगो को समझाती पुलिस

**हंसडीहा।** दुमका भागलपुर मुख्य मार्ग पर हँसडीहा के कसवा मोड़ के समीप सोमवार की सुबह तेजरफ़्तार ट्रक ने सड़क किनारे खड़े चार लोगों को रोंद डाला। इस हादसे में तीन लोगों ने मौके पर दम तोड़ दिया जबकि एक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। मृतक की पहचान मुजाहिद अंसारी, गुलाम अंसारी उर्फ गुल्ली ग्राम हँसडीहा और प्रभु मंडल ग्राम हाड़ोंखा थाना सरैयाहाट के रूप में हुई है। जबकि घायल तालझारी थानाक्षेत्र के मरीकडीह गाँव का रमेश मंडल बताया जा रहा है। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने हँसडीहा से होकर गुजरने वाली नेशनल और स्टेट हाईवे को करीब चार घंटे तक जाम रखा। घटना के विषय में मिली जानकारी के अनुसार हँसडीहा के कसवा मोड़ के समीप रोजाना की तरह मुजाहिद और गुलाम मोटर गैरेज में एक ट्रक आई तकनिकी खराबी को देख रहें थे। घटना के कुछ देर पहले प्रभु मंडल और रमेश मंडल भी अपनी मोटरसाइकिल से उक्त स्थान पर चाय पीने के लिए रुका था। इसी दौरान भागलपुर की तरफ से आ रहें एक तेजरफ़्तार ट्रक चारों को रोंदते हुए चालीस फिट दूर खेत में जा घुसा। ट्रक की रफ़्तार इतनी थी की उसकी चपेट में आने से एक झोपड़ी और दो बाईक सहित सड़क किनारे खड़ी ट्रक भी क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की जानकरी मिलते ही हँसडीहा थाना प्रभारी संजय कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरैयाहाट पहुँचाया। जहाँ चिकित्स्कों ने तीन लोगों मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल को बेहतर ईलाज के लिए देवघर रेफर कर दिया। वहीं घटना से आक्रोषित ग्रामीणों ने करीब चार घंटे तक नेशनल और स्टेट हाईवे को जाम रखा।

मौके पर पहुंचे जरमुंडी एसडीपीओ संतोष कुमार, सीओ राहुल कुमार शानू ने आक्रोषित लोगों को समझा बुझा कर हर संभव मदद का भरोसा दिलाते हुए जाम हटवाया। हँसडीहा पुलिस ने वाहनों को जब्त करते हुए तीनों शव का पोस्टमार्टम करवाकर परीजनों को सौंप दिया। घटना की जानकारी मिलने पर बीडीओ महेश्वरी यादव भी हँसडीहा पहुंचे।

## पुलिस निरीक्षक इंडिया नेशनल अवार्ड से किये गये सम्मानित



**गोड्डा।** पुलिस पब्लिक रिपोर्टर द्वारा 12वां इंडिया नेशनल अवार्ड का आयोजन रांची के होटल रेडिसन ब्लू में किया गया। जिस्ममें गोडडा जिला के पुलिस निरीक्षक मधुसूदन मोदक को इंडिया नेशनल अवार्ड सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान मोदक को पुलिस सेवा के साथ साथ सामाजिक सेवा के क्षेत्र में अपनी सेवा के प्रति उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य हेतु प्रदान किया गया। ज्ञात हो कि पुलिस निरीक्षक मधुसूदन मोदक अपनी कुशल नेतृत्व, मिलनसार स्वभाव, सद्भावपूर्ण व्यवहार एवं अपनी बेहतरीन कार्यशैली के कारण अलग अलग जिलों में कार्य करते हुए कई वरीय पदाधिकारियों से अनेकों बार सम्मानित किये जा चुके है तथा वर्ष 2017 में चतरा जिला के प्रतापपुर थाना में थाना प्रभारी रहते हुए पूर्व में भी पुलिस पब्लिक रिपोर्टर के द्वारा राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित हो चुके है। पुलिस पब्लिक रिपोर्टर द्वारा आयोजित 12वा इंडिया नेशनल अवार्ड में झारखंड बिहार छत्तीसगढ़ यूपी सहित झारखंड के विभिन्न जिलों से अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले महानुभाव को सम्मान पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में रांची विधायक सीपी सिंह, डीआईजी (कार्मिक) नौशाद आलम, पद्मश्री मधु मंसूरी, पूर्व डीआईजी सुबोध प्रसाद, रांची के पूर्व उप महापौर अजय नाथ शाहदेव , आजसू नेता जितेंद्र सिंह मौजूद रहे।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा का धरना-प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पाकुड़ ।** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के आह्वान पर जेएसएससी परीक्षा पत्र लीक, बिजली बिल में बढ़ोतरी एवं झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में पाकुड़ प्रखंड कार्यालय के समीप एक दिवसीय धरना दिया गया। धरना के माध्यम से प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से झारखंड के महामहिम राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया ।धरना का नेतृत्व भाजपा नगर अध्यक्ष पंकज कुमार साह, मंडल अध्यक्ष मनोरंजन सरकार, मंडल अध्यक्ष अरुण चौधरी , मंडल अध्यक्ष सदानंद रजवार के नेतृत्व एवं भाजपा जिला अध्यक्ष अमृत पांडे के उपस्थिति में एक दिवस की धरना दिया गया।धरना में मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय जनता पार्टी के नेता अनुग्रहित प्रसाद साह , धरना कार्यक्रम प्रभारी हिसाबी राय रूप में उपस्थित थे।धरना को संबोधित करते हुए अनुग्रहित प्रसाद साह से कहा कि जेएसएससी परीक्षा प्रश्न पत्र लीक मामला यह स्पष्ट दशार्ता है । कि वर्तमान झारखंड जेएमएम एवं कांग्रेस की गठबंधन सरकार यहां के छात्र युवाओं के सुरक्षित भविष्य एवं जीवन के प्रति संवेदनशील एवं गैर जिम्मेदार होने के साथ झारखंड के वर्तमान एवं भविष्य को गहरे अंधकार में धकेल देने पर तुली है । जिसके विरुद्ध हम सभी ठोस कार्रवाई करने की मांग करते हैं। वही झारखंड में बिजली बिल में तानाशाही तरीके से बढ़ोतरी किए जाने के विरुद्ध आम जनता की ओर से या मांग करते हैं कि आम लोगों के आर्थिक स्थिति पर इसका बुरा प्रभाव पड़ेगा और पढ़ने वाला है ।इसे देखते हुए ऐसे तानाशाही बढ़ोतरी के आदेश को रद्द करने हेतु ठोस कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग भारतीय जनता पार्टी मांग करती हैं। अबूआ आवास योजना में भी आए दिन विभिन्न शिकायतें देखने सुनने को मिल रही है । जिसमें बिचौलियों के माध्यम से हो रही भारी भ्रष्टाचार को देखते हुए वर्तमान झारखंड सरकार की गरीबों के हितों सुरक्षित करने में फेल हो चुकी है गरीब लोगों को केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय विभिन्न आवास योजना का लाभ समय पर मिलना चाहिए मौके पर निवर्तमान नगर परिषद अध्यक्ष सम्पा साहा, भाजपा जिला के मंत्री पार्वती पासवान प्राची चौधरी, भाजपा के वरिष्ठ नेता विश्वनाथ भगत , भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता मंगल हसदा,सपन दुबे, किसान मोर्चा के नेता जिला प्रवक्ता विक्रम कुमार मिश्रा, शिबू हेंब्रम साधन रविदास पर विधानसभा के विस्तारक जयप्रकाश यादव पूर्व नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र त्रिवेदी, प्रवीण मंडल,सादेकुल आलम,युवा मोर्चा के नेता रतन भगत ओबीसी मोर्चा के नगर अध्यक्ष अभिक दास नगर आदि मौजूद थे।

### मिथिला सांस्कृतिक परिषद का चुनाव नीरज बने महासचिव तो मिहिर हुए वित्त सचिव



**बोकारो।** बोकारो नगर के जनवृत चार स्थित मिथिला एकेडमी स्कूल में मिथिला सांस्कृतिक परिषद के शांतिपूर्ण निर्बाध रूप से संपन्न निर्वाचन में परिषद की नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर कुल 781 वोटरों ने परिषद के महासचिव तथा वित्त सचिव पद पर प्रत्याशी के चयन हेतु अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिला प्रशासन की ओर से प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी धनंजय कुमार गिरि तथा पुलिस बल की मौजूदगी के बीच मतदान सुबह 9 बजे से सांय 5 बजे तक पीठासीन पदाधिकारी व संयोजक विजय कुमार झा अनिमेष कुमार झा डॉ दुगार्नंद मिश्र प्रो जयराम झा समरेंद्र झा व प्रमोद कुमार झा तथा पर्यवेक्षक डॉ निकेत चौधरी ने प्रत्याशियों द्वारा उनकी ओर से रखे गए मतदान अभिकताओं की उपस्थिति में विधिवत सफलतापूर्वक चुनाव संपन्न हुआ। देर शाम तक चली मतगणना में नीरज चौधरी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कृष्ण चन्द्र झा को 274 मतों के अंतर से परास्त किया। वित्त सचिव पद पर मिहिर मोहन ठाकुर ने अपने सबसे करीबी प्रतिद्वंदी विनय कुमार झा को 298 मतों के भारी अंतर से हराया। विजयी उम्मीदवारों को पीठासीन पदाधिकारियों पर्यवेक्षक तथा मजिस्ट्रेट ने निर्वाचन प्रमाण-पत्र सौंपते हुए जीत की शुभकामनाएं दीं। महासचिव पद पर विजयी रहे नीरज चौधरी ने कहा कि मिथिलांचलवासियों को एकसूत्र में बांधकर रखना तथा समाज का सांस्कृतिक पारंपरिक शैक्षणिक व आर्थिक विकास सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता होगी।

# भाजपा का प्रखंड कार्यालय पर धरना, पूर्व सांसद भी हुए शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** जेएसएससी प्रश्न पत्र लीक मामले को लेकर भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देश पर राज्य के सभी प्रखंड कार्यालयों में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करने का काम कर रही है उसी क्रम में सोमवार को बेरमो प्रखंड कार्यालय में भी धरना प्रदर्शन किया गया।प्रदर्शन में संबोधित करते हुए पूर्व सांसद रविन्द्र पाण्डे ने जेएसएससी परीक्षा प्रश्न पत्र लीक मामला, प्रखंड कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं जनसमस्याओं को लेकर अपनी बातें रखी। आगे कहा की जिस प्रकार परीक्षार्थियों के परीक्षा देने के बाद ही प्रश्न पत्र के उत्तर पुरे सोशल मीडिया में विस्तृत होने लगा। परीक्षार्थियों और झारखंड बीजेपी अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जी के काफी मशक्कत के बाद परीक्षा रद्द किया गया। सीबीएसई के मांग को ठुकराते हुए झारखंड सरकार ने सीट का गठन किया जब सीट अपने काम को पूरी अच्छी तरीका से निर्वहन कर रही थी तभी उनमें से कुछ ऑफिसर का ट्रांसफर कर दिया जाता है ऐसे में यह पूर्ण रूपेण लगता है कि इस पेपर लीक मामले में सरकार के ही कुछ संत्रियो का हाथ है। हम पीड़ित परीक्षार्थियों के साथ है और जब तक या परीक्षा सीबीआई के द्वारा जांच करने का आदेश नहीं दिया जाता है तब तक हम इस लड़ाई को लड़ते रहेंगे।

## सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** इन दिनों बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह अपने विधानसभा का कोना कोना पहुच वहां विकास कार्यो की झड़ी लगा रखी है। इसी क्रम में सोमवार को देर शाम विधायक जी कुरपनिया पंचायत के पानीटंकी एरिया में स्थित इमामबाड़ा के समीप पहुचे और विधायक मंद से बनने वाले लगभग 5 लाख की सामुदायिक भवन का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। मौके पर पंचायत अंजुमन कमेटी के सदर मो शमशेर शेख उर्फ लल्लू शेख, सिक्रेट्री मो मिन्हाज मंजर, मो सलीम, मो जावेद उर्फ पिंटू, चांद शेख, साबिर अंसारी, अफजल अनीस, मुखिया पति आनंद सिंह, पंचायत के पंचायत समिति सदस्य नारायण महतो, रामचंद्र ठाकुर, कुरपनिया पंचायत कांग्रेस अध्यक्ष मास्टर असलम, सचिव अमित रवानी आदि के अलावे दर्जनों कॉलोनी वासी उपस्थित थे। जबकि विधायक श्री सिंह के साथ कांग्रेस बेरमो प्रखंड अध्यक्ष छेदी नोनिया खास तौर से शामिल थे। मौके पर विधायक ने कहा कि आज के दिन वे अपने विधानसभा में दर्जनों विकास कार्यो का शिलान्यास किया है और हर जगह हमने यही बात दोहराई है कि किसी भी कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता हरगिज बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

### भाजपा नेता कुमार अमित ने गांवों में जाकर लाभार्थियों से किया सम्पर्क



**बोकारो।** भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने पार्टी के गाँव चलो अभियान और लाभार्थी सम्पर्क अभियान के तहत चास प्रखण्ड के पिण्ड्राजोरा गांव में केन्द्रीय योजना के लाभार्थियों से सम्पर्क किया। इस दौरान कुमार अमित ने इस गाँव के घर घर जाकर लोगों को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संदेश के साथ साथ केन्द्र सरकार की उपलब्धियों को बताया। अमित ने ग्रामवासी लाभार्थियों से जानकारी ली और मोदी सरकार के समर्थन में इन लोगों से मिस्ड कॉल भी करवायी एवं लाभार्थियों के दरवाजों पर पार्टी का स्टिकर भी चिपकाया। लाभार्थियों ने अमित को इन योजनाओं की विशेषता के साथ साथ योजना को और सरल बनाने सम्बंधित अनेक सुझाव भी दिया।अमित ने गाँव के लाभार्थियों को कहा कि प्रधानमंत्री के नीतियों और कार्यों के कारण आज गाँव के लोगों का जीवन पहले से सरल हुआ है। अमित ने लोगों से गाँव की अन्य समस्याओं को भी जाना और आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देने की अपील भी की।

## स्पीड न्यूज

### चार दिवसीय स्वास्थ्य शिविर प्रारंभ



**सतबरवा पलामू।** प्रखंड परिसर में सोमवार से प्रखंड स्तरीय चार दिवसीय स्वास्थ्य शिविर की शुरुआत की गयी। इस दौरान डॉ ममता एम ओ आयुष ने बताया कि आयुष पद्धति से प्रखंड क्षेत्र के लोगों को इलाज को बढ़ावा देने हेतु चार दिवसीय स्वास्थ्य शिविर लगा रहा है जिसके तहत मरीज को परामर्श इलाज तथा मुफ्त दवा भी दी जा रही है। यह शिविर 4 से 7 मार्च तक चलेगा। मौके पर डॉ प्रतिमा कुमारी, सहिया राजमणि देवी, योग प्रशिक्षक अनिमा कुजूर, पार्वती देवी, बीटीटी नवीन उपाध्याय भी थे।

### आयुष पद्धति से हुआ लोगों का ईलाज



**पाटन पलामू।** आयुष मंत्रालय झारखंड सरकार ने पाटन प्रखंड मुख्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। शिविर में आयुष पद्धति से लोगों का इलाज कर मुफ्त दवा दी गयी। चार दिवसीय शिविर सात मार्च तक चलेगा। शिविर के प्रथम दिन लगभग 100 लोगों का ईलाज कर मुफ्त दवा दी गयी। शिविर में डॉ रविरंजन प्रजापति, डॉ रामाश्रय यादव ने लोगों का ईलाज किया। मौके योग मित्र गौतम कुमार, सहिया रामपति देवी, सुशीला देवी, सुमित्रा देवी, बसंती देवी, नीलु देवी थी।

### परिजनों को मिली डेथ क्लेम राशि



**मनातू पलामू।** प्रखंड के क्लस्टर पदमा के ग्राम पदमा में जय मां लक्ष्मी समूह की सदस्य सरोज देवी पति-अर्जुन साव को डेथ क्लेम राशि दी गयी। सरोज ने जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत अपना इंश्योरेंस जेएसएलपीएस से करवायी थी लेकिन बीमारी के कारण सरोज देवी की मृत्यु हो गयी। सोमवार को एसबीआई बैंक पदमा शाखा के शाखा प्रबंधक शशि वर्मा ने नॉमिनी अर्जुन साव को 2 लाख का चेक दिया।

### डालटनगंज से चुनाव लड़ेंगे नामधारी



**मेदिनीनगर।** झारखंड विधानसभा के प्रथम स्पीकर इंदर सिंह नामधारी के पुत्र दिलीप सिंह नामधारी 2024 में डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। फेसबुक पोस्ट के जरिये दिलीप नामधारी ने इसका एलान किया है। ज्ञात हो कि दिलीप 2009 के विस चुनाव भाजपा प्रत्याशी के रूप में लडा था। वर्ष 2014 में निर्दलीय और 2019 का चुनाव नहीं लड़ा। इस बीच आज उन्होने 2024 का चुनाव लड़ने का ऐलान किया है।

### सुदूरवर्ती खिलपर में विवाह मंडप खुला



**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड के सुदूरवर्ती जमुआ पंचायत के खिलपर गांव में विवाह मंडप का उद्घाटन एनसीपी के वरिष्ठ नेता सह हुसैनाबाद बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह व हैदरनगर बीस सूत्री अध्यक्ष बिमलेश सिंह ने किया। गुड्डू ने कहा कि एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह के दौरे के क्रम में ग्रामीणों ने विवाह मंडप की आवश्यकता बतायी थी। उन्होंने ग्रामीणों की मांग से स्थानीय विधायक कमलेश सिंह को अवगत कराया था। चंद महीने में ही योजना को स्वीकृति दिला कर कार्य पूर्ण कराने का काम किया गया। मौके पर एनसीपी अनुमंडल अध्यक्ष विनय पासवान, हंसराज सिंह थे।

### शुभ दृष्टि ज्वेलर्स दुकान का उद्घाटन



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के शाहपुर विवेकानंद चौक स्थित शुभ दृष्टि ज्वेलर्स प्रतिष्ठान का उद्घाटन सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय व वार्ड नंबर 31 की प्रथम पार्षद सह जोन अध्यक्ष प्रमिला देवी ने किया। श्री पाण्डेय ने कहा कि चैनपुर प्रखंड में इस प्रकार के दुकान खुलना लोगों के लिए बहुत ही शुभ संकेत है। साथ ही क्षेत्र के विकास का प्रतीक है। पार्षद प्रमिला देवी ने कहा कि हमारे जोन क्षेत्र में इस प्रकार का प्रतिष्ठान खुलना अच्छी बात है। मौके पर मंतोष सोनी, कन्हाई प्रसाद, दीपक जायसवाल, अभिजीत सोनी, लड्डू जायसवाल, मुन्ना जायसवाल, लाल पासवान, मीडिया प्रभारी धीरज कुमार थे।

### पलामू के मैदान पर नाज है : धीरेंद्र बैठा



**मोहम्मदगंज पलामू (अनूप कुमार)।** उतर कोयल परियोजना सिंचाई विभाग परिसर स्थित परियोजना उच्च विद्यालय के खेल मैदान में स्टेडियम निर्माण करने की मांग पंचायत प्रतिनिधियों सहित समाजसेवियों ने किया है। लोगों का कहना है कि महिला सहित फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित किया जाता रहा है। सद्भावना फुटबॉल टूर्नामेंट तो कई वर्षों से लगातार होता रहा है। जिले के बेहतर खेल मैदानों में से अव्वल बताया जाता है, यह मैदान भी है। मौके पर जिला पार्षद अंजू देवी, अश्विनी सिंह, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह, धीरेंद्र बैठा, रुद्रप्रताप थे।

### बीडइओ ने किया स्कूलों का निरीक्षण



**हरिहरगंज पलामू।** बीइओ रामनरेश राम ने सोमवार को प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में जाकर एमडीएम, छात्र उपस्थिति, शिक्षक उपस्थिति, सहित अन्य क्रियाकलापों की जांच की। इस दौरान उन्होंने उमवि खाप कटैया, उमवि कोल्हुवाड़ा तथा प्रावि तारा चक का निरीक्षण किया। बताया कि सभी स्कूलों में एमडीएम तथा अन्य गतिविधियां ठीक थी। मौके पर लेखापाल कमलेश कुमार, अमरजीत पटेल भी थे।

### प्रखंड कार्यालय पर भाजपा का धरना



**मनातू, पलामू।** झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार, जेएसएससी पर्चा लीक और राज्य की गिरती कानून व्यवस्था के खिलाफ भाजपा ने मनातू प्रखंड कार्यालय के सामने एक दिवसीय धरना दिया। राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र यादव ने की। जिला उपाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने कहा कि झारखंड सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूब गयी है।

# I am Verified Voter सोशल मीडिया कैंपेन का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

- दुल्हन की तरह सजाया गया शिवाजी मैदान, कहीं रंगोली तो कहीं मेहंदी के जरिए लोगों को मतदान के लिए किया गया प्रेरित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से सोमवार को मेदिनीनगर शहर के शिवाजी मैदान में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत हैशटैग आईएम वेरिफिएडवोटर सोशल मीडिया कैंपेन का जिला स्तरीय कार्यक्रम किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन, डीडीसी रवि आनंद, नगर आयुक्त जावेद हुसैन, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार व उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कू ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।



**खास बातें :** श्री रंजन ने कहा कि आज स्वीप कार्यक्रम के तहत सोशल मीडिया पर यह अभियान पूरे राज्य में चलाया जा रहा है जिसका एकमात्र उद्देश्य है मतदाता जागरूकता व मतदाता के रूप में खुद को वेरिफिएड करना। खुद को वेरिफिएड करने से तात्पर्य है कि आप सभी अपने बूथ पर जाकर या वीएचए के माध्यम से अपना नाम जरूर चेक करें और अगर आपका नाम नहीं जुड़ा हो,या उसमें कोई विसंगति है तो फौरन संबंधित फॉर्म 6, 7, 8 भरे व जमा करें। तकनीक के इस युग में जहां मोबाइल के माध्यम से सारे कार्य हो रहें हैं इसी में शामिल है वीएचए एप। इस ऐप के जरिये निर्वाचन से जुड़े सारे कार्यो का निष्पादन किया जा सकता है। इस ऐप में इलेक्शन से जुड़ी सारी जानकारी उपलब्ध रहती है। उन्होंने कहा कि जब आप समुचित जानकारी के साथ मतदान करने जाते हैं तो उसके अपने फायदे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम भविष्य में भी चलाया जायेगा ताकि जिले में अधिकाधिक मतदान सुनिश्चित किया जा सके।

# झारखंड आंदोलन को बेचने वाले अब राज्य के संसाधनों को लूट रहे : रवींद्र

- भ्रष्टाचार एवं जेएसएससी नियुक्ति प्रक्रिया में कदाचार के विरुद्ध मंडल भाजपा ने धरना दिया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हरिहरगंज पलामू।** झारखंड आंदोलन को बेचने वाले सत्ता पाते ही यहां के संसाधनों को लूट रहे हैं। भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे ऐसे नेताओं के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। उक्त बातें सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बब्लू सिंह ने प्रखंड परिसर में कही। वे भाजपा मंडल इकाई द्वारा आयोजित भ्रष्टाचार के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन को संबोधित कर रहे थे।



**खास बातें :** संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति जमीन के दस्तावेजों में हेराफेरी कर जमीन लूट रहा है। जब ईडी का छापा पड़ता है तो 48 घंटा तक गायब रहता है। घर से बरामद रुपये का ब्योरा नहीं दे पाता है। ऐसे लोगों का स्थान जेल ही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भ्रष्ट लोगों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई से जनता खुश है।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार, केंद्र सरकार की 110 योजनाओं को अस्थिर करने पर लगी है। राज्य सरकार स्थायी नीति नहीं बना पायी और सिर्फ जनता को गुमराह करने में लगी है। सरकार प्रदेश को लूट रही है। मौके पर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, भाजयुमो मंडल चंदन जायसवाल, सतेंद्र पासवान, सतेंद्र मेहता, भीमसेन शर्मा, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, करण राजवीर, ओमप्रकाश सिंह, मुन्ना मेहता, बीनू जायसवाल, धनंजय यादव, सिकंदर पासवान, भीष्म नारायण सिंह, संतोष कुमार, गौतम कुमार सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नौ मार्च को व्यवहार न्यायालय में आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

# लोक अदालत में 25,000 से अधिक मामले होंगे निष्पादित

- उपभोक्ता फोरम से जुड़े वाद पर होगा विशेष फोकस

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** झालसा के दिशा निर्देश पर 9 मार्च शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। उक्त आशय की जानकारी पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही। उन्होंने प्रेस वार्ता में कहा कि इस वर्ष के पहले राष्ट्रीय लोक अदालत में 25 हजार से अधिक मामले निस्तारण का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत की तैयारी शुरू कर दी गयी है। उन्होंने बताया कि बीते वर्ष राष्ट्रीय लोक अदालत में 23 हजार 500 मामले का निस्तारण किया गया था। इस बार 25 हजार से भी अधिक मामले निस्तारण का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए विभिन्न विभागों के साथ बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन ब्यवहार न्यायालय परिसर में 10:30 बजे से किया जायेगा। जो कोर्ट कार्य अवधि तक चलेगा। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में मामले निस्तारण को ले 14 पीठ बनाये गये हैं।

**खास बातें :** लोक अदालत में चेक बाउंस से संबंधित मामले, सुलहनीय बाद, सभी तरह के दीवानी मामले, विद्युत अधिनियम, विवाहोतर प्रताड़ना, राजस्व न्यायालय में लंबित मामले, अंतिम प्रपत्र से संबंधित, श्रम वाद, रेलवे न्यायालय में लंबित मामले, छोटे आपराधिक वाद, बैंक ऋण, बीएसएनएल, विद्युत विभाग से संबंधित, भूमि अधिग्रहण के मामले, एम सर्विस से संबंधित, एमएसीटी, पारिवारिक विवाद, उपभोक्ता फोरम आदि से जुड़े मामले का निस्तारण किया जायेगा। बैठक कर सभी विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि 11 मार्च से फैमिली मेटर को ले स्पेशल ड्राइव चलाया जायेगा।

# देश के अन्नदाताओं को न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा : बिट्टू पाठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी ने किसान संवाद कार्यक्रम किया। जिसकी अध्यक्षता पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने की और संचालन प्रखंड अध्यक्ष मीर खुर्शीद आलम ने किया। पिछले दिनों कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे 4 और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने किसान न्याय के तहत देश के किसानों को एमएसपी का कानूनी हक देने की गारंटी दी है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने के बाद कांग्रेस का वायदा है कि एमएसपी को वैधानिक संस्था का दर्जा देने के लिए हमारी आगामी सरकार संसद में कानून पारित करेगी।




किसान संवाद कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ता।

**खास बातें :** कांग्रेस की सरकार सुनिश्चित करेगी कि तय फसलों की सभी खरीद फरोख़्त पर लागू हो। हमारी सरकार एपीएमएस को सभी के लिए अनिवार्य बनाएगी और इसके लिए बाजार हस्तक्षेप सहित सभी जरूरी कदम उठाये जायेंगे। कांग्रेस की सरकार सुनिश्चित करेगी कि किसानों को फसलों की खरीद फरोख़्त के विभिन्न विकल्प मिलें। इसके लिए मौजूदा एपीएमसी मंडियों को मजबूत किया जायेगा। साथ ही, स्वायत संस्थानों द्वारा संचालित ई मार्केट भी स्थापित की जायेंगे, जिनके मैनेजमेंट में किसानों की भागीदारी रहेगी। कांग्रेस की सरकार किसानों को खेत से बाजार के बीच कहीं भी स्वेच्छा से फसल की बिक्री की आजादी प्रदान करेगी। इसके लिए बिक्री खरीद समझौते का प्रारूप डिजिटल खाते में अपलोड करने का प्रावधान किया जायेगा। जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी के हर कार्यकर्ता किसान न्याय के तहत कांग्रेस की इस गारंटी को गांव-गांव पहुंचायेगी। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव विजय चौबे, शमीम अहमद राइन, मिथिलेश सिंह, अशोक पासवान, छोटू सिंह, विपिन यादव, शैलेश मेहता, अनिल सिंह, राकेश चौबे, कपिल देव सिंह, अवधेश सिंह, सुकन सिंह, कुनील पासवान, पूर्व मुखिया गुना सिंह, उप मुखिया विनोद यादव, वार्ड सदस्य जितेंद्र यादव, प्रसाद यादव, राम देनी राम, विशुनदेव सिंह, जगदीश सिंह उपस्थित थे।

### कांग्रेस अध्यक्ष ने किया थाना प्रभारी का अभिनंदन



**तरहसी पलामू।** पांकी विधानसभा के युवा कांग्रेस अध्यक्ष अजिताभ दुबे उर्फ छोटू ने तरहसी थाना के नव पदस्थापित थाना प्रभारी नीरज कुमार से थाना परिसर में शिष्टाचार मुलाकात कर शॉल और बुके देकर स्वागत अभिनंदन किया। मौके पर पांकी के पूर्व विधायक प्रत्याशी सह कांग्रेस युवा नेता रूद्र शुक्ला के प्रतिनिधि सोशल मीडिया प्रभारी सह नीलांबर पितांबरपुर के कांग्रेस युवा अध्यक्ष कुंदन शुक्ला, कंचन पासवान, मुकेश कुमार, मंदीप कुमार ने थाना प्रभारी तरहसी से मुलाकात कर हर्ष व्यक्त किया।

### 120 किसानों के बीच मूंग के बीज का वितरण



**पाटन पलामू।** प्रखंड में कृषि विभाग से 120 किसानों के बीच मूंग का बीज बांटा गया। मौके पर पाटन बीडीओ अमित झा, पाटन प्रमुख शोभा देवी, शक्ति शंकर गुप्ता, प्रभारी बीटीम अभिमन्यु गुप्ता थे। बीज वितरण सतौआ और जहांसी पंचायत के किसानों में किया गया। बीडीओ ने किसानों से बात कर मूंग की खेती के बारे में जानकारी ली। कहा कि उन्नत तरीके से खेती करें। सरकार ससमय किसानों के बीच मुफ्त बीज दे रही है। किसान रजिस्ट्रेशन करा कर इसका लाभ उठायें। किसान बेहतर खेती कर अपनी आय को बढ़ा सकते हैं।

### महाशिवरात्रि को लेकर हुसैनाबाद में तैयारी शुरू



**हुसैनाबाद (पलामू)।** महाशिवरात्रि को लेकर हुसैनाबाद में तैयारी शुरू कर दी गयी है। रेलवे स्टेशन परिसर स्थित आशुतोष धाम मंदिर, बाबा विश्वनाथ भास्कर मंदिर, श्री चारधाम मंदिर, लंगरकोट के मुरली पहाड़ पर अवस्थित महाकालेश्वर धाम मंदिर, बराही धाम, ऊपरी स्थित प्राचीन शिव मंदिर, देवरी व देवरी खुर्द शिव मंदिर, मंगलडीह शिव मंदिर आदि क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में महाशिवरात्रि को लेकर मंदिर समिति व ग्रामीणों द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है। रेलवे कॉलोनी स्थित आशुतोष धाम मंदिर परिसर में 7 मार्च से 24 घंटा का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया है। आशुतोष धाम परिसर में पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ राधा कृष्ण की प्रतिमा का प्रण प्रतिष्ठा होगा। जबकि 8 मार्च को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जायेगा। भव्य भंडारा के साथ समापन किया जायेगा। जपला रेलवे सुरक्षा बल के इंस्पेक्टर राकेश रंजन, राजेश्वर सिंह, एनआर सिंह, बिजय कुमार, कुंदन कुमार, विपिन यादव, राकेश कुमार आदि का योगदान सराहनीय है।

# हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है गठबंधन सरकार: अमित तिवारी

- भाजपा कार्यकर्ताओं ने सदर प्रखंड परिसर में दिया धरना
- जेएसएससी परीक्षा में कदाचार एवं पेपर लीक का मामला अत्यंत गंभीर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाजपा नगर मंडल ग्रामीण मंडल एवं पोलपोल मंडल के संयुक्त तत्वाधान में सदर प्रखंड मेदिनीनगर परिसर में राज्य सरकार के खिलाफ एकदिवसीय धरना दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेदिनीनगर अध्यक्ष छोटू उर्फ अविनाश सिन्हा ने एवं संचालन राजू सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित पलामू भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि 2024 प्रारंभ होते ही राज्य की भ्रष्ट महाठगबंधन सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गयी है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित राज्य के कई भ्रष्ट



अधिकारी जमीन एवं खनन घोटाले में जेल पहुंच गये हैं और जैसे-जैसे घोटालो की जांच आगे बढ़ रही है वैसे-वैसे भ्रष्ट मंत्रियों अधिकारियों-पदाधिकारी की नींद हराम होने लगी है। श्री तिवारी ने कहा कि झारखंड सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है।

# भय-भूख-भ्रष्टाचार और अबुआ आवास में धांधली के खिलाफ भाजपा ने किया प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**हुसैनाबाद/हरिहरगंज।** भाजपा की पीपरा प्रखंड इकाई ने सोमवार को प्रखंड मुख्यालय पर भय, भूख और अबुआ आवास योजना में भ्रष्टाचार के विरुद्ध प्रखंड कार्यालय समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष संजय मेहता तथा संचालन चंदन सिंह ने किया। प्रदर्शन स्थल पर आयोजित सभा में कार्यकताओं ने कार्यक्रम प्रभारी भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह के साथ अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में महामहिम राज्यपाल के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया कि राज्य में गिरते विधि व्यवस्था, ठप विकास कार्य, अबुआ आवास योजना में धांधली, सरकार की वादाखिलाफी, खनिज संपदा की मची लूट, आदिवासी, दलित समाज पर बढ़ते अत्याचार, जमीन की लूट, प्रखंड से लेकर सचिवालय तक

# झारखंड सरकार में भ्रष्टाचार का बोलबाला है : पुष्पा देवी

- राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा ने किया प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** झारखंड सरकार के विरुद्ध पूरे राज्य के हर ब्लॉक मुख्यालय पर एकदिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम किया गया। इसे लेकर पाटन प्रखंड मुख्यालय पर भाजपा ने धरना प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक पुष्पा देवी , कार्यक्रम के प्रभारी सह प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अविनाश वर्मा मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने की और



संचालन पाटन मंडल युवा अध्यक्ष अभिषेक सिंह ने किया। कार्यक्रम में जिला कार्यकारिणी सदस्य अशोक तिवारी, वशिष्ठ पांडे, निरंजन पासवान, श्यामदेव सिंह, जिला परिषद विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह, महिला महिला मोर्चा पलामू महामंत्री सुजाता सिंह भी थे।

### विश्रामपुर में छतीसगढ़ की महिला कलाकार से सामूहिक दुष्कर्म

**विश्रामपुर पलामू।** प्रखंड में छतीसगढ़ की आर्केष्ट्रा कलाकार के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। उन्हें विश्रामपुर प्रखंड के कुछ लोगों ने बुलाया था। जिसका कार्यक्रम हुसैनाबाद में होना था। कार्यक्रम रद होने पर वे पुनः विश्रामपुर लौट आये। इसमें महिला कलाकार भी थे। सभी किराये के मकान में थे। रविवार की रात एक महिला कलाकार को नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। जब महिला होश में आई तो आपबीती बतायी।

# सीएम से लेकर पदाधिकारी तक वसूली में लगे हैं : नरेंद्र पांडेय

- भाजपा छतरपुर और लठेया मंडल ने भ्रष्टाचार के खिलाफ किया प्रदर्शन
- अबुआ आवास का फॉर्म भरने के नाम पर गरीबों का किया जा रहा आर्थिक दोहन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छतरपुर पलामू।** भाजपा छतरपुर और लठेया मंडल ने प्रखंड मुख्यालय छतरपुर में राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार, जेएसएससी नियुक्ति, अबुआ आवास, गिरती कानून व्यवस्था के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। इसके पूर्व जुलूस की शक्ल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने छतरपुर बाजार क्षेत्र का भ्रमण कर सरकार विरोधी नारे लगाये। भ्रष्टाचार बंद करो, बालू में लूट बंद करो, गिरती कानून व्यवस्था को सुधारो, अबुआ आवास के



नाम पर लूट बंद करो, झारखंड सरकार हाय हाय आदि के नारे लगाते हुए भाजपाई छतरपुर प्रखंड कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया।

# जेएसएलपीएस ने रामगढ़ में चलाया कुपोषण विरोधी अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़ पलामू।** ग्रामीण विकास विभाग के बिरसा विशिष्ट जनजाति विकास योजना के माध्यम से रामगढ़ प्रखंड के विशिष्ट जनजाति समुदाय बहुल क्षेत्र ग्राम धुलुवा, काचन, बेनीडीह, सेरका, बभंडीह और नावा सहित कुल 6 गांव में 5 दिवसीय कुपोषण विरोधी अभियान चलाया। जिसमें विशिष्ट जनजाति समुदाय के महिलाओं को विभिन्न विषयों जैसे स्वास्थ्य एवं पोषण, संस्थागत प्रसव, स्वच्छता



अभियान के दौरान कार्यक्रम में शामिल जेएसएलपीएस कर्मी।

और शौचालय विषय में जागरूकता, आयरन एवम फोलिक दवा का उपयोग, आगनबाड़ी से मिल रहे विभिन्न लाभ इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी इत्यादि प्रशिक्षित सीआरपी दल द्वारा दिया गया। बीपीएम सुमित कुमार ने बताया कि विगत पिछले दिनों भी रामगढ़ प्रखंड के कुल छः गांवों में यह अभियान चलाया गया था तथा इस बार भी परियोजना के माध्यम से छः गांव में यह ड्राइव चलाया गया है ताकि विशिष्ट जनजाति परिवारों को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण और जागरूक किया जा सके। इससे विशेषकर गर्भवती महिलाएं, धात्री महिलाएं और कुपोषित बच्चों को विभिन्न प्रकार के लाभ दिलाया जायेगा। मौके पर आंगनबाड़ी सेविका, स्वाथ्य सहिया, सखी मंडल के दीदियां, विशिष्ट जनजाति समुदाय के लोगों ने बढ़ चढ़कर कर भाग लेकर इस अभियान को सफल बनाया। मौके पर बीपीएम सुमित कुमार, ब्लॉक लीड आदित्य रंजन, सीसी उमेश सिंह, विकास सिंह, चंदन कुमार, पीआरपी कृष्णा कुमार, जेंडर सीआरपी प्रमिला, सीमा, बदलाव कर्ता जगरानी देवी, प्रभा देवी समेत कई लोग उपस्थित थे।

# झामुमो सरकार में लूट छीन और भ्रष्टाचार चरम पर है: विनोद सिंह

- हुसैनाबाद और हैदरनगर में किया गया धरना-प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** वर्तमान में झामुमो सरकार में लूट छीन और भ्रष्टाचार चरम पर हैं। उक्त बातें भाजपा नेता विनोद सिंह ने कही। वे भाजपा के द्वारा सोमवार को हैदरनगर और हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय परिसर में धरना दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष उमेश चन्द्र शिव ने किया वहीं संचालन डॉ अजय जसवाल ने किया। कार्यक्रम के प्रभारी विनोद कुमार सिंह उपस्थित थे। मौके पर श्री विनोद ने राज्य के झामुमो सरकार को जम कर हमला किया।




कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि व उपस्थित अन्य।

**खास बातें :** उन्होंने कहा राज्य सरकार अबुआ आवास और प्रखंड में जनकल्याणकारी योजना में जम कर लूट रहे हैं। वहीं हुसैनाबाद प्रखंड परिसर में भी एकदिवसीय धरना दिया गया। यहां कार्यक्रम की अध्यक्षता अजय गुप्ता ने किया। संचालन सांसद प्रतिनिधी श्रवन अग्रवाल ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के प्रभारी रामप्रवेश सिंह उपस्थित थे। भाजपा नेताओ ने कहा कि पूरे प्रदेश में भ्रस्ताचार चरम सीमा पर है, झारखंड कर्मचारी चयन आयोग परीक्षा में पेपर लीक कराकर सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है, इस मामले को लेकर जब युवाओं ने आंदोलन किया तो लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करा कर उनकी आवाजों को दबाने का काम किया जा रहा है। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता रामेश्वर राम ने भी संबोधित किया। मौके पर राजेश कर्ण, रंजीत पासवान, उदयनाथ विश्वकर्मा, अमरेंद्र कुमार, संतोष सिंह, विवेक कुमार, उदय सिंह, समेत कई भाजपा कार्यकर्ता शमिल थे।

# मोदी का परिवार

देश के चुनावी माहौल में पटना की सभा में इंडी गठबंधन के नेताओं के बीच लालू यादव ने पीएम मोदी पर व्यक्तिगत कटाक्ष करते हुए कह दिया कि मोदी का परिवार ही नहीं है। इसके बाद से मोदी ने एक सभा में इसका जबाव देते हुए कहा कि पूरा भारत ही मेरा परिवार है। इसके बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, सीएम योगी समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने सोशल मीडिया पर अपना बायो बदल लिया है। भाजपा नेताओं ने अपने बायो में नाम के आगे 'मोदी का परिवार' लिख लिया है। पीएम मोदी के साथ एकजुटता दिखाने के लिए ऐसा किया गया है। लालू प्रसाद यादव ने पटना के गांधी मैदान पर आयोजित हुई रैली में कहा कि 'ये मोदी क्या है? नरेंद्र मोदी इन दिनों परिवारवाद पर हमला कर रहे हैं, लेकिन पहले उन्हें बताना चाहिए कि उनके पास परिवार और बच्चे क्यों नहीं हैं। जिन लोगों के ज्यादा बच्चे हैं, उन्हें वे (पीएम मोदी) वंशवादी राजनीति बता रहे हैं। आपके परिवार नहीं है...आप हिंदू भी नहीं हैं। हर हिंदू अपनी मां के मरने पर मुंडन कराता है, लेकिन आपने अपनी दाढ़ी और बाल क्यों नहीं कटवाए, इसका जवाब दीजिए।'लालू प्रसाद यादव के आरोपों पर पीएम मोदी ने तेलंगाना की जनसभा में परोक्ष रूप से जवाब भी दिया। उन्होंने कहा कि 'भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण में डूबे विपक्षी गठबंधन के नेता बौखलाते जा रहे हैं। मैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं, तो इन लोगों ने अब बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नही है। मैं इनसे कहना चाहता हूं कि 140 करोड़ देशवासी मेरा परिवार हैं। मेरा भारत ही मेरा परिवार है।'चुनावी माहौल में इस मुद्दें को पूरे तौर पर उठाने का मौका राजग को लालू ने दे दिया है जिसे भाजपा मुद्दा बनाने से नहीं चूकेगी। चौकीदार चोर वाला नारा पहले ही मैं चौकीदार में बदल दिया गया था।


# सुप्रीम शिकंजा

नोट के बदले वोट के इसी मामले में सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की संविधान पीठ ने बड़ा फैसला सुनाया है। पीठ में मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के अलावा जस्टिस ए एस बोपन्ना, जस्टिस एम एम सुंदरेश, जस्टिस पी एस नरसिम्हा, जस्टिस जेपी पारदीवाला, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल रहे। फैसला सुनाते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि पीठ के सभी जज इस मुद्दे पर एकमत हैं कि पीवी नरसिम्हा राव मामले मे दिए फैसले से हम असहमत हैं। नरसिम्हा राव मामले में अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने सांसदों-विधायकों को वोट के बदले नोट लेने के मामले में अभियोजन (मुकदमे) से छूट देने का फैसला सुनाया था। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि माननीयों को मिली छूट यह साबित करने में विफल रही है कि उन्हें अपने विधायी कार्यों में इस छूट की अनिवार्यता है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 105 और 194 में रिश्वत से छूट का प्रावधान नहीं है क्योंकि रिश्वतखोरी आपराधिक कृत्य है और ये सदन में भाषण देने या वोट देने के लिए जरूरी नहीं है। पीवी नरसिम्हा राव मामले में दिए फैसले की जो व्याख्या की गई है, वो संविधान के अनुच्छेद 105 और 194 के विपरीत है। राजनीति में अपने पद का लाभ उठाकर कानून के शिकंजे से बचने वाले नेताओं पर अब न्याय की अवधारणा को स्पष्ट कर दिया है। राजनेताओं के पैसे लेकर सवाल पूछने से लेकर वोट देने और सदन में अनुपस्थित होने की कई घटनाओं में इस विशेष कानून के न होने से कोई कार्रवाई नहीं हो पाती थी। अब इस कानून की स्पष्टता ने देश की राजनीतिक गंदगी के इस कोने को साफ करने में मदद मिलेगी। जन प्रतिनिधि होना एक गौरव का विषय है लेकिन इसका यह अर्थ कतई नहीं है कि आप विशेषाधिकार की आड़ में भ्रष्ट आचरण करें। यह निर्णय एक मील का पत्थर साबित होगा।

# आध्यात्मिक क्रांति के संदेशवाहक स्वामी दयानंद



**(स्वामी दयानन्द सरस्वती जयंती/05 मार्च/ विशेष)**



**- योगेश गोयल**

> आर्य समाज के द्वारा उन्होंने दस मूल्य सिद्धांतों पर चलने की सलाह दी। मूर्ति पूजा के अलावा वे जाति विवाह, महिलाओं के प्रति असमानता की भावना, मांस सेवन, पशुओं की बलि देने, मंदिरों में चढ़ावा देने इत्यादि के सख्त खिलाफ थे और इसके लिए उन्होंने लोगों में जागरुकता पैदा करने के अथक प्रयास किए।

आर्य समाज के संस्थापक के रूप में वंदनीय महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती का जन्म गुजरात के टंकारा में 12 फरवरी 1824 को हुआ था लेकिन हिन्दू पंचांग के अनुसार उनकी जयंती प्रतिवर्ष फाल्गुन महीने के कृष्ण पक्ष की दशमी को मनाई जाती है, जो इस वर्ष 05 मार्च को है। ऐसे में हिन्दू कैलेंडर के अनुसार स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती 05 मार्च को मनाई जाएगी। स्वामी दयानंद ऐसे देशभक्त, समाज सुधारक, मार्गदशक और आधुनिक भारत के महान चिंतक हैं, जिन्होंने न केवल ब्रिटिश सत्ता से जमकर लोहा लिया बल्कि अपने कार्यों से समाज को नई दिशा और ऊर्जा भी प्रदान की। 1857 की क्रांति में उनका अमूल्य योगदान था। स्वामी दयानंद का बचपन बहुत अच्छा बीता लेकिन उनके जीवन में घटी एक घटना ने उन्हें इस कदर प्रभावित किया कि वे 21 वर्ष की आयु में ही अपना घर-वार छोड़कर आत्मिक एवं धार्मिक सत्य की तलाश में निकल पड़े और संन्यासी बन गए। जीवन में ज्ञान की तलाश में वे स्वामी विरजानंद से मिले, जिन्हें अपना गुरु मानकर उन्होंने मथुरा में वैदिक तथा योग शास्त्रों के साथ ज्ञान की प्राप्ति की। 1845 से 1869 तक कुल 25 वर्षों की अपनी वैराग्य यात्रा में उन्होंने कई प्रकार के दैविक क्रियाकलापों के बीच योग का भी गहन अभ्यास किया।

देश के स्वतंत्रता संग्राम में स्वामी दयानंद की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण थी और 'स्वराज' का नारा उन्होंने ही दिया था, जिसे बाद में लोकमान्य बालगंगाधर तिलक ने अपनाया और 'स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है' का नारा दिया। वेदों का प्रचार-प्रसार करने के साथ-साथ उनकी महत्ता लोगों तक पहुंचाने तथा समझाने के लिए उन्होंने देशभर में भ्रमण किया। जीवनपर्यन्त वेदों, उपनिषदों का पाठ करने वाले स्वामी जी ने पूरी दुनिया को इस ज्ञान से लाभान्वित किया। उनकी किताब 'सत्यार्थ प्रकाश' आज भी दुनियाभर में अनेक लोगों के लिए मार्गदर्शक साबित हो रही है। वेदों को सर्वोच्च मानने वाले स्वामी दयानन्द ने वेदों का प्रमाण देते हुए हिन्दू समाज में फैली कुरीतियों और अंधविश्वासों का डटकर विरोध किया। जातिवाद, बाल विवाह, सती प्रथा जैसी समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने में उनका योगदान उल्लेखनीय है, इसीलिए उन्हें 'संन्यासी योद्धा' भी कहा जाता है। दलित उद्धार तथा स्त्रियों की शिक्षा के लिए भी उन्होंने कई आन्दोलन किए। हिन्दू धर्म के अलावा इस्लाम तथा ईसाई धर्म में फैली बुराइयों और अंधविश्वासों का भी उन्होंने जोरदार खंडन किया। उन्होंने अपना पूरा जीवन मानव कल्याण, धार्मिक कुरीतियों की रोकथाम तथा वैश्विक एकता के प्रति समर्पित कर दिया। वे आध्यात्मिक क्रांति के संदेशवाहक थे।

स्वामी दयानंद ने आर्य समाज की स्थापना मुम्बई के गिरगांव में गुड़ी पड़वा के दिन 10 अप्रैल 1875 को की थी, जिसकी स्थापना का मुख्य उद्देश्य शारीरिक, आत्मिक और सामाजिक उन्नति के साथ समूचे विश्व को एक साथ जोड़ना था। आर्य समाज के द्वारा उन्होंने दस मूल्य सिद्धांतों पर चलने की सलाह दी। मूर्ति पूजा के अलावा वे जाति विवाह, महिलाओं के प्रति असमानता की भावना, मांस सेवन, पशुओं की बलि देने, मंदिरों में चढ़ावा देने इत्यादि के सख्त खिलाफ थे और इसके लिए उन्होंने लोगों में जागरुकता पैदा करने के अथक प्रयास किए। अपने 59 वर्ष के जीवनकाल में महर्षि दयानंद ने न सिर्फ देश में व्याप्त बुराइयों के खिलाफ लोगों को जागृत किया बल्कि अपने वैदिक ज्ञान से नवीन प्रकाश को भी देशभर में फैलाया। हालांकि कई लोगों ने उनका जमकर विरोध भी किया लेकिन स्वामी दयानंद सरस्वती के तार्किक ज्ञान के समक्ष बड़े-बड़े विद्वानों और पंडितों को भी नतमस्तक होना पड़ा। वे अपने जीवन को पुनर्जन्म, ब्रह्मचर्य, संन्यास तथा कर्म सिद्धांत के चार स्तंभों पर खड़ा मानते थे।

स्वामी दयानंद हिन्दी भाषा के प्रबल समर्थक थे और उनका मत था कि कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक पूरे देश में एक ही भाषा 'हिन्दी' बोली जानी चाहिए। मानव शरीर को नश्वर बताते हुए वह कहते थे कि हमें इस शरीर के जरिये केवल एक अवसर मिला है, स्वयं को साबित करने का कि 'मनुष्यता' और 'आत्मविवेक' क्या है। वे कहा करते थे कि शक्ति किसी अलौकिकता या चमत्कारिता के प्रदर्शन के लिए नहीं होती। सभी धर्मों और उनके अनुयायियों को वे एक ही ध्वज तले बैठा देखना चाहते थे। दरअसल उनका मानना था कि आपसी लड़ाई का फायदा सदैव तीसरा उठाता हैं, इसलिए इस भेद को दूर करना आवश्यक है। जीवनपर्यन्त वेदों, उपनिषदों का पाठ करने वाले स्वामी जी ने पूरी दुनिया को इस ज्ञान से लाभान्वित किया। उनकी किताब 'सत्यार्थ प्रकाश' आज भी दुनियाभर में अनेक लोगों के लिए मार्गदर्शक साबित हो रही है। वेदों को सर्वोच्च मानने वाले स्वामी दयानन्द ने वेदों का प्रमाण देते हुए हिन्दू समाज में फैली कुरीतियों और अंधविश्वासों का डटकर विरोध किया। जातिवाद, बाल विवाह, सती प्रथा जैसी समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने में उनका योगदान उल्लेखनीय है, इसीलिए उन्हें 'संन्यासी योद्धा' भी कहा जाता है। दलित उद्धार तथा स्त्रियों की शिक्षा के लिए भी उन्होंने कई आन्दोलन किए। कर्म करने को लेकर स्वामी जी तर्क देते थे कि काम करने से पहले सोचना बुद्धिमानी, काम करते हुए सोचना सतर्कता और काम करने के बाद सोचना मूर्खता है। वह कहा करते थे कि दुनिया को अपना सर्वश्रेष्ठ दीजिए और तब आपके पास सर्वश्रेष्ठ लौटकर आएगा। उनका कहना था कि अज्ञानी होना गलत नहीं है लेकिन अज्ञानी बने रहना गलत है।

(लेखक,स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## खास बात

### योग के लिये मानसिक स्थिति

**स्वामी मुक्तरथ**



योगाभ्यास शुरू करने से पहले सही मानसिक स्थिति क्या है? - योग आसन हमेशा मन को शांतिपूर्ण अवस्था में रख कर किए जाने चाहिए। शांति और स्थिरता के विचार के साथ अपने मन को भरें और अपने विचारों को बाहारी दुनिया से दूर कर स्वयं पर केंद्रित करें। सुनिश्चित कर लें कि आप इतने थके ना हों कि आसन पर ध्यान केंद्रित करने में असमर्थ हों अगर थकान ज्यादा हो तो केवल रिलैक्स करने वाले आसन ही करें।

योगाभ्यास के दौरान सही मानसिक स्थिति क्या है? -आप जो आसन कर रहे हैं, उस पर गहरा ध्यान लगायें। शरीर के जिस अंग पर उस आसन का सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ता है, उस पर अपनी एकाग्रता केंद्रित करें। ऐसा करने से आपको आसान का आशिकतम लाभ मिलेगा। आसन करते समय, श्वास बहुत महत्वपूर्ण होता है। आसन के लिए जो सही श्वास करने का तरीका है वैसा ही करें (कब श्वास अंदर लेना है और बाहर छोड़ना है)। अगर आपको इसका ग्यात ना हो तो जो सामान्य लयबद्ध श्वास रखें।

योग की शुरूआत करने के लिए टिप्स और सुझाव - अगर आप योगाभ्यास जीवन में पहली बार शुरू कर रहे हैं या योग से ज्यादा परिचित नहीं हैं, तो इन बातों का खास ध्यान रखें:

अपने योगाभ्यास को धैर्य और दृढ़ता के साथ करें। अगर आपके शरीर में लचीलापन कम है तो आपको शुरूआत में अधिकतर आसन करने में कठिनाई हो सकती है। अगर आप पहले-पहले आसन ठीक से नहीं कर पा रहे हों तो चिंता ना करें। सभी आसान दोहराव के साथ आसान हो जाएँगे। जिन मांसपेशियों और जोड़ों में खिंचाव कम है, वह सब धीरे-धीरे लचीले हो जाएँगे।

अपने शरीर के साथ जल्दबाजी या जबरदस्ती बिल्कुल ना करें।शुरूआत में आप सिर्फ. वही आसन कर सकते हैं जो आप आसानी से कर पायें। बस इतना ध्यान रखिए की आपकी श्वास लयबद्ध हो।

(सत्यानंद योग मिशन रांची)

# अध्यात्म की सीढ़ी

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**भगवान,** कृपा करके यह बताया जाए क्या हमारे हिंदू धर्म में मंदिर और मूर्ति पूजा का प्रावधान क्यों किया गया और इसका रहस्य क्या है? ज्ञान मार्तंड श्री स्वामी जी महाराजः हिंदू धर्म में जो भी कर्मकांड का प्रावधान किया गया है वह वैज्ञानिक है और हमारे प्राचीन ऋषि मुनियों द्वारा बहुत ही सोच समझ कर बनाया गया है। जरा सोचिए यदि यह मंदिर और उसके अंदर देवी देवता का प्रावधान नहीं होता तो क्या हम समझ पाते कि भगवान भी कोई है उनकी पूजा भी होती है और पूजा का पूजा का तरीका इस प्रकार है। मंदिर नहीं होता तो हमारे अंदर भगवान की कल्पना भी नहीं होती यह प्रथम पाठशाला है बिना इस पाठशाला से गुजरे कोई भी अध्यात्म की अगले सीढ़ी पर नहीं चढ़ सकता। यह मंदिर ही है जो हमारे अंदर श्रद्धा और भगवान के प्रति विश्वास का बीज डालता है। कितना बड़ा विद्वान हो या डॉक्टर इंजीनियर हो या उच्च अधिकारी हो सबको प्राथमिक स्कूल से होकर ही गुजारना पड़ता है। मगर प्राइमरी में पड़े बिना कोई भी आगे नहीं पढ़ सकता। हमारे मंदिर मस्जिद अध्यात्म का प्राइमरी पाठशाला है इसके खिलाफ बोलने वाला व्यक्ति न धार्मिक हो सकता है और ना अध्यात्मिक हो सकता है। आप कहेंगे कि बहुत से संतो ने मूर्ति पूजा का विरोध किया है इसकी आलोचना की है। लेकिन बात ऐसी नहीं है। हमारे धर्मो को संकेतों के माध्यम से समझने की की जरुरत होती है।

.(ब्रम्ह विद्यालय सह आश्रम )

## कार्टून वर्ल्ड

**सोशल मीडिया की आभासी दुनिया**



## लेटर टू एडिटर

### यूएसए में हिंदी

**'हिंदी'** प्रवासी भारतीयों की अस्मिता है। अमेरिका के हर शहर के वातावरण को हिंदीमय बनाने के लिए अमेरिका के साहित्यकार विश्वविद्यालयों में जाकर युवा पीढ़ी से संवाद स्थापित करते हैं और हिंदी की महत्ता और इसकी समृद्धता के बारे में बताते हैं। अमेरिका में भारतीय हिंदी को बढ़ाने के लिये जी जान से जुटे हैं। देश में भी ऐसे प्रयास हो।

**- अभिजित, गढ़वा**

### आत्मनिर्भर भारत

**अब** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खिलौनों के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया है। इस दिशा में यदि हम आगे बढ़ते हैं तो करोड़ों लोगों का रोजगार तो मिलेगा ही बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा बचेगी। भारत में खिलौना निर्माण का इतिहास अत्यंत प्राचीन है। मोहन-जोदड़ो और हड़प्पा के उत्खनन में अनेक प्रकार के खिलौने मिले हैं।

**- विवेक, हजारीबाग**

---


हमारे युवा देश का भविष्य हैं। सम्पूर्ण विश्व भारतीय युवाओं को बेहद आशा भरी नजरों से देखता है। उनकी ऊर्जा, विश्वास और जज्बा ही नए भारत के निर्माण का आधार है। आज के संवाद के दौरान एक बार फिर युवाओं में भारत को नवनिर्माण की दिशा में ले जाने वाली सकारात्मकता और उद्यमशीलता दिखाई दी।

**- ओम बिरला, अध्यक्ष, लोकसभा**

## रोचक ट्वीट

आत्म-अनुशासन वास्तव में सार्थक और महान जीवन कुंजी है।अनुशासित व्यक्ति जीवन के प्रत्येक आयाम पर सफलता शांति और उदात्त आनंद का अनुभव करता है। अतः बाह्यन्तर अनुशासित रहें।

**- स्वामी अवधेशानंद गिरी**





राष्ट्र की स्वतंत्रता तब सार्थक होती है जब जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक निर्बाध पहुंचे।देश महसूस कर रहा है कि 10 साल पहले समग्र स्वतंत्रता की शुरूआत।

**- अन्नपूर्णा देवी, सांसद**

# जैव विविधता पर मंडराता संकट अस्तित्व पर खतरा

## पर्यावरण

**मुकुल व्यास**

जैव विविधता ने हमारी पृथ्वी को एक जीवंत ग्रह बनाया है। जिस हवा से हम सांस लेते हैं और जो खाना हम खाते हैं,वह सब जैव विविधता पर निर्भर हैं। जैव विविधता दरअसल पृथ्वी के जीवन की संपूर्ण तस्वीर है। पृथ्वी की मिट्टी में पाए जाने वाले सूक्ष्मतम बैक्टीरिया से लेकर समुद्र में पाई जाने वाली वेल मछली तक हर जीव पृथ्वी की जैव विविधता का हिस्सा है। लेकिन जैव विविधता का संबंध सिर्फ प्रजातियों से नहीं है। यह समस्त जीव रूपों और उनके पयार्वास के बीच संबंधों को भी अभिव्यक्त करती है। इसमें समुद्र के सूक्ष्मतम जीव प्लैंक्टन और विशालकाय व्हेल का रिश्ता भी शामिल है जो वायुमंडल में ऑक्सीजन उत्पन्न करने में मदद करते हैं। इसमें बीजों और गैंडों का रिश्ता शामिल है जो जंगल लगाने में मदद करते हैं। इसमें बैक्टीरिया और पौधों का रिश्ता शामिल है जो मिट्टी की रासायनिक संरचना को बदलते हैं। जैव विविधता में प्रत्येक प्रजाति में आनुवंशिक अंतरों के अलावा जंगलों,नदियों,तालाबों, नदियों,रेगिस्तानों और खेतों की विविधता भी शामिल है। जैविक विविधता वाले संसाधन ऐसे मजबूत खंभें हैं जिन पर हम अपनी सभ्यताएं निर्मित करते हैं। करीब 80 प्रतिशत मानव आहार की व्यवस्था पेड़-पौधे करते हैं। विकासशील देशों के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले 80 प्रतिशत से अधिक लोग अपनी बुनियादी स्वास्थ्य जरूरतों के लिए वनस्पति आधारित दवाओं पर निर्भर हैं। दुनिया के 3 अरब लोगों को 20 प्रतिशत पशु प्रोटीन मछलियों से मिलता है।

मनुष्य जैव विविधता समुदाय का अंग है और हमारी अपनी सांस्कृतिक विविधता को स्थानीय जैव विविधता का उत्पाद माना जाता है। संस्कृति का संबंध उस प्रकृति से है जहां से मानव समुदायों का उदय हुआ है। जब हम जैविक-सांस्कृतिक विविधता की बात करते हैं तो उसका अभिप्राय मानव संस्कृति और आसपास की पारिस्थितिकी से होता है। यह देखा गया है कि ठंडे और ध्रुवीय क्षेत्रों की तुलना में उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में जैव विविधता अधिक है क्योंकि वहां प्रजातियों की संख्या अधिक है और आनुवंशिक डेटा भी अधिक है। पारिस्थितिकी के आधार पर वहां ज्यादा जटिल अंतर-क्रियाएं होती हैं। दूसरी तरफ हम जैव विविधता में ठंडे प्रदेशों की भूमिका को भी नजरअंदाज नहीं कर सकते। ध्रुवीय समुद्रों से लेकर सबसे गहरी गुफाओं तक ठंडी और अंधेरे वाली जगहों पर भी प्रचुर जीव रूप मौजूद हैं। इनमें से प्रत्येक जीव रूप हमारे पर्यावरण के लिए कुछ न कुछ योगदान करता है। हमारी मिट्टी में मौजूद सूक्ष्म जैव विविधता उन रासायनिक परिस्थितियों को उत्पन्न करती हैं जो स्वस्थ, संधारणीय और भरपूर फसल के लिए आवश्यक हैं।

जैव विविधता से मिलने वाली जीवनदायक सेवाओं को मानव टेक्नोलॉजी के स्तर पर दोहराया नहीं जा सकता और न ही आर्थिक स्तर पर उनका मूल्यांकन किया जा सकता है। फिर भी एक मोटे अनुमान के अनुसार जैव विविधता से मिलने वाली सेवाओं का मूल्य विश्व के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) से दुगना है। पृथ्वी की जैव विविधता हमारा सबसे बहुमूल्य और सर्वाधिक आवश्यक संसाधन है। यह पृथ्वी के जीवमंडल अथवा बायोस्फीयर की प्राथमिक स्रोत है। हवा,पानी और भोजन जैसी मनुष्य की हर जरूरत यह जीवमंडल पूरी करता है। ऐसे कई ग्रह हो सकते हैं जहां पृथ्वी से ज्यादा बहुमूल्य खनिज मौजूद हों,लेकिन हम ऐसे दूसरे ग्रह को नहीं जानते जहां मानव सभ्यताओं के लिए आवश्यक परिस्थितियां मौजूद हों। हमारी पृथ्वी जैव विविधता से संपन्न है,हालांकि अनेक प्रजातियों की खोज अभी बाकी है।

# भयावह रूप लेता कैंसर और विवश दुनिया

## स्वास्थ्य

**ज्ञानेन्द्र रावत**

आज कैंसर समूची दुनिया में भयावह रूप ले रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की मानें तो भारत में बड़ी संख्या में लोग कैंसर के शिकार होकर जान गंवा रहे हैं। कैंसर के मामले में दुनिया के 172 देशों की सूची में भारत का स्थान 155वां है। यदि एनसीडीआईआर और आईसीएमआर की मानें तो भारत में कैंसर के मरीज तेजी से बढ़े हैं, इसमें 2025 तक 12 फीसदी तक की बढ़ोतरी हो जायेगी। भारत में प्रति लाख 70.23 लोग कैंसर से पीड़ित हैं। राष्ट्रीय कैंसर संस्थान की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हर साल 13.9 लाख कैंसर के नये रोगी सामने आ रहे हैं। इनमें सात लाख महिलाएं होती हैं। इनमें से साढ़े तीन लाख मौत के मुंह में चली जाती हैं। देश में हर साल 70 हजार लोगों की मौत होती है, जिनमें 80 फीसदी की मौत बीमारी के प्रति उदासीन रवैये के कारण होती है। जबकि रोजाना 1300 से ज्यादा लोग बीमारी के शिकार हो रहे हैं।

गौरतलब है कि सन 1990 के मुकाबले देश में प्रोस्टेट कैंसर के मामलों में 22 फीसदी, महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के मामलों में 33 फीसदी और सरवाइकल कैंसर के मामलों में तकरीबन 3 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। अब तो ब्रेस्ट कैंसर के मामले 23 से 30 वर्ष की महिलाओं में ज्यादातर पाये जाते हैं। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार जिस तरह डायबिटीज और हृदय रोग एक कारण से नहीं होते, उसी तरह कैंसर का भी एक कारण नहीं होता। इसके पीछे पश्चिमी जीवनशैली, डेरी उत्पादों का गलत तरीके से सेवन, रासायनिक प्रदूषण, प्रोसेस्ड फूड, कब्ज व गैस्ट्रिक समस्या की भी अहम भूमिका है। कैंसर के बढ़ते मामलों में रासायनिक खादों के इस्तेमाल में हो रही वृद्धि, खासकर ग्लाइफोसेट पेस्टीसाइड जिस पर बहुतेरे देशों में पाबंदी है व बढ़ रहे प्रदूषण की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता।

दरअसल, कैंसर का तात्पर्य शरीर में अनियंत्रित रूप से वृद्धि करने वाली कोशिकाओं से है। ये बेवजह वृद्धि कर ऊतकों को प्रभावित करती हैं और फिर धीरे-धीरे शरीर के बाकी हिस्सों को भी अपनी चपेट में ले लेती हैं। आमतौर पर शरीर का वजन बढ़ जाना, व्यक्ति की शारीरिक सक्रियता में कमी होना, दोष पूर्ण व असंतुलित तैलीय व मसाले युक्त खान-पान, व्यायाम न कर पाना, नशीले और मादक पदार्थों के अत्यधिक सेवन ही से इस रोग की चपेट में आने की संभावना ज्यादा रहती है। चाय या फिर कॉफी आदि पेय पदार्थों के अत्यधिक सेवन से कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। दरअसल, चाय और कॉफी में अन्य पेय पदार्थों के मुकाबले 4000 से ज्यादा घातक तत्व पाये जाते हैं। दवाओं का साइड इफेक्ट और आनुवंशिकता भी इसका अहम कारण है। अब तो बच्चे, नौजवान और वृद्ध भी इस बीमारी की चपेट में हैं।

निस्संदेह, ज्यादा तला-भुना खाना सेहत के लिए हानिकारक है। फिर भी लोग बड़े स्वाद और चाव से खाते हैं। अमेरिकी नेशनल कैंसर इंस्टिट्यूट के अध्ययन के अनुसार, लोगों का यह शौक ही उनके लिए जानलेवा हो सकता है। अमेरिकी कैंसर सोसायटी की पोषण व शारीरिक गतिविधियों की मैनेजिंग डायरेक्टर कोलीन डायल का कहना है कि अक्सर भुने हुए खाद्य पदार्थों का कुछ काला और जला हुआ हिस्सा वास्तव में हैट्रोसाइक्लिक एमिनंस या एचसीए होता है। यह ज्यादातर उस समय बनता है जबकि खाद्य पदार्थ यथा मांस, चिकन या मछली को ऊंचे ताप पर भूना जाता है। जो हानिकारक होता है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## जमशेदपुर, पटमदा, बोड़ाम और पोटका प्रखंड कार्यालयों पर भाजपा का हल्ला बोल

# गरीबों का पैसा लूटने वाले जेल में, अब सरकार को उखाड़ कर फेंकना है : विद्युतवरण महतो



जमशेदपुर प्रखंड कार्यालय पर धरना कार्यक्रम को संबोधित करते सांसद विद्युतवरण महतो।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** झारखंड की झामुमो कांग्रेस और राजद गठबंधन सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार, जेएसएससी प्रश्न पत्र लीक एवं नियुक्ति घोटाला, वादाखिलाफी, अराजकता, तुष्टिकरण, महिला उत्पीड़न, ध्वस्त विधि व्यवस्था और खनिज संपदाओं की खुली लूट, बिगड़ी स्वास्थ्य व्यवस्था जैसे मुद्दे को लेकर सूबे की मुख्य विपक्षी दल भाजपा राज्य की गठबंधन सरकार के खिलाफ लगातार हमलावर है। सोमवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर के हजारों कार्यकर्ताओं ने महानगर अंतर्गत जमशेदपुर, पोटका, बोड़ाम एवं पटमदा प्रखंड कार्यालय पर विरोध-प्रदर्शन कर जमकर हल्ला बोला। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में महानगर अंतर्गत 22 मंडलों के हजारों कार्यकर्ताओं ने करनडीह स्थित जमशेदपुर प्रखंड कार्यालय पर राज्य की झामुमो-कांग्रेस और राजद गठबंधन सरकार के खिलाफ जमकर विरोध-प्रदर्शन एवं नारेबाजी करते हुए राज्य सरकार पर हमला बोला। इस दौरान व्याप्त भ्रष्टाचार, जेएसएससी नियुक्ति घोटाला, खनिज संपदाओं की लूट, प्रखंड कार्यालय में हो रहे विभिन्न समस्याओं व अन्य मुद्दों के साथ जमशेदपुर महानगर अंतर्गत विभिन्न मंडलों और जनहित की प्रमुख समस्याओं को दर्शाते हुए बीडीओ को ज्ञापन सौंप समुचित निदान की मांग की। विरोध प्रदर्शन में जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, प्रदेश मंत्री सह लोकसभा चुनाव संचालन समिति के संयोजक नंदजी प्रसाद, पूर्व जिलाध्यक्षगण समेत कई वरीय नेतागण व कार्यकर्ता शामिल हुए।

**खास बातें :** आक्रोश-प्रदर्शन को पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा दिनेशानंद गोस्वामी, पूर्व जिलाध्यक्ष अभय सिंह, चंद्रशेखर मिश्रा, बिनोद सिंह, गुंजन यादव, नीरज सिंह, विकास सिंह, डॉ राजीव व अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। वहीं, मंच संचालन महामंत्री अनिल मोदी व धन्यवाद ज्ञापन घाघीडीह मंडल अध्यक्ष संदीप शर्मा बौबी ने किया।

## सरयू राय ने 28 लाख की योजनाओं का किया शिलान्यास



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री सरयू राय ने आज अपने विधानसभा क्षेत्र में लगभग 28 लाख की लागत से विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया। इन योजनाओं में बागुननगर प्राथमिक विद्यालय में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट की राशि से 20 लाख की लागत से 2 वर्गकक्ष का निर्माण तथा विधायक योजना मद से लगभग 7 लाख 80 हजार रु. की लागत से बारीडीह बस्ती, टीचर्स कॉलोनी, विनोभा सड़क में पेवर्स ब्लॉक अधिष्ठापन कार्य और सिदगोड़ा, बगान एरिया में तारा अपार्टमेंट के बगल से कृष्णा रोड तक सड़क का निर्माण होना शामिल है।

## स्पीड न्यूज

### पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बने हलधर



**जमशेदपुर।** भाजपा पिछड़ा जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के आदेशानुसार रिक्त पदों पर नये पदाधिकारियों की घोषणा की। जमशेदपुर के वरिष्ठ नेता हलधर नारायण साह को प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया गया।

### नहीं रहे सिविल डिफेंस के चीफ वार्डनर शकील



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर सिविल डिफेंस के चीफ वार्डरनर शकील अनवर खान (58) की कोलकाता में इलाज के दौरान उनका देहांत हो गया। श्री खान का इलाज कोलकाता में पिछले एक महीने से चल रहा था।

### सोनारी से लौट रहा दंपती दुर्घटनाग्रस्त, पति की मौत

**चांडिल।** बाइक से जमशेदपुर के सोनारी से वापस अपना घर बोड़ाम स्थित बोटा जा रहे दंपति अज्ञात वाहन की चपेट में आने से सड़क दुर्घटना में घायल हो गये। इसी दौरान कानदरबेड़ा एचपी पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। जिसमें बाइक चालक रवि हेंब्रम की मौत हो गयी।

### कई कॉलेजों के लिए बस सेवा शीघ्र

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला के अंतर्गत जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज, जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज, एलबीएसएम कॉलेज एवं तमाम कॉलेज के रूट में बस चलाने के संबंध में जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज के छात्र अमर तिवारी ने सरकार से अनुरोध किया था। नगर विकास विभाग ने सोमवार को बताया कि विभाग स्तर से डीपीआर तैयार कर लिया गया है जो अंतिम चरण में है। डीपीआर सेंक्शन होने के बाद विभागीय आदेश अनुसार अग्रतर कार्रवाई की जायेगी।

### पुलिस ने किया मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़

**चांडिल।** थाना क्षेत्र के कारनीडीह में चांडिल पुलिस ने छापेमारी कर अवैध नकली मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। इस छापेमारी में पुलिस ने नकली शराब बनाने में प्रयुक्त किए जाने वाले स्प्रिट, रेपर, सिल एवं अन्य सामान के साथ करीब 20 पेटी नकली शराब बरामद किया है। चांडिल थाना प्रभारी वरुण यादव ने बताया कि इस छापेमारी में 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। चांडिल थाना प्रभारी वरुण यादव ने कहा चांडिल थाना क्षेत्र में अवैध कारोबार को पनपने नहीं देंगे।

### युवाओं का आजसू के प्रति झुकाव : सहिस

**जमशेदपुर।** सोमवार को आजसू पार्टी पूर्वी सिंहभूम जिला समिति की एक मिलन समारोह डिमना रोड स्थित एक होटल में हुई। समारोह की अध्यक्षता कर रहे पार्टी के जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने पार्टी में शामिल होने वाले सभी सदस्यों का स्वागत और अभिनंदन किया। रामचंद्र सहिस ने कहा कि राज्य के युवाओं का झुकाव आजसू की ओर है। जिससे बेहतर झारखंड बनेगा।

# ऑटोमोबाइल डिजाइन व प्रबंधन स्कूल खोलेगा एक्सएलआरआई

- अपनी तरह के पहले स्कूल में तैयार होंगे विश्व स्तरीय डिजाइनर और डिजाइन प्रबंधक
- 2025 के अंत तक चालू होने वाली है आइएनडीइए संस्था
- स्थापना में ऑटोमोटिव उद्योग पेशेवर अविक चट्टोपाध्याय करेंगे सहयोग
- एक्सएलआरआई के पूर्व छात्र हैं अविक चट्टोपध्याय




एमओयू दिखाते बायें से अविक चट्टोपध्याय और फादर कश्मीर।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** महामारी के बाद मजबूत पुनरुद्धार, उपभोक्ताओं की बढ़ती पसंद और टिकाऊ गतिशीलता समाधानों की आवश्यकता से प्रेरित, भारत का ऑटोमोटिव क्षेत्र विकास के अपने अगले चरण के लिए तैयार है। एक महत्वपूर्ण घटक अत्यधिक कुशल डिजाइन प्रतिभा के माध्यम से न केवल मेक इन इंडिया बल्कि भारत में डिजाइन करने की क्षमता होगी। इस आवश्यकता को पहचानते हुए, 1949 में स्थापित भारत के सबसे पुराने बी-स्कूल एक्सएलआरआई ने 'इंडियन स्कूल फॉर डिजाइन ऑफ ऑटोमोबाइल्स' (आइएनडीइए) की स्थापना की घोषणा की है, जो भारत में ऑटोमोबाइल डिजाइन के लिए अपनी तरह का पहला समर्पित फिनिशिंग स्कूल है। एक्सएलआरआई के पूर्व छात्र और ऑटोमोबाइल उद्योग विशेषज्ञ अविक चट्टोपाध्याय के सहयोग से।

# टाटा स्टील यूआईएसएल ने जुस्को ग्रीन में राष्ट्रीय लाइनमैन दिवस मनाया



एक लाइनमैन को सम्मानित करते एमडी रितुराज सिन्हा।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड (टाटा स्टील यूआईएसएल) ने बिजली मंत्रालय और केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए आज जुस्को ग्रीन में राष्ट्रीय लाइनमैन दिवस मनाया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उन लाइनमैनों को सम्मानित करना था जो निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, खासकर कोविड-19 महामारी जैसे चुनौतीपूर्ण समय के दौरान। मौके पर ऋतु राज सिन्हा, एमडी, टाटा स्टील यूआईएसएल, रघुनाथ पांडे, अध्यक्ष, जुस्को श्रमिक यूनियन, कैप्टन धनंजय मिश्रा, सीनियर जीएम टाउन ओएम एंड आरई, वीपी सिंह, सीनियर जीएम - पावर सर्विसेज आदि भी थे।

, और श्री सत्यराज रथ, मुख्य मंडल प्रबंधक, सुरक्षा,सहित

### अभियान ने इंडिया दलों से तुरंत सीट-वार गठबंधन की घोषणा की मांग की

**जमशेदपुर।** सोमवार को लोकतंत्र बचाओ 2024 (अबुआ झारखंड, अबुआ राज) अभियान ने राज्य के इंडिया गठबंधन के सभी दलों को पत्र लिख कर फिर से मांग किया कि क्ठउक्रअ पार्टियां तुरंत सीट-वार समन्वय स्थापित कर जमीनी गठबंधन सुनिश्चित करे। अभियान ने जनता की मांग व चुनावी इतिहास के आधार पर राज्य के कुल 14 सीटों में 10 सीट पर पार्टी वार गठबंधन का सुझाव दिया है। इसके अनुसार गठबंधन की ओर से कांग्रेस खूंटी, रांची व लोहरदगा में लड़े, झारखंड मुक्ति मोर्चा जमशेदपुर, सिंहभूम, गिरिडीह, दुमका व राजमहल में लड़े, राष्ट्रीय जनता दल चतरा में लड़े एवं भाकपा (माले) लिबरेशन कोडरमा में।



### कदमा उलियान नेताजी चौक पर सड़क और कलवर्ट का मंत्री बन्ना गुप्ता ने किया शिलान्यास

**जमशेदपुर।** रविवार की देर शाम कदमा उलियान चौक नेताजी पार्क के सामने पथ निर्माण विभाग से बनने वाले सड़क नाली और कलवर्ट का शिलान्यास स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने पूजा अर्चना कर किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि चितरंजन वर्मा समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग थे। उक्त कार्य की अनुशंसा मंत्री बन्ना गुप्ता ने की थी। कार्य कदमा रंकनी मंदिर से भाया कदमा मार्केट मेन रोड, उलियान मेन रोड, अनिल सुर पथ होते हुए मेरिन ड्राइव तक एवं कदमा भाटिया बस्ती मेन रोड होते हुए सती घाट मेरिन ड्राइव तक, एवं अनिल सुर पथ मोड़ से रामनगर चौक भाया निर्मल महतो स्टेडियम तक सड़क, नाली एवं कलवर्ट का निर्माण होना है।

# संस्थापक दिवस पर टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन में 2324 यूनिट रक्तदान

>> मंत्री बन्ना गुप्ता ने भी किया रक्तदान



रक्तदान करते मंत्री बन्ना गुप्ता।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन ने रक्तदान का नया कीर्तिमान बनाते हुए अपने शिविर में 2324 यूनिट रक्तदान कराने में सफलता हासिल की है। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन द्वारा जमशेदजी टाटा के 185वीं जयंती के अवसर पर गत रविवार को आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा है कि कर्मस्थली जमशेदपुर से हूं तो टाटाजी के साथ भावनात्मक लगाव हैं। मैं उन्हें जीवंत देवता मानता हूं, जमशेदपुर के जनक के रूप में सदैव वे पूजनीय रहेंगे। टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन ने अपने प्रांगण में विशाल रक्तदान शिविर लगाया। इस रक्तदान शिविर में जहां एक तरफ कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं शहर के विभिन्न क्षेत्रों से भी लोग आकर के महिला पुरुष युवा सभी ने रक्तदान करने का काम किया।

# इंजीनियरों को प्रबंधकीय कौशल पैदा करने के साथ जिम्मेदार नागरिक बनना जरूरी : निर्मला

- एनआईटी के छात्रों के बीच प्रबंधकीय कौशल और प्रेरणा पर इंटरएक्टिव सत्र



मानव संसाधन विशेषज्ञ एवं आरएसबी ग्रुप की एचआर डायरेक्टर सुश्री निर्मला बेहरा एनआइटी के छात्रों और प्रध्यापकों के साथ।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आरएसबी समूह के सहयोग से तथा कंपनी के चेयरमैन, आरके बेहरा की पहल पर इस आयोजन का उद्देश्य प्रथम वर्ष के छात्रों के बीच प्रबंधकीय कौशल का निर्माण तथा व्यक्तिगत विकास के लिए समग्र दृष्टिकोण विकसित करना था। आर्डिनरी तो एक्स्ट्रा आर्डिनरी शीर्षक वाले इस कार्यक्रम में आरएसबी की ग्रुप एचआर निदेशक निर्मला बेहरा मुख्य अतिथि थीं। एक एचआर लीडर के रूप में अपने व्यापक अनुभव का लाभ उठाते हुए, उन्होंने उत्सुक छात्रों के साथ मूल्यवान अंतर्दृष्टि और युक्तियां साझा कीं। आरएसबी समूह और छात्रों के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करते हुए, एनआईटी में सॉफ्ट स्किल क्लब के प्रभारी प्रोफेसर श्री राजीव भूषण ने दिलचस्प सत्रों को सुविधाजनक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और ज्ञानवर्धक और मनोरंजक तीन दिवसीय कार्यक्रम पर अपने दृष्टिकोण साझा किये। एनआईटी के उप निदेशक प्रोफेसर राम विनॉय शर्मा ने इस पहल की सराहना की।


OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER
JHARKHAND POLICE HOUSING CORPORATION LIMITED
(Jharkhand Govt. Undertaking)
Line Tank Road, Ranchi, Contact Tel. No. 0651-2214712
(CIN: U45200JH2002SGC012154)

Very Short Notice Tender
Retender
e-Procurement Notice No. 26 / 2023-24

Letter No.- CE/3608/344 Date: 02.03.2024

JPHCL, Ranchi invites Percentage rate / item rate bids on approved Bill of Quantity from contractors registered before the publication date of this NIT (For F2)/ interested in registration with JPHCL (For SBD) in appropriate class for the works mentioned below:

| Sl. No. | Tender Reference No. | Name of Work | Approximate value of work (in Rs.) | Cost of BOQ (in Rs.) | Earnest Money Deposit (in Rs.) | Period of Completion | For | Type of Bid |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | JPHCL/ GR 01/ NIT26/ 2023-24 | Construction of G+316 U.S. Quarter (Block 3) at Sahebganj Police Line in the district of Sahebganj | 43669759.00 | 10000.00 | 437000.00 | 365 days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/SBD |
| 2 | JPHCL/ GR 02/ NIT26/ 2023-24 | Construction of Boundary Wall- 02 and Gate for Firing Range at JAP 09, Sahebganj in the district of Sahebganj | 9829871.00 | 10000.00 | 197000.00 | 180 days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 3 | JPHCL/ GR 03/ NIT26/ 2023-24 | Repair of Office Building at Hazaribag Division-02, JPHCL in the district of Hazaribag | 2346774.00 | 5000.00 | 47000.00 | 60 days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |

2. Bid document with detailed terms and conditions will be available online on e-tendering portal http://jharkhandtenders.gov.in from 04.03.2024 at 4:00 PM to 09.03.2024 up to 4:00 PM. Bids must be submitted online only at the e-tendering portal http://jharkhandtenders.gov.in on or before 4:00 PM on 09.03.2024. Bids received online will be opened at 11:00 AM on 11.03.2024.
3. Estimated Cost may vary.
4. Corrigendum/ Addendum, if any, will be published only on the above mentioned Website.

Sd/- Chief Engineer, JPHCL, Ranchi



Office of the Executive Engineer
Road Construction Department, Road Division, Khunti

e-Quotation Invitation Notice, (Very Short Notice), (2nd Call)

e-Quotation Ref. No. RCD/KHUNTI/ 289 Date:- 04.03.2024

Sealed Quotations are invited for the work **(i) Furnishing of Inspection Bunglow, Khunti under Road Division, Khunti (ii) Repairing, Maintenance and Furnishing work of Inspection Bunglow, Kamdara (iii) Repairing, Maintenance and Furnishing work of Inspection Bunglow, Torpa & (iv) Repairing and Maintenance work of Inspection Bunglow, Tamar** for all materials from Reputed Shop Keepers. Manufactures, Suppliers, Retailers, Distributors, Timber Merchants and Registered RCD contractors for items. They should quote their rates for unit mentioned in the table which will be available online. Quotationer shall submit their rates of items which will be exclusive of Royalty and all other taxes (GST) etc. Quotationer may quote rate for all the items/part of the items for which they are concerned.

1. The quotationer shall furnish Pan, GST registration certificate.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.
4. Quotationer may quote rate for all the Items / any Items for which they are concerned.
5. Manufacturers/ Producers or their authorized dealers shall quote their rate for Items which is actually manufactured/ produced/ procured by them and the rate quoted for other items shall not be acceptable.
6. The quotationer shall quote latest and authentic rate which shall reflect market rate.
7. The quotationer should have necessary Portal enrolment with their own digital signature Certificate.
8. For any query or clarification you may Contact Executive Engineer RCD, Road Division, Khunti.

नोटः–
(1) वेबसाईट में ई–कोटेशन प्रकाश की तिथि – 06.03.2024 के पूर्वाह्न 11.00 बजे।
(2) वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथि – 13.03.2024 के अपराह्न 3.00 बजे तक।
(3) ई–कोटेशन खोलने की तिथि– 15.03.2024 के अपराह्न 12:30 बजे।
(4) ई–कोटेशन अमांत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम पता – कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, खूँटी।
(5) ई–कोटेशन खोलने का स्थान :– मुख्य अभियंता(या0), पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

Executive Engineer
RCD, Road Division, Khunti

PR 321493 Road(23-24)#D



जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद, खूँटी

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
संख्या – 37 / 2023–24

1. विज्ञापन दाता का नाम :जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :दिनांक 11.03.2024 को (अपराह्न 03:00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :दिनांक 12.03.2024 को 01:00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि :दिनांक 12.03.2024 को 04:00 बजे अपराह्न तक
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी का कार्यालय।
6. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान :जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी का कार्यालय
7. कार्यो का विस्तृत विवरणी :

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | कर्रा | Construction of Pre-Fabricated 2ACR at Govt. M.S. Dekela(Part-1) | 2427800.00 | 49000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 2 | कर्रा | Construction of Pre-Fabricated 2ACR at Govt. P.S. Tiska | 2427800.00 | 49000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 3 | तोरपा | Construction of Pre-Fabricated 2ACR at Govt. U.M.S. Torpa East | 2427800.00 | 49000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 4 | मुरहू | Construction of Pre-Fabricated 2ACR at KGBV Murhu(Part-1) | 2427800.00 | 49000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 5 | मुरहू | Construction of Pre-Fabricated 2ACR at Govt. P.S. Konwa | 2427800.00 | 49000.00 | 5000.00 | 3 माह |

नोट :1. जिला परिषद, खूँटी / ग्रामीण विकास विभाग / नगर विकास एवं आवास विभाग / पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के समुचित श्रेणी का निबंधन ही मान्य होगा।
2. विस्तृत निविदा सूचना एवं शर्तें कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
3. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
4. Pre-Fabricated कार्य किये गये आवेदक के ही आवेदन पर विचार किया जायगा।

ह०/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, खूँटी

PR 321476 (District)23-24*D



कार्यालय, जिला परिषद्, कोडरमा

अति अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 13 / 2023–24
(Second Call)

वित्तीय वर्ष 2022–23 में 15वें वित्त आयोग आबद्ध / अनाबद्ध निधि के अंतर्गत प्राप्त आवंटन के तहत् स्वीकृत क्रमांक– 01, 02 एवं 03 में वर्णित कार्य के लिए झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी में निविदा की शर्त–1 के अनुसार निबंधित संवेदकों से $F_2$ प्रपत्र पर मुहर बंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिशद, कोडरमा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि (कार्यालय कार्य दिवस एवं समयावधि तक) :– दिनांक–11.03.2024
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक–12.03.2024 (अपराह्न 03:00 बजे तक)
4. निविदा खुलने की तिथि :– दिनांक–12.03.2024 (अपराह्न 04:00 बजे)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला परिशद कार्यालय, डी0आर0डी0ए0 भवन, कोडरमा।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– डी0आर0डी0ए0 सभागार, कोडरमा।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप संख्या | एक्टिविटि क्रमांक | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 86636038 | प्रखण्ड जयनगर अंतर्गत पंचायत कटिया के टोला लपसियाडीह में शंकर बिहारी के नया मकान के पास दुकान से सहदेव भदानी घर तक ढक्कन सहित पक्की नाली निर्माण | 440200.00 | 8900.00 | 750.00 | 03 माह |
| 02 | 86635306 | प्रखण्ड जयनगर अंतर्गत पंचायत डण्डाडीह के ग्राम लोहाडंडा में दुर्गा यादव घर से कारु सिंह के खेत तक नाली निर्माण | 750000.00 | 15000.00 | 1250.00 | 03 माह |
| 03 | 86634145 | जिला परिषद कोडरमा की परिसम्पति का निर्माण, सुदृढ़ीकरण, उन्नयन एवं सौन्दर्यीकरण योजना के अन्तर्गत सतगावां बस स्टैण्ड मे चाहरदीवारी का निर्माण कार्य | 2423539.00 | 48500.00 | 5000.00 | 03 माह |

निविदा की शर्तें www.koderma.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, कोडरमा

PR 321469 (Panchayati Raj)23-24*D

## स्पीड न्यूज

### भाजपाईयों ने निकाली जनाक्रोश रैली



मांग पत्र सौंपते कार्यकर्ता

**धुरकी।** भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रताप जायसवाल की अध्यक्षता में धुरकी प्रखंड मुख्यालय में जनाक्रोश रैली निकाली गई। राज्य में व्याप्त भय, भूख भ्रष्टाचार, रेप, हत्या, पेपर लीक सहित जमीन माफियाओं के बोलबाला के विरोध में रैली निकाली गई। साथ ही झारखण्ड राज्य के महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व जिला महामंत्री इन्द्रमणि जायसवाल, मंडल अध्यक्ष उपेन्द्र चंद्रवंशी, मंगल यादव, सांसद प्रतिनिधि सुदर्शन प्रसाद गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि चंद्रदेव बैठा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, टाटीदीरी पंचायत अध्यक्ष पंकज गुप्ता, गनियारी पंचायत अध्यक्ष उपेन्द्र यादव, मिथिलेश यादव, डॉ रघुनाथ, मंजेश सिंह, मदन राम, कृष्णा बैठा, नारायण साव आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

### झारखंड सरकार के विरुद्ध भाजपाइयों ने किया विरोध प्रदर्शन



ज्ञापन सौंपते भाजपाई

**केतार।** प्रखंड मुख्यालय पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद के नेतृत्व में राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार, जेएसएससी की परीक्षा में पेपर लीक, अबुआ आवास के नाम पर व्याप्त भ्रष्टाचार, राज्य में गिरते कानून व्यवस्था के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रखंड परिसर में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने सरकार के विरोधी नारे लगाते हुए पहुंचे। इसके पश्चात जेएसएससी परीक्षा की सीबीआई जांच एवं राज्य में व्याप्त भ्रटाचार पर अंकुश लगाने के लिए राज्यपाल के नाम बीडीओ सावित्री कुमारी को ज्ञापन सौंपा। मौके पर जिला परिषद सदस्य सह विधायक प्रतिनिधि ज्वाला प्रसाद, उमेंद्र यादव, सतेंद्र ठाकुर, रविन्द्र सोनी, उमेश सिंह, मनोज फौजी, सीताराम जायसवाल, अजय गुप्ता, पंकज जायसवाल आदि लोग उपस्थित थे।

### डीसी ने अनुभव प्रमाण पत्र देकर शशिकांत श्रीवास्तव को किया सम्मानित



**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान का 2 मार्च 2024 को झारखंड सरकार कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा अधिसूचना जारी कर स्थानांतरण प्रबंध निदेशक, झारखण्ड मेडिकल एण्ड हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एण्ड प्रोक्योरमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, राँची के पद पर किया गया है। वहीं संयुक्त सचिव, वित्त विभाग, झारखण्ड, राँची के पद पर पदस्थापित घोलप रमेश गोरख स्थानान्तरित करते हुए चतरा जिला का जिला दण्डाधिकारी एवं उपायुक्त नियुक्त किए गए हैं। इसी क्रम में सोमवार को निवर्तमान उपायुक्त चतरा अबु इमरान ने समाहरणालय कार्यालय कक्ष में जिला जनसंपर्क कार्यालय चतरा में सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर के पद पर कार्यरत शशिकांत कुमार के कार्यों का अनुशंसा करते हुए उन्हें अनुभव प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही कहा शशिकांत श्रीवास्तव सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर के पद पर जिला जनसंपर्क कार्यालय चतरा में 1 मार्च 2019 से कार्यरत हैं।

### भाजपा कार्यकताओं ने जे एसएससी नियुक्ति घोटाले के विरुद्ध किया धरना प्रदर्शन




**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में मैन गेट के सामने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने राज्य सरकार के विरुद्ध व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बीते दिनों जे एस एस सी नियुक्ति में रिकॉर्ड घोटाले किए गए।साथ ही साथ गरीबों को मिलने वाले अबुआ आवास में भी जमकर भ्रष्टाचार देखने को मिल रहा है।लेकिन राज्य सरकार में शामिल मंत्रियों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है,सभी अपने-अपने सम्पत्ति अर्जित करने में लगे हैं। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के कार्यकर्ता अशोक गुप्ता,ओबीसी मोर्चा हजारीबाग जिला प्रभारी बिंदेश्वरी यादव,पूर्व जिला कार्यसमिति सदस्य लखन दांगी,शीला देवी,रामानंद दांगी,मंडल उपाध्यक्ष संतोष दांगी अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रसादी पासवान पंचायत संयोजक राकेश गुप्ता, बिरेंद्र साव, शिवकुमार दांगी,राजु साव,दिनेश्वर सिंह,पूर्व मुखिया महेंद्र राम,जवाहर यादव,तुलेश्वर यादव, ब्रजेश सिन्हा समेत कई लोग मौजूद थे।

### बच्चियों का किया गया हीमोग्लोबिन जांच

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय गिद्धौर में सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा 100 बच्चियों का हीमोग्लोबिन जांच निशुल्क किया गया।यह कार्य अनिल कुमार एवं अनीशा चेन्नई के द्वारा किया गया है।जहां विद्यालय के बच्चियों के साथ शिक्षीका भी उपस्थित थीं।

# हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

## अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश गुलाम हैदर की आदालत ने सुनाई सजा

**20 हजार रूपये जुर्माना भी लगाया, जुर्माना की राशि नहीं देने पर एक वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी**



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** आपसी विवाद में हत्या किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम गुलाम हैदर की अदालत ने सोमवार को आरोपी उज्जवल यादव उर्फ उज्जवल कुमार पिता मनोज कुमार यादव डूमरडीह नवलशाही कोडरमा निवासी को 302 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 20 हजार रूपये जुर्माना लगाया।

जुर्माना की राशि नहीं देने पर एक वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामला वर्ष 2021 का है। इसे लेकर नवलशाही थाना कांड संख्या 27/2021 एवं एसटी 141/2021 दर्ज किया गया था। वहीं अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने किया। इस दौरान सभी 18 गवाहों का परीक्षण कराया गया। लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने कार्रवाई के दौरान अपराा की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्षों का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया। इसे लेकर मृतक बहू आरती देवी ने नवलशाही थाना में मामला दर्ज कराया था। थाना को दिया आवेदन में कहा था कि 9 मई 2021 को मैं रात्रि में अपने बच्चों के साथ अपने कमरे सोने चली गई थी। वहीं उसके ससुर वासुदेव महतो अलग कमरे में सोने गए थे। रात में लाइट काटने पर गर्मी के कारण उनकी नींद खुल गई और जब वह उठी तो कुछ तेज-तेज आवाज सुनाई दे रहा था। इस कारण वह अपने ससुर के कमरे में देखने गई तो देखी कि वह वहां पर नहीं थे। तब वह बाहर की ओर गई। बाहर जाकर देखी कि उसके ससुर को उज्जवल यादव एवं अंकित यादव मिलकर मार रहे हैं। तब वह जोर-जोर से चिल्लाने लगी इस पर आसपुर से एक दो महिलाएं वहां आ गई। जिसके बाद वह दोनों उसके ससुर को लेकर अपने घर में चले गए और कुछ देर के बाद उन्हें मारकर मेरे दरवाजे पर फेंक दिया जब वह ससुर को पानी देने गई तो वह मृत अवस्था में थे। उन्होंने थाने आवेदन देकर आरोपियों पर उचित कार्रवाई करने की मांग की थी।

### महिला के साथ छेड़छाड़ करने एवं हमला करने के आरोपी को तीन वर्ष सश्रम कारावास

**आठ हजार रूपये जुर्माना भी लगाया जुर्माना की राशि नहीं देने पर चार महीना अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी**

**कोडरमा।** एक महिला के घर में घुसकर गलत नीयत से छेड़छाड़ करने, दुष्कर्म करने का प्रयास करने, असफल रहने पर मारकर घायल करने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाीश प्रथम गुलाम हैदर की अदालत ने आरोपी 55 वर्षीय बद्री राणा पिता कार्तिक राणा आदर्श मोहल्ला कोडरमा निवासी को 326 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए तीन वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही आठ हजार रूपये जुर्माना लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर चार माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वहीं अदालत ने 341 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए एक वर्ष कारावास की सजा सुनाई एव जुर्माना लगाया। सभी सजाऐ साथ-साथ चलेंगी। मामला वर्ष 2020 का है। इसे लेकर कोडरमा थाना कांड संख्या 72/2020 एवं एसटी 48/2021 दर्ज किया गया था। वहीं अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने किया। इस दौरान सभी 7 गवाहों का परीक्षण कराया गया। लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनवर हुसैन ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्षों का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को दोषी पाते हुए सजा तय किया और जुर्माना लगाया। इसे लेकर मुक्तभोगी महिला ने कोडरमा थाना में आवेदन देकर बद्री राणा पर घर में घुसकर उसके साथ गलत नीयत से छेड़छाड़ करने, जबरन दुष्कर्म करने का प्रयास करने एवं उसके विरोध के बाद दुष्कर्म करने में असफल रहने पर मार कर गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था और न्याय दिलाने की गुहार लगाई थी।

### 151 सामुहिक विवाह को लेकर मां गढ़देवी मंदिर में पूजा अर्चना



पूजा अर्चना करते संस्था के सचिव विकास कुमार माली

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** आगामी दिसंबर माह में 151 कन्याओं का सामूहिक विवाह को लेकर कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास कुमार माली ने मां गढ़देवी मंदिर में पूजा अर्चना किया। इस दौरान संस्था के सचिव ने कहा कि आगामी दिसंबर माह में 151 कन्याओं का सामूहिक विवाह को लेकर मां गढ़देवी का आशीर्वाद लेने गढ़देवी मंदिर में आया था। उन्होंने कहा कि होने वाले दिसंबर माह में 151 कन्याओं का सामूहिक विवाह को लेकर जिले के विभिन्न प्रखंड में कार्य तेजी से शुरू कर दिया गया है। जिसे लेकर विभिन्न प्रखंड में कार्यालय का भी शुभारंभ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 6 मार्च को गढ़वा जिला के डंडई प्रखंड में कार्यालय का उद्घाटन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे संस्था बाल विवाह, दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या जैसी कुरीतियां को दूर करने के लिए इस तरह का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह करने से फिजूल का खर्च भी बचता है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व में भी हमारे संस्था सामुहिक कर प्रोत्साहित करने का कार्य करती है।

### झारखंड सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया धरना-प्रदर्शन

**सतगावां (कोडरमा)।** झारखंड सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा प्रखंड इकाई ने प्रखंड मुख्यालय परिसर में सोमवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। धरना कार्यक्रम में जिला महामंत्री सह प्रखंड प्रभारी राजकुमार यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मांगो को लेकर धरना दिया। जिसमें प्रधानमंत्री आवास, अबुआ आवास निर्माण के लिए बालू उठाव पर रोक हटाने, जेएसएससी नियुक्ति में हुए घोटाले तथा प्रदेश में व्याप्त भ्रष्टाचार आदि मांग शामिल हैं।

### पोषण सखी ने फिर उठाई नौकरी वापसी की मांग, सीटू के बैनर तले किया प्रदर्शन

**कोडरमा।** आंगनबाड़ी केन्द्रों की पोषण सखी ने फिर से नौकरी वापसी की मांग पर संघर्ष तेज कर दिया है। सोमवार को पोषण सखी समन्वय समिति (सीटू) के बैनर तले समाहरणालय गेट पर दर्जनों पोषण सखियों ने प्रदर्शन व नारेबाजी कर पुनः नौकरी वापसी की मांग की। इस दौरान झारखंड सरकार होश में आओ, पोषण सखी को बहाल करना होगा आदि नारे लगाए जा रहे थे। इस बीच मांगों से संबंाित ज्ञापन भी मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त कार्यालय में दिया गया। वहीं सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि पिछले दिनों कुपोषण मिटाओ अभियान के तहत झारखंड के छह जिलों चतरा, ानबाद, दुमका, गोड्डा, गिरिडीह और कोडरमा के आंगनबाड़ी केंद्रों में 10388 पोषण सखी कार्यरत थी, जिन्हें केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा दिया जाने वाला केन्द्रीय फंड बंद कर दिए जाने के कारण एक झटके में दो वर्ष पूर्व झारखंड सरकार ने इन्हें काम से हटा दिया। नौकरी वापसी के लिए पोषण सखी लगातार गुहार लगा सड़क से न्यायालय तक संघर्ष कर रही है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

## रमेश घोलप ने निवर्तमान उपायुक्त से ग्रहण किया पदभार



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले के 38वें उपायुक्त के रूप में सोमवार को रमेश घोलप ने निवर्तमान उपायुक्त अबु इमरान से पदभार ग्रहण किया। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में निवर्तमान उपायुक्त ने नव नियुक्त उपायुक्त को पुष्प गुच्छ भेंट कर चतरा जिला में स्वागत किया एवं शुभकामनाएं दी। पदभार ग्रहण करने के पश्चात उपायुक्त ने समाहरणालय के सभागार में उपस्थित जिले के पदाधिकारियों से परिचय लिया एवं एक साथ मिलकर चतरा जिले के विकास के लिए कार्य करने की बात कही। उन्होंने जिले के विकास कार्यों को आगे ले जाने एवं सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने को लेकर सभी विभागों के पदाधिकारियों को आपस में समन्वय बनाते हुए प्राथमिकता के आधार पर ससमय कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने बिना किसी कारण कार्यों को लंबित न रखने का निर्देश दिया। आगे कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारी प्राथमिकता रहेगी। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से चुनाव के लिए हरसंभव तैयारी करनी है। इसके लिए सभी अधिकारी तथा कर्मचारियों का सहयोग अपेक्षित है। आज से ही चुनाव की तैयारियों पर जिला प्रशासन का पूरा फोकस रहेगा।साथ ही कहा ज्यादा से ज्यादा मतदान हो उसके लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा।

### बीईओ व बीपीओ के खिलाफ शिक्षकों ने किया बवाल, हुई बैठक

**गिद्धौर।** प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को शिक्षक व सहायक अध्यापकों के साथ समन्वय बनाने को लेकर प्रमुख अनीता यादव की अध्यक्षता में बैठक किया। बैठक में उपस्थित शिक्षक व सहायक अध्यापकों ने बीईओ कानन पात्रा, बीपीओ नीरज कुमार सिंह के रवैया से क्षुब्ध होकर शिक्षकों सहायक शिक्षकों ने काफी बवाल काटा है। साथी शिक्षक नियुक्ति को लेकर राशि वसूली की मामला भी प्रकाश में आया है। जबकि शिक्षकों के निजी ऋण के लिए अकाउंटेंट के द्वारा राशि की मांग की गई थी।जिसे ले कई मामलों का उजागर प्रमुख के समक्ष किया गया। साथ ही साथ बीआरसी भवन में एफएलएन के तहत प्रशिक्षण दिया जा रहा था।

## बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क में की गई गंगा आरती

### टाउन हॉल के मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिले में रविवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन द्वारा पांच बड़ी योजनाओं के लोकार्पण के मौके पर संध्या में गंगा आरती का आयोजन किया गया। जनता को समर्पित बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क में काशी विश्वनाथ से आए विद्वानों ने पूरे विधि विधान के साथ गंगा आरती की।

मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेद्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मंत्री श्री ठाकुर ने गंगा आरती के लिए काशी विश्वनाथ से आए सभी विद्वान कलाकारों को सम्मानित किया। जबकि टाउन हल के मैदान में सांसतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बाहर से आए सुप्रसिद्ध कलाकारों ने एक से बढ़ कर एक कार्यक्रम की प्रस्तुति की। कलाकारों की प्रस्तुति से मौजूद सभी दर्शक मंत्रमुग्ढ हो गए। पद्मश्री मुकुंद नायक एवं उनकी टीम ने झारखंडी लोक संसति की झलक एवं कत्थकली नृत्य प्रस्तुत की।

इस दौरान कलाकारों ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी की झलक प्रस्तुत की। इसकी प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की दर्शकों ने काफी सराहना की। जबकि संध्या में सुविख्यात लोकगीत गायक चंदन तिवारी एवं कुमार सत्यम ने भोजपुरी लोकगीत प्रस्तुत की। कलाकारों ने ऐसी समा बांधी कि दर्शक मंत्रमुग हो गए। इस कार्यक्रम में बाहर से आए कलाकारों के साथ-साथ स्थानीय कलाकार उमेश विश्वकर्मा, प्रभा विश्वकर्मा, सोनी पांडेय आदि ने भी एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत की। मौके पर मुख्य रूप से जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, जिप अध्यक्ष शांति देवी, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, नप के पूर्व अध्यक्ष अनीता दत्त, चंपा देवी, दीपमाला, दिलीप गुप्ता, आशीष अग्रवाल, मनोज झा, प्रमोद कुमार सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



गंगा आरती में शामिल मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार


**उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग**
**(जिला योजना)**
e-Mail:- dpohazaribagh@gmail.com

**अति अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति**

वित्तीय वर्ष 2023–24 में **आकांक्षी जिला कार्यक्रम नीति आयोग के Plan of Action के अन्तर्गत BALA (Building as Learning Aid) के लिए हजारीबाग जिला के 222 डेमो विद्यालय में बाला (शिक्षण सहायता के रूप में भवन) शुरू करके एक सुसंगत समावेशी वातावरण बनाने के माध्यम से छात्रों के सीखने के परिणामों में सुधार करने हेतु** विभिन्न शर्तों के साथ अति अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। इच्छुक संस्थान/फर्म **दिनांक 11.03.2024 के पूर्वाह्न 11:00 बजे तक** निम्नांकित शर्तों के अनुरूप अपना मुहरबंद इच्छा की अभिव्यक्ति एवं विस्तृत विवरणी जिला योजना कार्यालय, हजारीबाग, समाहरणालय भवन, द्वितीय तल्ल में जमा किया जाना है एवं **दिनांक 11.03.2024 के अपराह्न 01:00 बजे** प्राप्त इच्छा की अभिव्यक्ति को समिति के समक्ष खोला जायेगा। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् जमा किये जाने वाले **इच्छा की अभिव्यक्तियों** पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

इच्छा की अभिव्यक्ति के नियम एवं शर्तें, संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजों की विवरणी, Scope of Work (Annexure-1) आदि समाहरणालय, हजारीबाग के वेबसाईट https://www.hazaribag.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला योजना पदाधिकारी, हजारीबाग।

PR 321458 (Planning and Development) 23-24 (D)

**कार्यालय :– जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा**

**अति अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण**

आसन्न लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए निदेशक मत्स्य, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 219 दिनांक 05.02.2024 के द्वारा सूचित किया जाता है, कि तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्वार योजना अन्तर्गत जिला के विभिन्न जलाशय में अधिष्ठापित पुराने केजों, RAS/Biofloc Tank/Biofloc Pond में पंगेशियस, GIFT तिलापिया एवं अन्य उपयुक्त मत्स्य बीज का संचयन का कार्य किया जाना है। अतएव इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता से मुहर बंद लिफाफा में इच्छा की अभिव्यक्ति का आवेदन दिनांक 11.03.2024 को अपराह्न 05:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में आमंत्रित की जाती है।

आवश्यक शर्तें
1. आपूर्तिकर्त्ता को अपने निजी खर्च पर स्वस्थ एवं जीवित अवस्था में अच्छे गुणवत्ता व आकार वाले पंगेशियस, GIFT तिलापिया एवं अन्य उपयुक्त बीज को केज स्थल तक पहुँचा कर आपूर्ति करना होगा।
2. पंगेशियस, मोनोसेक्स तिलापिया एवं अन्य उपयुक्त बीज का सरकारी दर 1.50/– रु0 प्रति पीस है (परिवहन सहित)।
4. चयनोपरांत पंगेशियस, GIFT तिलापिया एवं अन्य उपयुक्त बीज का समय पर आपूर्ति नहीं किये जाने पर आपूतिकर्त्ता को काली सूची में डाल दिया जायेगा।
5. आपूर्तिकर्त्ता के इच्छा की अभिव्यक्ति का प्रस्ताव को रद्द करने का अधिकार बिना कारण बताये अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
6. विगत तीन वर्षो का आयकर रिटर्न (2020–21 से 2022–23) कर संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. काली सूची में नाम दर्ज न होने का स्व–हस्ताक्षरित घोषणा पत्र।
8. अग्रधन के रूप में राशि 20000/–रू0 मात्र जो जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा के पदनाम से भुगतेय होगा बैंक ड्राफ्ट किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत हो।
9. आपूर्तिकर्त्ता का GST निबंधन अनिवार्य है।
10. आपूर्तिकर्त्ता को अद्यतन GST Return आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
कोडरमा

PR 321365 (Fish)23-24*D

**जिला अभियंता का कार्यालय जिला परिषद, खूँटी।**

**2nd call**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

संख्या – 36/2023–24

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 11.03.2024 को (अपराह्न 03:00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि : दिनांक 12.03.2024 को 01:00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 12.03.2024 को 04:00 बजे अपराह्न तक
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी का कार्यालय।
6. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी का कार्यालय
7. कार्यो का विस्तृत विवरणी :

| क्र. | प्रखण्ड | ग्राम | कार्य का नाम | प्रा० राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Torpa | Barkuli | Construction of pcc road 400ft from Deepak kansi to Devdat Hemrom house | 580000.00 | 1200.00 | 1250.00 | 02 माह |
| 2 | Torpa | Icha | Construction of 500ft pcc road from girjatoli to hanuman mandir | 725000.00 | 14500.00 | 1250.00 | 02 माह |
| 3 | Torpa | Jagu | Construction of pcc road 550ft from Sukra dhanwar to Navin dhanwar house | 798000.00 | 16000.00 | 1250.00 | 02 माह |
| 4 | Torpa | Jari | Construction of 500ft pcc road from Akhara to Primary School jari | 725000.00 | 14500.00 | 1250.00 | 02 माह |
| 5 | Torpa | Kasmar | Construction of pcc road 800ft from Kachhi road to gola horo house in kashmar derenga toli | 1160000.00 | 24000.00 | 2500.00 | 02 माह |
| 6 | Torpa | Kocha | Construction of pcc road 600ft from karma singh house to pakka kuwa in kocha khas | 870000.00 | 18000.00 | 1250.00 | 02 माह |

नोट :1. जिला परिषद, खूँटी/RWD के समुचित श्रेणी का निबंधन ही मान्य होगा।
2. विस्तृत निविदा सूचना एवं शर्ते कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
3. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

ह०/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, खूँटी।

PR 321384 District(23-24)D

स्पीड न्यूज

## उपायुक्त गरिमा सिंह से मिले मजदूर संघ अध्यक्ष शीतल साहू

● जिला प्रशासन मजदूरों की करे मदद : शीतल साहू


मुलाकात करते अध्यक्ष।

**लातेहार।** राष्ट्रीय कोलवरी मजदूर संघ अध्यक्ष शीतल साहू ने सोमवार को लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह से शिष्टाचारिक मुलाकात की। उन्होंने नवगठित यूनियन की जानकारी देने तथा लातेहार जिले में मजदूरों के हितार्थ योजनाओं को चलाने हेतु उपायुक्त से मुलाकात किया है। इस बाबत राष्ट्रीय कोलवारी मजदूर संघ अध्यक्ष शीतल साहू ने बताया है कि लातेहार जिले में मजदूरों को लेकर जिला प्रशासन सतर्क नहीं है। लातेहार जिले के कई मजदूर रोजगार के अभाव में पलायन करने को विवश हैं। लातेहार में जो भी कंपनियां काम कर रही है। उनका वास्ता मजदूरों से नहीं है। कंपनियां मजदूरों का शोषण भी कर रही है। इस बाबत उपायुक्त महोदय से मुलाकात किया गया है। मौके पर मोहम्मद अख्तर खान, धनराज यादव, मुकेश यादव, राजेंद्र उरांव, आरती देवी, अनीता देवी, मनीषा देवी, तानिया कुमारी, ललिता कुमारी समेत दर्जन संघ के सदस्य मौजूद थे।

## राष्ट्रीय जनता दल प्रखण्ड कमिटी की बैठक सम्पन्न

**चंदवा।** आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए राष्ट्रीय जनता दल प्रखण्ड कमिटी की बैठक स्थानीय पथ निर्माण विभाग के विश्रामगर में परिसर में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता हारून रशीद ने की। बैठक में राष्ट्रीय जनता दल युवा मोर्चा के प्रदेश सचिव सूरज यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ होते हैं और उनकी ही बदौलत कोई भी पार्टी चुनावी जंग जीतती है। आने वाले लोकसभा चुनाव में गठबंधन का प्रत्याशी होगा। प्रत्याशी के जीत दिलाने के लिए अभी से ही तैयारी शुरू करनी है। उन्होंने कार्यकताओं से गांव-गांव जाकर पार्टी के सिद्धांतों से लोगों को अवगत कराने का आह्वान किया और चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आवाहन किया। मौके पर जयमंगल गंझु, महेश लोहार, संजय गंझू, दिनेश उरांव, अनिल कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने बीडीओ को राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन


प्रदर्शन करते भाजपाई।

**हेरहंज।** प्रखण्ड कार्यालय परिसर पर भाजपा ने सोमवार को राज्य सरकार के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। जेएसएससी पेपर लीक मामले में सीबीआई जांच और राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर भाजपा के द्वारा हेरहंज प्रखंड कार्यालय के पास भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष जायसवाल के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना दिया गया। एक दिवसीय धरना में मुख्य रूप से कार्यक्रम प्रभारी भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष अमित लाल नाथ सहादेव उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि पूरा राज्य मे भ्रष्टाचार के आतंक में डूब गया है। यही कारण है कि अबुआ आवास के नाम पर रिश्वत मांगी जा रही है। हम आज चेतावनी देने आए हैं अगर सरकार नहीं चेती तो हम इस सरकार को आने वाले चुनाव में उखाड़ फेंकने का काम करेंगे। वहीं भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष जायसवाल ने लोगों को संबोधित किया। वही भाजपा मंडल अध्यक्ष व भाजपा परिवार के द्वारा महा महिम राज्यपाल के नाम प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रदीप दास को ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भाजपाईयों ने जेएसएससी में पेपर लीक एवं नियुक्ति घोटाला को लेकर दिया धरना


धरने पर बैठे लोग।

**बारियातू।** प्रखंड के भाजपाईयों ने राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार, जेएसएससी में पेपर लीक एवं नियुक्ति घोटाला को लेकर सोमवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर महामहिम राज्यपाल के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी को आवेदन सौंपा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह ने किया। इससे पूर्व भाजपाईयों ने मंडल कार्यालय से जुलुस निकाला जो फुलसु मोड़, मध्य विद्यालय होते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंचे जहां धरना प्रदर्शन किया गया। वहीं धरना प्रदर्शन मे संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने कहा कि चम्पई सरकार की नाकामी, वादा खिलाफी ने आम जनता, युवा, महिला, किसान, दलित, आदिवासी, सभी वर्गों को आंदोलन के लिए मजबूर किया है। वहीं जिप सदस्य रमेश राम, सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र कुमार सिंह, जिला मंत्री ब्रजमोहन राम ने भी अपनी-अपनी बात रखी। इसके बाद राज्यपाल के नाम मंडल अध्यक्ष के हस्ताक्षर युक्त आवेदन प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंप कर धरना का समापन किया। मौके पर सैकड़ो भाजपाई मौजूद रहे।

### राज्य की जनता सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं का संकट झेल रही है

# सत्ताधारी गठबंधन के कारनामों ने राज्य को कलंकित व शर्मशार किया है : अमित गुप्ता

### जेएसएससी पेपर लीक व नियुक्ति घोटाला को लेकर भाजपा ने प्रखंड कार्यालय में दिया धरना


मौके पर मौजूद भाजपाई धरना देते हुए।


कार्यक्रम को संबोधित करते चेतलाल रामदास।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** जेएसएससी पेपर पेपर लीक व नियुक्ति घोटाला हुआ राज्य में व्यापक भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा प्रदेश कमेटी के आह्वान पर चंदवा मंडल भाजपा कमेटी के द्वारा प्रखंड सह अंचल कार्यालय प्रांगण में रोषपूर्ण प्रदर्शन व धरना कार्यक्रम किया गया। धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता ने की। वहीं मुख्य अतिथि के रूप के जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा के अलावे चेतलाल रामदास, राकेश दुबे व मुकेश पांडेय मौजूद थे। धरना को सम्बोधित करते हुए जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार की नाकामियों, वादाखिलाफी से राज्य की आम जनता, युवा, महिला, किसान, दलित आदिवासी समेत सभी वर्ग के लोग आंदोलन को मजबूर है। राज्य की जनता न सिर्फ सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं का संकट झेल रही बल्कि भय और आतंक के साये में भी जी रही है। राकेश दुबे ने कहा कि प्रखण्ड स्तर पर अबुवा आवास योजना में पैसे लेन देन जैसी बात लगातार सामने आ रही है। उचित लाभुक के स्थान पर पैसे के बल पर अयोग्य लाभुकों को अबुवा आवास आबंटित किया जा रहा है। साथ ही प्रखण्ड स्तर पर भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर जल नल योजना को स्थानीय अधिकारियों के मिलीभगत से अंतिम व्यक्ति के घर तक शुद्ध पेयजल पहुचाने में नाकाम रही है। मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता ने जिले में रि-सर्वे कराने पर जोर दिया। कहा कि खान, खनिज, बालू, पत्थर व जमीन की लूट के साथ आजाद भारत के सबसे बड़े कैश कांड का गवाह हमारा झारखंड बन गया है। सत्ताधारी गठबंधन के कारनामो ने राज्य को कलंकित व शर्मशार किया है। अन्य वक्ताओ ने भी अपने अपने विचार रखे। धरना के समाप्ति के बाद उपस्थित लोगों ने उपायुक्त के पदनाम एक ज्ञापन अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक को सौपा। मौके पर मंडल महामंत्री दीपक निशाद, शिवकेश्वर यादव, मनीष कुमार चांदो, भाजयुमो अध्यक्ष रिकी वर्मा, कुलामन साहू, रामप्रसाद साहू, मंजू देवी, मीनाक्षी देवी, मनोज पाठक, राजेश यादव, सुर्यनारायण साहू समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### विशेष प्रमंडल ने निमार्णाधीन सदर प्रखंड के हेठ पोचरा मे पुल निर्माण कार्य की जांच की

## जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी : डीएमएफटी प्रभारी संतोष भगत


प्रेस वार्ता कर जानकारी देते डीएमएफटी प्रभारी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** जिले के संवेदकों द्वारा डीपीओ सह डीएमएफटी के प्रभारी पदाधिकारी संतोष भगत पर अवैध रुपए मांगने की शिकायत उपायुक्त से करने की खबर प्रकाशित होने के बाद सोमवार को संवेदक संघ के जिला अध्यक्ष संत कुमार गुप्ता की विशेष प्रमंडल से निमार्णाधीन सदर प्रखंड के हेठ पोचरा मे पुल निर्माण कार्य की जांच की। जांच कर लौटने के बाद कार्यालय में पत्रकारों के साथ प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि ठेकेदार के पुल निर्माण मे काफी अनियमितता बरती जा रही है। कार्य मे शुरूआती दौर से ही घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा सेल, टाटा, जिंदल व इलेक्ट्रो स्टील कंपनी का छड़ उपायोग करना है। उन्होंने बताया कि संवेदक द्वारा रूंगटा कंपनी का छड़ लगाया गया है। उन्होंने कहा कि कार्य कर रही एजेंसी विशेष प्रमंडल के जूनियर इंजीनियर समेत अभियंता भी इसमे दोषी है और उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी। उन्होने बताया कि डीएमएफटी से जिले मे नौ सौ योजनाएं चल रही है। लेकिन कितनी योजनाएं पूर्ण हुई और कितनी योजनाओ मे संवेदको को राशि का भुगतान हुआ है। इसकी जानकारी उन्होंने नही दी। वर्ष 2021 मे लघु सिचाई प्रमंडल से जिले के चंदवा, मनिका और लातेहार प्रखंड मे दस योजना की मरम्मति के लिए निविदा प्रकाशित की गयी थी। जिसमे मनिका प्रखंड के दो योजनाओं की जांच के बाद भी भुगतान नही हुआ है। इस पर उन्होंने कहा कि दिसंबर 2023 मे ही डीएमएफटी का प्रभार मिला है। जो योजनाएं की जांच कर ली गयी है। उसका भुगतान कर दिया जायेगा। इधर डीएमएफटी प्रभारी संतोष भगत ने जिस योजना की जांच की उसे भुगतान के लिए विशेष प्रमंडल के कनीय अभियंता, सहायक अभियंता, कार्यपालक अभियंता ने अपने सिग्नेचर में विभाग को पेमेंट करने के लिए भेजा है, लेकिन भुगतान नहीं होने के कारण संवेदकों ने शिकायत डीसी से की थी।

एक नजर में

## डायन कुप्रथा उन्मूलन के लिए उपायुक्त गरिमा सिंह ने किया जागरूकता रथ रवाना


जागरूकता रथ रवाना करते डीसी।

**लातेहार।** डायन कुप्रथा उन्मूलन हेतु सोमवार को उपायुक्त गरिमा सिंह के द्वारा समाहरणालय परिसर से तीन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस जागरूकता रथ के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच कर ग्रामीणों के बीच डायन प्रथा उन्मूलन पर जन जागरूकता फैलाने का कार्य किया जाएगा। उक्त के आलोक में उपायुक्त के द्वारा बताया गया कि जिला के सुदूरवर्ती ग्रामों से समय-समय पर डायन बिसाही के नाम पर महिलाओं के साथ क्रूरता के मामले प्रकाश में आते रहते हैं। डायन प्रथा मुख्यत: समाज के लिए एक अभिशाप है। जिसका शिकार ज्यादातर गरीब, कमजोर एवं विधवा, एकाल महिलाएं होती है। जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा संचालित जागरूकता रथ ग्रामीण क्षेत्रों में जन जागरूकता के साथ ही डायन प्रथा उन्मूलन के लिए कार्य करेगी। डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम 2001 के तहत किसी महिला को डायन के रूप में पहचान करने वाले तथा उसे पहचान के प्रति अपने किसी भी कार्य, शब्द या रीति से कार्रवाई करने वाले को अधिकतम तीन महीने तक कारावास की सजा तथा 1000 जुमार्ना अथवा दोनों का प्रावधान है। इसके अलावा किसी महिला की डायन के रूप में पहचान करउसे शारीरिक या मानसिक यातना देने, जानबूझकर या अन्यथा प्रताड़ित करने पर 6 माह की अवधि के लिए कारावास की सजा अथवा 2000 तक जुमार्ना अथवा दोनों प्रावधानित है। इस दौरान उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, डीपीएम-जेएसएलपीएस आदि उपस्थित थें।

## प्रसव ऑपरेशन के बाद महिला की मौत, परिजनों ने काटा बवाल


हंगामा करते लोग।

**बारियातू।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मॉ उग्रतारा नर्सिंग होम में सोमवार को प्रसव ऑपरेशन के पश्चात एक महिला की मौत से पीड़ित परिवार व ग्रामीणों ने नर्सिंग होम में जम कर हंगामा किया। जानकारी देते हुए मृतक की मां देवंती देवी व ननद उषा देवी ने बताया कि शनिवार को रात्री नौ बजे मॉ उग्रतारा नर्सिंग होम प्रसव हेतु चेकअप के लिए पहुंचे। जहाँ डॉक्टर द्वारा जॉच के पश्चात कहा गया कि ऑपरेशन करना पड़ेगा। तो हम लोग के द्वारा बोला गया कि पहला प्रसव है कोई दिक्कत तो नहीं होगा। डॉक्टर के द्वारा सभी तरह से हमलोगों को संतुष्ट कराया गया और ऑपरेशन कर दिया। इसके बाद खुन की कमी बता कर खुन के चढ़ाने के नाम पर 6 हजार रुपए और बच्चा के इंजेक्शन के नाम पर चार हजार रुपए जमा करवाया। रविवार अर्धरात्रि काफी तबियत बिगड़ गई और सोमवार को अहले सुबह तीन बजे डॉक्टर द्वारा रांची ले जाने की बात कहा। निजी वाहन से डॉक्टर के बताये अस्पताल के लिए हम लोग रांची निकले। अपनी गाड़ी से डॉक्टर भी साथ गए। पर अस्पताल पहुँचा कर डॉक्टर भाग गए। हम लोग अस्पताल में जॉच करवाया तो बताया गया कि महिला मृत है। जिसके बाद शव को लेकर हम लोग बारियातू लौटे। जहाँ मेरे परिजनों व ग्रामीणों ने डॉक्टर से मिलने को लेकर मां उग्रतारा नर्सिंग होम परिसर में जम कर हंगामा किया। घटना व हंगामा की सुचना पाकर थाना प्रभारी राजा दिलावर सह दलबल माँ उग्रतारा नर्सिंग होम पहुंचे जहां मृतक के पती बिनोद यादव से पुरी घटना की जानकारी लिया। विनोद ने बताया कि ऑपरेशन किसने किया कैसे किया मुझे इसकी कोई जानकारी नहीं है।

## चंदवा के सासंग में स्वीप कार्यक्रम के तहत निकली जागरूकता रैली

● सीओ व इंस्पेक्टर ने लिया बूथों जा जायजा, आई एम वेरीफाई वोटर कार्यक्रम में भी हुए शामिल

● शत प्रतिशत मतदान के प्रति लोगो को किया जागरूक


जागरूकता रैली में शामिल लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से लातेहार उपयुक्त गरिमा सिंह के निदेर्शानुसार चंदवा प्रखण्ड में प्रखण्ड प्रशासन के द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को प्रखंड के सासंग पंचायत में स्वीप कार्यक्रम के तहत सखी मंडल की दीदियों के द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से आगामी लोकसभा चुनाव में बढ़ चढ़ कर मतदान करने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया। रैली को सम्बोधित करते हुए जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक मोजिबुल आरफीन, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने कहा कि हम सभी को लोकतंत्र से मतदान का अधिकार मिला है, इसलिए हम सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग कर बढ़ चढ़कर मतदान करना चाहिए ताकि लोकतंत्र को मजबूत बने। रैली में सीसी अनिल कुमार, पूनम देवी, चुनहौती लकड़ा, संजीत कुमार समेत काफी संख्या में ग्रामीण व सखी मंडल की दीदियां शामिल थीं।

#### सीओ इंस्पेक्टर ने किया कलस्टर व बूथों का निरीक्षण

इधर आगामी लोकसभा चुनाव के मध्यनजर बूथों में विधि व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर प्रशासन के द्वारा युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा हैं। डीसी गरिमा सिंह व एसपी अंजनी अंजन के निर्देशन में अंचल अधिकारी जयशंकर पाठक, पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार ने प्रखण्ड के विभिन्न कलस्टरों व बूथों का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने चकला, कामता, दामोदर मवि चंदवा समेत कई बूथों पर पहुंचे व सुरक्षा आवागमन के रास्ते समेत मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। इसी क्रम में विभिन्न बूथों में चल रहे आई एम वेरीफाइड वोटर अभियान में भी शामिल हुए।

## जेएसएससी पेपर लिक मामले को लेकर भाजपाइयों ने किया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

● जनता के हक और अधिकार को लेकर होगा उग्र आंदोलन : कन्हाई प्रसाद


धरना प्रदर्शन करते भाजपा नेता।

**बरवाडीह।** भाजपा प्रदेश कमिटी के निर्देश पर सोमवार को मंडल कमिटी के अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह के नेतृत्व में राज्य में फैले भ्रष्टाचार और जेएसएससी पेपर लिक मामले के खिलाफ प्रखंड परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जिसमे प्रभारी मुकेश सिंह, जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, अजय सोनी, भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष विकास सिंह, मण्डल संयोजक उपेंद्र प्रसाद (ओपी) समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। धरना कार्यक्रम के पूर्व पार्टी नेताओं ने पुराने ब्लॉक परिसर से विरोध मार्च निकाला और राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजे करते हुए नगर भर्मण कर प्रखंड परिसर पहुंच कर धरने पर बैठ गए। जहां राज्य सरकार के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। कार्यक्रम के प्रभारी मुकेश सिंह ने कहा की राज्य की गठबंधन की सरकार ने पुरे राज्य की जनता को भ्रष्टाचार, अपराध, बेरोजगारी, भुखमरी के मुंह पर लाकर खड़ा कर दिया है, जिसके खिलाफ हमारी पार्टी राज्य के जनता के हक अधिकार को लेकर अब उग्र आदोलन कर राज्य की जनता को गठबंधन के लूट और अपराध के कारनामो को बताने का काम कर रही हैं। मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन ने कहा कि राज्य की गठबंधन की सरकार राज्य की संपति को सीधे तोर पर लूट रही है, और राज्य के युवाओ को बेरोजगारी और अपराध के मुँह में लाकर खड़ा कर दी है, जिसके खिलाफ अब पूरा संघर्ष होगा। धरना कार्यक्रम के संपन्न होने के बाद राज्यपाल के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज को माँग पत्र सौंपा गया। इस दौरान मौके पर मनरेगा सांसद दिलीप सिंह यादव, अंजय सोनी, विवेक सिंह, महामंत्री मनोज प्रसाद, प्रदीप सिंह, उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, सखीचंद प्रसाद, भाजपा महिला नेत्री रुपाली सिंह, कालो देवी, युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास सिंह, उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार, किसान मोर्चा अध्यक्ष मनोज यादव, पारस जयसवाल, उपेद्र प्रसाद और सतीश यादव समेत काफी सख्या में पार्टी के नेता और कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रखंड कार्यालय के समीप दिया एक दिवसीय धरना

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश एवं जिला अध्यक्ष के निर्देश पर सोमवार को प्रखंड कार्यालय के समीप एक दिवसीय धरना दिया गया। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद ने की। मौके पर कार्यक्रम प्रभारी चंदवा जिप सदस्य सरोज देवी ने कहा कि झारखंड की गठबंधन सरकार से राज्य की जनता त्रस्त है। राज्य मे भ्रष्टाचार का बोलबाला है। सरकारी कार्यालयो मे कोई भी काम बिना रूपया दिये नही होता है। अध्यक्षता करते हुए मंडल अध्यक्ष श्री प्रसाद ने कहा कि गरीब लोगों के लिए दिये जाने वाला अबुवा आवास मे अवैध रूपया की वसूली हो रही है। डीएमएफडी की राशि को सरकारी पदाधिकारी अपना चारागाह बना लिये है। ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री विष्णु गुप्ता ने कहा कि राज्य के युवा, किसान व आदिवासी परेशान है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हर वर्ष पांच लाख युवाओ को राजगार देने का वादा किया था जो खोखला साबित हो गया। कार्यक्रम का संचालन पिंटू कुमार रजक व धन्यवाद ज्ञापन प्रखंड महामंत्री अवधेश चंद्रवंशी ने किया।

### प्रखण्ड के विभिन्न स्थानों पर तीन पूल पुलिया का विधायक ने किया भूमिपूजन

## कार्य में किसी प्रकार की शिकायत बर्दास्त नही की जाएगी : रामचंद्र सिंह


मौके पर मौजूद विधायक व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के मोरवाई पंचायत में विधायक रामचंद्र सिंह, पश्चिम क्षेत्र जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी और मुखिया आशीष सिंह के द्वारा दो पुल -पुलिया का शिलान्यास किया गया। सबसे पहले मोरवाई पंचायत के जरगड़ गांव में जिला परिषद द्वारा बन रहे पुलिया का भूमिपूजन कर शिलान्यास किया गया। उसके बाद मोरवाई पंचायत के ही सैदूप गांव के देवरी नदी में ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल द्वारा बनाने वाला पूल का भूमिपूजन कर शिलान्यास किया गया। विधायक ने कहा कि इस पूल के बन जाने से गांव के लोगो को छिपादोहर जाने में काफी सहूलियत होगी। वहीं विधायक ने पूल के संवेदक को बरसात से पहले पूल के कार्य को पूर्ण करने का आदेश दिया है। इसके साथ-साथ विधायक ने संवेदक को कड़ी हिदायत देते हुए कहा की कहा कि कार्य में गुणवत्ता के प्रति कोई समझौता नही किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्य के प्रति किसी तरह का शिकायत मिलने पर बक्सा नही जायेगा। इसके बाद प्रखंड के मंगरा पंचायत सचिवालय के पीछे धड़धड़ी नदी में ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल से बन रहे पूल का भी विधायक रामचंद्र सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, मुखिया बिपिन बिहारी सिंह समेत कई लोगो ने पूरे विधिविधान से पूजा अर्चना और नारियल फोड़ कर भूमिपूजन करते हुए शिलान्यास किया। वहीं विधायक ने संवेदक को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का नसीहत दिया है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह (पिंटू), अजय चंद्रवंशी, अनिल कुमार सिंह, दीपू तिवारी, बीटू सिंह, रंजीत कुमार राजू, अजीत सहाय, पंकज गुप्ता, सिंपी मल्होत्रा, अशोक मल्होत्रा, पंकज तिवारी और विजय गुप्ता समेत कई लोग मौजूद थे।

## उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में डीएमएफटी न्यास परिषद की बैठक हुई संपन्न

**लातेहार।** सोमवार को विधायक बैद्यनाथ राम, मनिका विद्यायक रामचंद्र सिंह की उपस्थिति में उपायुक्त सह परिषद अध्यक्ष गरिमा सिंह की अध्यक्षता में जिला खनीज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) न्यास परिषद की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान न्यास परिषद के सदस्यों के समक्ष बैठक का एजेंडा प्रस्तुत किया गया। बैठक में विभिन्न योजनाएं जो डीएमएफटी के प्रबंधकीय समिति से अनुमोदित हैं उनके न्यास परिषद से अनुमोदन हेतु योजनाओं पर माननीय विधायक गण, उपायुक्त एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा द्वारा चर्चा के क्रम में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। वहीं बैठक में विभिन्न क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों ने भी विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों की मांग को सभी के समक्ष रखा। बैठक में विभिन्न विषयों में डीएमएफटी से पूर्व में स्वीकृत योजनाओं के प्रति हो रहे कार्य, डीएमएफटी के अंतर्गत ली गई योजनाए, डीएमएफटी अंतर्गत ली जाने वाली नई योजनाओं के अनुमोदन आदि पर विस्तार से चर्चा की गई।

## स्पीड न्यूज

### दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर उपायुक्त ने किया रवाना


रवाना करते।

**रामगढ़।** दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत जागरूकता वाहन को सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कौशल रथ सभी प्रखंडों में घूम घूमकर युवाओं को योजना से जुड़ी महत्पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएगा। योजना के तहत युवाओं और बेरोजगारों को बेहतर भविष्य और रोजगार प्रदान करने के लिए निःशुल्क रोजगार परत प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। जैसे वेल्डिंग, नर्सिंग, रटड, (सीविंग मशीन ऑपरेटर), नर्स असिस्टेंट, सहायक इलेक्ट्रिशन, रीटेल सेल एसोसिएट, लॉजिस्टिक्स इत्यादि में वह अपना भविष्य बना सकते है। इस योजना का लाभ सभी तरह के युवाओं जो 18 से 45 साल के बीच के है उठा सकते है। कुछ क्षेत्रों में निरक्षर भी प्रशिक्षण लेकर रोजगार से जुड़ सकते है। इसमे ज्यादा प्रशिक्षित होना जरूरी नही है 5 वी, 10 वीं 12 वी तक के पढ़े लिखे युवा भी इससे जुड़कर अपना सुनहरा भविष्य बना सकते हैं। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, नजारत उप समाहर्ता, डीपीएम जेएसएलपीएस सहित अन्य उपस्थित थे।

### महाशिवरात्रि पूजा के अध्यक्ष बने असेश्वर राम व कोषाध्यक्ष अवधेश सिंह

**बड़कागांव।** प्रखंड अन्तर्गत ग्राम पूँदील शिव मंदिर प्रांगण में महाशिवरात्रि पूजा मनाने हेतु एक बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता महेंद्र यादव एवम संचालन विनोद यादव के द्वारा की गई। बैठक में पूर्व की कमिटी को भंग करते हुए सर्वसम्मति से नए कमिटी का निर्माण किया गया जिसमे मुख्य रूप से अध्यक्ष पद के लिए असेश्वर राम, सचिव पंचेश्वर साव, कोषाध्यक्ष अवधेश सिंह, संरक्षक मुखिया प्रतिनिधि सनित महतो चुने गए। बैठक में मौजूद सभी लोगों ने प्रस्ताव पारित करते हुए कहा कि महाशिवरात्रि पूजा को धूमधाम से मनाया जायेगा जिसमे पूजा के दिन महाभंडारा एवम रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। बैठक में सागर यादव, दिनेश्वर पासवान, पंसस प्रतिनिधि सुरेश चौधरी, विकास सिंह, राहुल पासवान, विक्की सिंह, रोहित ठाकुर, रघुवीर राम, किशोर राम, रघुनाथ यादव, उपेंद्र पांडेय, गौतम पांडेय, राजेश यादव, गणेश यादव आदि मौजूद थे।

### झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ में शामिल हुए मधुसूदन


मधुसूदन व अन्य।

**हजारीबाग।** जिले में माध्यमिक शिक्षकों का दो संघ सक्रिय रूप से संचालित हैं। एक झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ और दूसरे झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ। 2016 के विज्ञप्ति से नियुक्त हुए बहुचर्चित शिक्षक नेता मधुसूदन कुमार सिंह ने झारखंड राज्य माध्यमिक को त्यागपत्र देकर झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ में शामिल हो गए हैं। बताते चले कि झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ ने निवर्तमान जिला शिक्षा पदाधिकारी का विदाई समारोह आयोजित कर उन्हें सम्मान के साथ विदाई दिया और उक्त समारोह में ही शिक्षक नेता मधुसूदन कुमार सिंह को प्रमंडलीय अध्यक्ष विजय कुमार ओझा और जिला सचिव सुरेश महथा ने निवर्तमान जिला शिक्षा पदाधिकारी के उपस्थिति में शॉल मोमेंटो देकर श्री सिंह को अपने संघ में शामिल कर लिया। वही जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार ने माला पहना कर अपने संघ में स्वागत किया हैं। संघ में शामिल होते ही श्री सिंह ने कहा कि आज से झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ का एक सच्चा सिपाही के रूप में कार्य करूंगा। संगठन धर्म निभाते हुये, सभी दायित्व का निर्वहन करूँगा। शिक्षा और शिक्षक हितों की लड़ाई लड़ते रहूंगा। उक्त समारोह में झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ हजारीबाग के कार्यकारणी के सभी सदस्य मौजूद थे।

बच्चियों को जहर देने का अंदेशा, पिता के हाथ का नस कटा हुआ

# पिता सहित दो बच्चियों की रहस्यमयी मौत

- हत्या या आत्महत्या, पुलिस की जांच जारी


मृतक बच्चियां व पिता।

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग में एक बेहद दर्दनाक रहस्यमय वीभत्स घटना घटी। जिसमें एक डॉक्टर और उनके दो मासूम बेटियों का निधन हो गया। यह हत्या या आत्महत्या का मामला है इसकी जांच चल रही है। मृतक डॉक्टर का नाम डॉ. राजकुमार साव (40 वर्ष) और उनकी दो बेटियों का नाम अनवी कुमारी (08 वर्ष) और अध्या कुमारी (05 वर्ष) है। तीनों का शव उनके विष्णुपुरी स्थित आवास से बरामद हुआ। मृतक डॉक्टर का हाथ का नस कटा हुआ और खून से सना हुआ था। मृतक डॉक्टर मूलतः कटकमसांडी चट्टी के रहने वाले थे। वे डेंटल डॉक्टर थे और शहर के झील टॉवर में बैठते थे। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कुछ दिनों पहले ही मृतक डॉक्टर हैदराबाद से ईलाज कराकर लौटे थे। घटना के पहले वे अपनी मां, पत्नी और एक मासूम बेटा को ससुराल सतैसा के कार्यक्रम में (कुम्हारटोली) भेजे थे। पत्नी मायके तीनो बच्चों को लेकर गयी थी। सोमवार को ससुराल जाकर डॉक्टर ने अपने दोनों बेटियों को लेकर घर आये थे जिसके बाद ये घटना घटी। बेटियों को जहर देने का अंदेशा जताया जा रहा है जबकि डॉक्टर के हाथ का नस कटा हुआ था। अब डॉक्टर ने खुद इस घटना को अंजाम दिया या बाहर के किसी व्यक्ति ने विभत्स कार्य किया है इसकी जांच चल रही है। मृतक बच्चियां कार्मेल स्कूल में पढ़ती थी और कल ही उनका रिजल्ट आया था। इधर इस घटना की जानकारी प्राप्त होते ही हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल के निर्देश पर तत्काल उनके मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी अस्पताल पहुंचे और मृतक परिवार के सहयोग में जुटे रहें। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया जारी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### भ्रष्टाचार, निजी कानून व्यवस्था के खिलाफ धरना प्रदर्शन


मौके पर उपस्थित लोग।

**बड़कागांव।** भाजपा के बैनर तले प्रखंड मुख्यालय परिसर में झारखंड सरकार के खिलाफ एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से राज्य में बदहाल सरकारी व्यवस्था, व्याप्त भ्रष्टाचार, निरंतर गिरती कानून व्यवस्था, आदिवासी युवा, महिला, किसान, व्यापारी विरोधी इस सरकार के विरोध में प्रखंडों में सांकेतिक धरणा देकर अपना विरोध प्रदर्शन प्रकट किया। इस मौके पर पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, बालेश्वर कुमार, पूर्वी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, डॉ बालेश्वर कुमार, पूर्व प्रमुख सह जीप सदस्य टुकेश्वर प्रसाद, पूर्व मुखिया अनीता देवी, इंद्र भूषण कुमार, सुमन गिरी, विनोद महतो, मनीष पांडे, राजेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, शिबू मेहता सहित कई लोग शामिल थे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम बीडीओ को सौंपा ज्ञापन


विरोध जताते भाजपा कार्यकर्ता।

खबर मन्त्र संवाददाता

**दारू।** भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के निदेशानुसार दारू मंडल भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रखंड मुख्यालय में एक दिवसीय सांकेतिक धरणा दिया। इस धरना कि अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण ने किया। बीडीओ मनीष कुमार के अनुपस्थिति में ज्ञापन कार्यालय प्रभारी दिग्विजय सिंह को सौंपा गया। भाजपा के द्वारा सौंपा ज्ञापन में कहा है कि राज्य में बदहाल सरकारी व्यवस्था, बड़े पैमाने में व्याप्त भ्रष्टाचार एंव निरंतर गिरती कानून व्यवस्था, आदिवासी, युवा, महिला, किसान, वव्यापारियों का विरोधी है। साथ ही साथ जनवरी माह में जेएसएससी द्वारा अयोजित सीजीएल 2024 की परीक्षा का पेपर लीक होना बड़ा दुर्भाग्य की बात है। राज्यभर में बालू कोयला, पत्थर, लकड़ी की लूट राज्य के विकास में बाधक बना हुआ है। मौके पर उपाध्यक्ष रामनारायण कुशवाहा, शत्रुनाजय प्रसाद, विनोद कुमार, महामंत्री इंद्रदेव कुशवाहा, महिला मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मी देवी, गोपाल देव, धनपत प्रसाद, मोहन प्रसाद, नरेश प्रसाद, चमन प्रसाद, चिंतामणि प्रसाद, अरविंद कुमार, सुरेश साव, राजेन्द्र राम, संजय कुशवाहा, इंद्र पासवान, महेन्द्र राणा सहित कई लोग शामिल थे।

## विधायक अंबा प्रसाद ने किया उच्च स्तरीय पुल का शिलान्यास


शिलान्यास करती विधायक व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बड़कागांव।** प्रखंड के बादम-राउतपारा के बीच बदमाही नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण का शिलान्यास विधायक अंबा प्रसाद, जिप सदस्य सुनीता देवी, मुखिया सुनीता देवी द्वारा संयुक्त रूप से नारियल फोड़ कर किया गया। उक्त पुल का निर्माण झारखंड सरकार ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा लगभग 5 करोड़ प्राक्कलन राशि की लागत से बनेगी। पुल का निर्माण करने का रामेश्वरम प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड कंस्ट्रक्शन को मिला है। समारोह कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष त्रिलोकी साव की अध्यक्षता एवं विक्रम गुप्ता के संचालन में किया गया। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि इस पंचायत का यह उच्च स्तरीय पुल का निर्माण होना ग्रामीणों का मेहनत का फल है। ग्रामीण इसे अपने देखरेख में टिकाऊ बनाने का सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, पूर्व मुखिया दीपक दास, विधायक प्रशासनिक प्रतिनिधि जगत नंदन प्रसाद गुप्ता, सुरेश महतो, जमाल सगीर, शमशेर अंसारी, जुबेर खान, मोहम्मद अहमदुल्लाह, काशीनाथ साहू, मोहम्मद फैजल, शंकर साव, रीजन साव, फिरोज अंसारी, अशोक साहू, अर्जुन साहू, चंद्रदेव राम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थे।

### भाजपा हजारीबाग जिला महामंत्री बने सुमन

**हजारीबाग।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने झारखंड बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष, संगठन महामंत्री वह भाजपा के जिला प्रभारी के आदेशानुसार हजारीबाग जिला महामंत्री के पद पर सुमन कुमार, जिला मंत्री के पद पर अरविंद सिंह सिकरवार को नियुक्त किया गया। वहीं भाजपा बड़कागांव मंडल पश्चिम का अध्यक्ष आदित्य सोनी को नियुक्त किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने आशा व्यक्त किया है कि सुमन कुमार को जिला महामंत्री बनने पर निश्चित रूप से संगठन और मजबूत बनकर उबरेगा। बधाई देने वालों में केपी ओझा, भौया बांके बिहारी, शिव शंकर प्रसाद गुप्ता, दिनेश कुशवाहा, विनोद झुनझुनवाला, सुनील मेहता, राजेश गुप्ता, दामोदर सिंह, अनिल मिश्रा, जय नारायण प्रसाद, प्रफुल्ल कुमार, कुंवर मनोज सिंह, उमा पाठक, प्रियंवदा तथा सैकड़ो कार्यकताओं ने बधाई दिया है। उक्त आशय की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद द्वारा दी गई।

## कोल इंडिया हाई पावर कमेटी की बैठक में शामिल होंगे एटक के नरेश मंडल

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कोल इंडिया की उच्च स्तरीय समिति एचपीसी/जेसी निगरानी समिति की पहली बैठक महानदी कोल्फील्डस लिमिटेड भुनेश्वर उड़ीसा में आगामी 6 मार्च को होने जा रहा है। इस बैठक में एटक की ओर से कोल फेडरेशन के केंद्रीय सचिव नरेश मंडल प्रतिनिधित्व करेगें। मालूम हो की कोल इण्डिया के सभी आनुषांगिक कंपिनयों में माइनिंग ऐक्टिविटी में कार्यरत ठेका मजदूरों या श्रमिकों की मजदूरी एवं अन्य सामाजिक सुरक्षा की देख-रेख करने और ठेका मजदूरों से सम्बंधित कानूनों को लागू कराने के लिए कोल इण्डिया प्रबन्धन द्वारा एक सयुंक्त निगरानी समिति का गठन किया गया है। इस बैठक को लेकर महाप्रबंधक कोल इंडिया के गौतम बनर्जी के द्वारा पत्र जारी कर दिया गया है। कोल फेडरेशन के केंद्रीय सचिव नरेश मंडल ने बताया की बैठक का मुख्य उद्देश्य खनन क्षेत्रों में कार्यरत्त ठेका मजदूरों को हाई पावर कमिटी द्वारा निर्धारित मजदूरी और अन्य सुविधा दिलाने सहित जॉइन कमिटी द्वारा निर्धारित सुविधाओं का भुगतान ठेका मजदूरों को हो रहा है कि नहीं, इसका निरीक्षण कर कोल इंडिया/कोयला मंत्रालय को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करना है।

## एक नजर में

### हर हाल में अपने-अपने मताधिकार का करें प्रयोग : प्रो. एनके तिवारी


शपथ लेते शिक्षक व स्वयंसेवक।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिभर साईड भुरकुंडा स्थित जुबिली कॉलेज में सोमवार को भारत सरकार के निर्देश पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक एवं दो के संयुक्त तत्वावधान में मतदात जागरूकता को लेकर शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यक्रम प्रभारी प्रो. अर्जून कुमार मिश्रा और कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ विशेश्वर रविदास ने किया। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एनके तिवारी ने हर हाल में छात्र-छात्राओं को मताधिकार का प्रयोग करने की बात कही। ताकि हमारा संविधान व राष्ट्र सुदृढ हो सके। उन्होंने कहा कि हमसबों को निर्भिक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना मतदान करना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ महेन्द्र पांडेय, प्रो. राजेश कुमार, प्रो टीके झा, प्रो देव प्रकाश प्रसाद, डॉ एसपी दांगी, प्रो गोपाल विश्वकर्मा, प्रो बालकृष्ण, प्रो सुनील कुमार, प्रो मनोज कुमार दास, डॉ बलमुकुंद, प्रो एन पांडेय, मोहन पासवान, कुंदन झा, मुस्कान, जयप्रकाश पांडेय, जगृति, आनंद, वैष्णवी, प्रियंका, अनीषा, मनीषा, अमित, बिंदिया, आरती सहित दर्जनों छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा।

### सौंदा डी पंचायत में ग्रामसभा का हुआ आयोजन, 2024-25 की वार्षिक विकास योजनाओं पर हुई चर्चा

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सरकारी-दिशा निर्देश अनुसार एवं पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत सोमवार को सौन्दा डी पंचायत भवन में ग्रामसभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता मुखिया उपेंद्र शर्मा ने किया। ग्रामसभा में 2024-25 की वार्षिक विकास योजनाओं पर ग्रामीणों एवं पंचायत जनप्रतिनिधियों द्वारा सामुहिक रूप से चर्चा किया गया। साथ पंचायत के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। मौके पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडेय, पंचायत सचिव खुशबू रानी, उप मुखिया संजय भारती, वार्ड सदस्य ऐनजिना एक्का, सुबोध रजक, नरेंद्र कुमार, अरविंद ओझा, रवयंसेवक संतोष रजक, सहिया दीदी एवं सहजकर्ता टीम सदस्य पूजा देवी, राजगिरी चोधरी सहित किशोर मुंडा, शांति देवी, अर्जुन गिरी, आत्मा राम आदि ग्रामीण मौजूद थें।

### झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका कर्मचारी संघ ने महिलाओं के बीच बांटा सेनेटरी पैड

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका कर्मचारी संघ के तत्वावधान में लपंगा पंचायत के गुप्ता लाइन कॉलोनी में सोमवार को युवतियों व महिलाओं के बीच नारी सुरक्षा पैड के तहत सेनेटरी पैड का वितरण किया। इस दौरान अभियान के जिला को-ऑर्डिनेटर अब्दुल कुद्दूस एवं प्रखंड को-ऑर्डिनेटर बिंदु देवी की उपस्थिति में संघ की प्रदेश प्रभारी सह प्रदेश अध्यक्ष संजीदा खातून ने विशेष बच्चियों व महिलाओं सेनेटरी पैड का वितरण किया। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सह अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार रक्षा की जिला अध्यक्ष संजीदा खातून ने कहा की नारी सुरक्षा स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण के प्रति यह बहुत ही सराहनीय कार्य है। इस संस्था के माध्यम से झारखंड प्रदेश की हर जिले एवं प्रखंड की महिलाएं लाभान्वित हो रही है। यह बिल्कुल मुफ्त सेवा है। उन्होंने कहा की पूरे प्रदेश की महिलाएं इससे ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित होगी। अभियान के दौरान जैनब खातून, शगुफ्ता परवीन, सम्मा परवीन, शीला देवी, आशा देवी, दृष्टि कुमारी, श्रेया कुमारी, अंजली कुमारी, राधा देवी, अंजली कुमारी, प्रिया कुमारी, आरती देवी आदि के बीच पैड का वितरण किया गया।

### पटेलनगर शिव मंदिर जिर्णोधार को लेकर स्थानीय लोगों की हुई बैठक

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर शिव मंदिर जीणोर्धार को लेकर रविवार की देर शाम मंदिर प्रांगण में स्थानीय लोगों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता नरेश अग्रवाल व संचालन दिनेश राजगढ़िया ने किया। बैठक में पूर्व में तय हुए कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही प्रस्तावित मंदिर के पुनर्निर्माण की तैयारियों पर चर्चा की गई। जिसमें विनोद शर्मा ने दिल्ली के नयन शर्मा द्वारा बनाए गए मंदिर प्रारूप को पेस किया। जिसपर आम सभा में विचार करने का निर्णय लिया गया। मंदिर परिसर के पीछे के स्थान के लिए विमल राय ने मकान मालिकों से सकारात्मक बातचीत होने की बात कही। दिनेश राजगढ़िया ने ट्रस्ट और बैक के कार्यों को जल्द होने का भरोसा दिलाया। बैठक में निर्णय हुआ की खास मदो में एक राशि तय की जाएगी और प्रदाता दानी का नाम मंदिर में दर्ज किया जाएगा। बैठक के दौरान आगामी 8 मार्च को महाशिव रात्रि उत्सव धूमधाम से मनाने का भी निर्णय लिया गया। महोत्सव के तैयारी की पूरी जिम्मेवारी विनोद शर्मा और जितेंद्र पांडेय को दी गई। साथ ही आगामी 22 मार्च को बैठक करने व होली मिलन समारोह मनाने की भी बात कही गई। इधर पटेलनगर भुरकुंडा निवासी प्रसिद्ध कपड़ा व्यवसाई सह पीएम बाजार के संचालक रमेश अग्रवाल मंदिर ट्रस्ट में 1 लाख 1 हजार रुपए का दान देकर ट्रस्टी बने। मौके पर अध्यक्ष नरेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष उदय कुमार सिंह, सचिव विमल राय, विनोद शर्मा, उत्तम सिन्हा, दिनेश राजगढ़िया, राकेश शर्मा, संरक्षक राम गोपाल अग्रवाल, देवेंद्र प्रसाद, संतोष अग्रवाल, संजय अग्रवाल, जितेंद्र पांडेय, नरेंद्र सिंह, टिंकू वर्णवाल, रवीश भदानी, राजू ठाकुर, बृजनंदन वैध, विनय तिवारी, तुलसी केसरी सहित कई लोग मौजूद थें।

## नयामोड़ में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन का हुआ भव्य स्वागत


कल्पना सोरेन का स्वागत करते कार्यकर्ता।

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुजू।** झामुमो कार्यकताओं ने नयामोड़ फोरलेन चौराहा में सोमवार को सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन का भव्य स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ता केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो के नेतृत्व में कार्यकर्ता एकत्रित हुए। साथ ही जैसे ही कल्पना सोरेन का काफिला नयामोड़ पहुंचा वैसे ही कार्यकर्ता पूरे जोश में नारेबाजी करते हुए उनका स्वागत किया। कल्पना सोरेन रांची से गिरिडीह जाने के क्रम में कुछ देर के लिए यहां रुके थे। वही कल्पना सोरेन ने भी स्वागत के पश्चात कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया। स्वागत करने वालो में केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो, राजनाथ महतो, मोहरलाल महतो, बोधन मांझी, राम कुमार सिंह, पन्नालाल मुर्मु, गीता विश्वास, रामनाथ महतो, मोगलचन्द्र पटेल, चन्दन कपूर, तुकेश्वर महतो, खगेश्वर महतो, सगीर हुसैन, पिंकी बेसरा, विना देवी, कैलाश मांझी, सुखदेव महतो, बंधन महतो, मंगू मांझी, भुनेश्वर महतो, अजय डिसिल्वा, तीजन पुनीत करमाली, राजेश टुडू, बादल कुमार, सोनाराम मांझी, भुनेश्वर महतो भुन्नु शामिल थे।

## मजदूरों की समस्या का समाधान करना ही जनता मजदूर संघ की पहचान: निशि पांडेय


संबोधित करती निशि पांडेय।

**कुजू।** जनता मजदूर संघ एक परिवार की तरह है, और उसमें सभी मजदूरों को सम्मान दिया जाता है। उक्त बातें संघ के नव मनोनीत केंद्रीय उपाध्यक्ष निशि पांडेय ने कही। निशि पांडेय सोमवार को जनता मजदूर संघ द्वारा नयामोड़ स्थित कार्यालय में सम्मान समारोह बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई। कहा कि किसी भी मजदूर को किसी प्रकार की परेशानी हो तो संघ के लोग उसे मिलजुल कर समस्या का समाधान करते हैं यह संघ की पहचान है। वही विशिष्ट अतिथि सुखदेव प्रसाद ने कहा कि आज के समय में मजदूरों का हक व अधिकार दिलाने अगर कोई दिला सकता है तो वह सिर्फ ओर सिर्फ जनता मजदूर संघ है। इससे पूर्व संघ द्वारा महाप्रबंधक कार्यालय में नव नियुक्त जीएम आरके सिन्हा के साथ परिचय बैठक हुआ। मौके पर जगदीश महतो, चमन मुंडा, महेंद्र सिंह,राजकुमार महतो, ललन यादव, नरेश महतो, धनेश्वर महतो, राजू उरांव, हेमंत कुमार, भारती देवी, सुनीता देवी, रंजीत सिंह, सरिता मंडल, अरविंद सिंह, आफताब हुसैन, रोशन लाल महतो, रोहन महतो, मेघवाल मंडल, राजेश यादव, ब्रह्मदेव राणा, गौतम कुमार, नंदकिशोर साव, कंचन सिंह, सफीक, आदि मौजूद थे।

# झारखंड में एक भी लोकसभा सीट नहीं जीत पायेगी बीजेपी : विनोद किस्कू

- न्याय यात्रा में शामिल हुए झामुमो के जिला अध्यक्ष
- सीएम हेमंत सोरेन की रिहाई एवं न्याय की हुई मांग,

### केंद्र सरकार की तानाशाही के खिलाफ की जमकर नारेबाजी


न्याय यात्रा में शामिल झामुमो के लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** हजारीबाग लोकसभा के भावी उम्मीदवार सह झामुमो के जिला अध्यक्ष विनोद किस्कू रविवार को बलकुदरा पहुंचे। इस दौरान झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की रिहाई एवं न्याय की मांग को लेकर झामुमो के युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष योगेंद्र यादव के तत्वाधान में आयोजित न्याय यात्रा में मुख्य रूप से विनोद किस्कू शामिल हुए। न्याय यात्रा में शामिल सैंकड़ों झामुमो कार्यकर्ता केंद्र सरकार की तानाशाही के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी। लगभग दो किमीं की इस न्याय यात्रा में पैदल मार्च करते हुए सभी लोग बलकुदरा के जिंदल ऐ गेट से बी गेट, पाहन टोला, नया टोला, बडका टोला होते हुए पुराना टोला तक पहुंचे। मौके पर झामुमो के जिला अध्यक्ष विनोद किस्कू ने कहा कि केंद्र सरकार सत्ता के ललक में डूबी हुई है। देश को तानाशाही के जरिए चलाना चाह रही है। लोकतांत्रिक तरीके से जब एक आदिवासी युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ये लोग नहीं सकें तो सत्ता के हनक के तहत साजिशों का ताना-बाना बुनकर जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करते हुए हमारे सीएम को जेल भेजने का काम किया है। लेकिन झारखंड की सवा तीन करोड़ की जनता सजग है। केंद्र के इशारे पर हुए सारे खेल को समझ चुकी है और आगामी चुनावों में इसकी भारी कीमत भाजपा को चुकानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही हेमंत सोरेन की रिहाई नहीं हुई तो आदिवासी मूलवासी व्यापक उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष योगेंद्र यादव ने कहा कि जब से झारखंडी योद्धा हेमंत सोरेन की सरकार बनी थी उसी समय से भाजपा को यह पच नहीं रहा था। हर दिन सरकार गिरने और गिराने की बात कही जा रही थी। लेकिन हेमंत सोरेन ने स्वाभिमान को झुकने नहीं दिया और उनकी दिलेरी से डर कर केंद्र के इशारे पर उन्हें जेल में डाला गया है। लेकिन इसका भारी खामियाजा भाजपा को झेलना पड़ेगा। न्याय यात्रा में झामुमो के वरिष्ठ नेता रंजीत बेसरा, जिला उपाध्यक्ष मुमताज अंसारी, पंचायत अध्यक्ष सुनिल मुंडा, पंचायत सचिव सन्नी मुंडा, मनोज महली, अनिल मुंडा, रवि महली, गुलचंद मुंडा, आनद मुंडा, सतीश मुंडा, पंकज मुंडा, बालेश्वर यादव, दिपक यादव, विकास यादव, अरविंद यादव, कुणाल यादव, ईश्वर प्रसाद, समीर मुंडा, सुभाष यादव, दिलीप महली, चंदन महतो, अशोक उरांव, जितेंद्र यादव, सुरज यादव, दिवाकर नाग, संदीप मुंडा, पिंटू मुंडा, विजय मुंडा, सोरभ राणा, बंधन मुंडा, अनिल कुमार, सुकेश मुंडा, दिनेश यादव, सुरज मुंडा, संजय मुंडा, शशि यादव, रूपेश मुंडा, रोशन मुंडा, विरेन्द्र यादव, बालदेव मुंडा, अमित महली, उमेश महली, संतोष सिंह, दिपक मुंडा सहित कई लोग शामिल थें।

## पेज एक का शेष

### सदन में घूस लेकर वोटिंग पर अब चलेगा केस

**रिश्वतखोरी को संरक्षण नहीं :** प्रधान न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए कहा कि रिश्वतखोरी के मामलों में संसदीय विशेषाधिकारों के तहत संरक्षण प्राप्त नहीं है। 1998 के फैसले की व्याख्या संविधान के अनुच्छेद 105 और 194 के विपरीत है। अनुच्छेद 105 और 194 संसद और विधानसभाओं में सांसदों और विधायकों की शक्तियों एवं विशेषाधिकारों से संबंधित हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने पीठ के लिए फैसले का मुख्य भाग पढ़ते हुए कहा कि रिश्वतखोरी के मामलों में इन अनुच्छेदों के तहत छूट नहीं है क्योंकि यह सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को नष्ट करती है।

### दीवार गिरी, दो मामूम बच्चों की मौत

**भवन निर्माण का हो रहा था काम:** प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वहां भवन का निर्माण का काम हो रहा है। बच्चों की मां भी उसी में मजदूर का काम कर रही थी। दोनों बच्चों के परिजनों ने बताया कि वे बिरसा चौक के पास रहते हैं और ठेकेदार के लिए काम करते हैं। सुबह नौ बजे जैसे ही काम शुरू हुआ, दीवार गिर गयी। उनके बच्चों और अन्य मजदूर उस दीवार के नीचे दब गए। आनन-फानन में बच्चों को बाहर निकाला गया, लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी।

### देश का हर गरीव, आदिवासी मेरा परिवार : मोदी

**140 करोड़ देशवासी मेरा परिवार:** पीएम मोदी ने कहा, "देश का हर गरीब, आदिवासी, पिछड़ा मोदी का परिवार है। मैं देशवासियों के सपने के लिए जी रहा हूं। मेरा भारत मेरा परिवार है। मैं आपके लिए जी रहा हूं, जूझता रहूंगा। देश के सपने मेरा संकल्प है। मेरा पल पल देशवासियों को समर्पित है। देश का हर युवा मेरा परिवार है। उन्होंने आगे कहा, मैंने एक सपना लेकर घर छोड़ा था। ये कहते हैं कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। 140 करोड़ देशवासी ही मेरा परिवार है। जिनका कोई नहीं वो भी मोदी का परिवार है।

**बौखला गये हैं इंडी के नेता :** मोदी ने भी लालू के इस आरोप पर सोमवार को पलटवार किया और कहा कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण में आकंठ डूबे 'इंडी गठबंधन' के नेता बौखलाते जा रहे हैं। उन्होंने तेलंगाना में कहा, 'मैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं तो इन लोगों ने अब बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। मैं इनसे कहना चाहता हूं कि 140 करोड़ देशवासी ही मेरा परिवार हैं, जिसका कोई नहीं है वो भी मोदी के हैं और मोदी उनका है। मेरा भारत-मेरा परिवार है।

स्पीड न्यूज

### अश्लील वीडियो मामला भाजपा सांसद उपेंद्र ने टिकट किया वापस



**बाराबंकी।** सांसद उपेंद्र सिंह रावत से जुड़ा अश्लील वीडियो तेजी से वायरल होने के बाद सोमवार को उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अपनी अप्रत्याशित प्रतिक्रिया दी। उन्होंने लिखा है कि मेरा एक एडिटेड वीडियो वायरल किया जा रहा है जो डीप फेक एआई तकनीक द्वारा जेनरेटेड है। जिसकी एफआईआर मैंने दर्ज करा दी है। इस संदर्भ में मैंने राष्ट्रीय अध्यक्ष से निवेदन किया है कि इसकी जांच करवाई जाए। जब तक मैं निर्दोष साबित नहीं होता तब तक सार्वजनिक जीवन में कोई चुनाव नहीं लड़ूंगा। मालूम हो कि शनिवार को ही सांसद उपेंद्र सिंह रावत को भाजपा ने बाराबंकी लोकसभा क्षेत्र से दोबारा सांसद पद का टिकट दिया है।

### विधायक तापस रॉय ने टीएमसी छोड़ी

**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बीच पश्चिम बंगाल के तृणमूल कांग्रेस को एक बड़ा झटका लगा है। विधायक तापस रॉय ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा देने से पहले उन्होंने संदेशखाली मुद्दे से निपटने के तरीके पर नाराजगी जताई थी। उन्होंने इसी दौरान लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी छोड़ने के संकेत भी दिए थे।

### रामेश्वरम कैफे धमाका की जांच एनआइए को

**बेंगलुरु।** रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंप दी गई है। मालूम हो कि 1 मार्च को ब्रुकफील्ड में रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट में 10 लोग घायल हो गए थे। की टी-शर्ट पहने और टोपी पहने एक नकाबपोश व्यक्ति को बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे के अंदर एक विस्फोटक उपकरण रखने में नौ मिनट लगे।

### भाजपा की दूसरी सूची कल आने की संभावना

नयी दिल्ली। लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों की अगली सूची जल्द जारी होने की संभावना है। बीएस येदियुरप्पा ने बताया है कि भाजपा बुधवार को उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर सकती है। कर्नाटक के पूर्व सीएम येदियुरप्पा ने कहा कि भाजपा प्रत्याशियों की सूची बुधवार कोजारी किए जाने की संभावना है।

### गुजरात : कांग्रेस विधायक ने दिया इस्तीफा

अहमदाबाद। गुजरात में कांग्रेस को लोकसभा चुनाव से पहले झटका लगा है। कांग्रेस विधायक अर्जुन मोढवाडिया ने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। वह भाजपा में शामिल हो सकते हैं। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा कुछ दिनों बाद गुजरात पहुंचने वाली है। अर्जुन आगामी लोकसभा चुनाव के साथ होने वाले विस उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ेंगे।

प्रधानमंत्री ने तेलंगाना में विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करते हुए कहा

# आदिवासी समुदाय का सम्मान किया

## भाजपा सरकार ने आदिवासियों के विकास के लिये बनाया अलग मंत्रालय : नरेंद्र मोदी

एजेंसी

**आदिलाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भाजपा सरकार ने आदिवासियों के विकास के लिए एक अलग मंत्रालय बनाया है। मोदी ने राज्य में 56,000 करोड़ रुपये की कई विकासात्मक परियोजनाओं की शुरूआत करने के बाद यहां एक सार्वजनिक बैठक (विजय संकल्प सभा) को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के कई दशकों बाद भी तेलंगाना के लोगों द्वारा किए गए योगदान को कभी उचित सम्मान नहीं दिया गया। हालांकि, 2014 के बाद केंद्र की भाजपा सरकार ने तेलंगाना के विकास और आदिवासी समुदाय के सम्मान को बहुत महत्व दिया। उन्होंने कहा कि क्या कोई सोच सकता था कि एक आदिवासी महिला देश की राष्ट्रपति बनेगी? उन्होंने कहा कि क्या किसी ने सोचा था कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को राष्ट्रीय त्योहार के रूप में मनाया जाएगा। आदिवासियों के विकास के लिए भाजपा सरकार ने अलग मंत्रालय बनाया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह सार्वजनिक बैठक चुनावी रैलियों से संबंधित नहीं है, क्योंकि चुनाव की आधिकारिक घोषणा अभी तक नहीं की गई है और सार्वजनिक सभाओं को चुनावी रैलियां बताने के लिए विपक्ष की टिप्पणियों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि कुछ लोग पर्याप्त प्रयास नहीं कर रहे हैं और समय से पहले इन आयोजनों को चुनावी सभा के रूप में वर्गीकृत कर रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ऐसी धारणाएं अनुचित हैं, क्योंकि चुनावों की आधिकारिक घोषणा अभी तक नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार 'विकास उत्सव' मना रही है और पिछले 15 दिन में दो आईआईटी, तीन आईआईएम और एक आईआईएस का उद्घाटन किया गया है। इसी तरह, पांच एम्स का उद्घाटन किया गया और किसानों के लिए दुनिया की सबसे बड़ी भंडारण योजना शुरू की गई। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज तेलंगाना के आदिलाबाद, बेला और मुलुगु में दो नए राष्ट्रीय राजमार्गों की नींव रखी गई और ये आधुनिक सड़क और रेल बुनियादी ढांचे तेलंगाना को विकसित करने में मदद करेंगे।



### मैंने चुनाव पर चर्चा नहीं की

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश को विकसित बनाने के लिए दिन भर काम हो रहा है। देश के युवा विकसित भारत के सबसे बड़े लभार्थी हैं। बीजेपी देश के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इसीलिए, तेलंगाना के लोग भी कह रहे हैं...अबकी बार, 400 पार। उन्होंने कहा, 'विपक्ष चुनाव के बारे में बात करते रहते हैं...कल पूरे दिन मैं भारत सरकार के सभी मंत्रियों, वरिष्ठ सचिवों और अधिकारियों की लगभग 125 लोगों की शीर्ष टीम के साथ बैठा। मैंने ऐसा नहीं किया... चुनाव पर चर्चा नहीं की। मैंने 'विस्तारित भारत निर्माण' की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की।'

**56 हजार करोड़ की दी सौगात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को तेलंगाना में बिजली, रेल और सड़क क्षेत्रों में 56 हजार करोड़ रूपयों से अधिक की लागत वाली विभिन्न विकासपरक परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

## महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दों से ध्यान भटकाने का हो रहा प्रयास : राहुल



एजेंसी

**शिवपुरी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने केन्द्र सरकार पर आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि देश में महंगायी, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार जैसे तीन प्रमुख मुद्दें हैं, लेकिन इन मुद्दों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, लोगों का ध्यान इन मुद्दों से भटकाने का काम किया जा रहा है। गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान यहां अपने संबोधन में कहा कि आज देश में तीन प्रमुख मुद्दे हैं, बेरोजगारी महंगाई और भ्रष्टाचार, लेकिन इन मुद्दों की तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इन मुद्दों से ध्यान हटाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) लागू करके गरीबों की जेब से ज्यादा पैसा निकाला जा रहा है, जबकि अमीरों की जेब से बहुत कम राशि निकलती है। इसी प्रकार से जरूरतमंदों को पर्याप्त नौकरियां भी नहीं मिल पा रही हैं एवं सेना में भी अग्निवीरों की भर्ती की जा रही है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता गांधी ने कहा कि इन सब मुद्दों की तरफ किसी का ध्यान नहीं है। गांधी ने आज शिवपुरी में रोड शो किया और खुली जीप से ही संबोधित दिया तथा गुना के लिए रवाना हो गए।

### गुलमर्ग बर्फ से हो गया है सराबोर




### 'आप' को हाइकोर्ट की जमीन से ऑफिस हटाने का आदेश

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आम आदमी पार्टी (आप) को सोमवार को निर्देश दिया कि वह दिल्ली उच्च न्यायालय के लिए राउज एवेन्यू में आवंटित जमीन पर अतिक्रमण कर बनाए गए अपने कार्यालय को हटा ले। सीजेआइ चंद्रचूड़ तथा जे बी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने 'आप' का पक्ष रहे वकील अभिषेक मनु सिंघवी की दलीलें सुनने के बाद 15 जून 2024 तक जमीन खाली करने का आदेश पारित किया। सिंघवी ने 'आप' के राष्ट्रीय पार्टी होने और आने वाले चुनाव में उसके भाग लेने का हवाला देते हुए दो-तीन महीने की मोहलत देने की गुहार लगाई थी।

## हथियारों के आयात पर निर्भरता होगी घातक साबित : राजनाथ

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि देश हथियारों या प्लेटफार्मों के आयात पर निर्भर नहीं रह सकता क्योंकि यह रणनीतिक रूप से घातक हो सकता है और मोदी सरकार सत्ता में आने के बाद से ही रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढाने के लिए अनेक कदम उठा रही है। सिंह ने मानेकशॉ सेंटर में डेफकनेक्ट 2024 के दौरान उद्योग जगत की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, 'आत्मनिर्भरता के बिना, भारत वैश्विक मुद्दों पर अपने राष्ट्रीय हितों के अनुरूप स्वतंत्र निर्णय नहीं ले सकता है।' रक्षा मंत्री ने कहा कि रणनीतिक स्वायत्तता तभी बरकरार रखी जा सकती है जब हथियार और उपकरण हमारे अपने लोगों द्वारा भारत में बनाए जाएं। हम इस दिशा में काम कर रहे हैं और परिणाम सकारात्मक हैं। जहां 2014 में हमारा घरेलू रक्षा उत्पादन लगभग 44,000 करोड़ रुपये था, वहीं आज यह एक लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड आंकड़े को पार कर गया है और लगातार बढ़ रहा है। हमारे लगातार प्रयासों से यह बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए कई उपाय किए गए हैं, जिसमें रक्षा पूंजी खरीद बजट का 75 प्रतिशत भारतीय कंपनियों के लिए निर्धारित करना भी शामिल है। सिंह ने रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला जिसमें भारत में निर्मित या निर्मित होने वाले प्रमुख प्लेटफार्मों और उपकरणों की सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची को अधिसूचित करना भी शामिल है। उन्होंने रक्षा उत्पादन विभाग को यह भी सुझाव दिया कि आने वाले वर्षों में हमें आयात की जाने वाली वस्तुओं की एक छोटी नकारात्मक सूची लानी चाहिए और पूर्ण आत्म-सम्मान हासिल करने के लिए उस सूची को खत्म करने का प्रयास करना चाहिए।

## 'सूर्य मिशन' लांच के दिन इसरो प्रमुख को कैंसर होने का चला पता

एजेंसी

**बेंगलुरू।** हालिया रिपोर्ट्स से पता चलता है कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख एस सोमनाथ में कैंसर का निदान हुआ है। जिस दिन भारत का आदित्य-एल1 मिशन अंतरिक्ष में लॉन्च हुआ था, उसी दिन इसरो प्रमुख में कैंसर का पता चला। मीडिया से एक बातचीत में सोमनाथ ने पुष्टि की है कि जांच के दौरान शरीर में अनियंत्रित कोशिकाओं की वृद्धि के बारे में पता चला जिसके आधार पर कैंसर का निदान किया गया है। उन्होंने बताया, आदित्य-एल1 मिशन लॉन्च की सुबह मेरी स्कैनिंग की गई, इसमें पता चला कि पेट में अनियंत्रित रूप से कैंसर कोशिकाएं बढ़ रही हैं। मिशन लॉन्च के बाद मैं चेन्नई गया, वहां दोबारा स्कैनिंग और कई और जांच की गई। रिपोर्ट्स से पता चला कि ये वंशानुगत रोग है। डॉक्टर्स ने ऑपरेशन की सलाह दी। डॉक्टर्स की टीम ने कैंसर की सर्जरी और फिर कीमोथेरेपी की।

इसरो प्रमुख बताते हैं, ये मेरे और परिवार के लोगों के लिए काफी चौंका देने वाली स्थिति थी, पर उपचार ही इसका एकमात्र तरीका था जो समय पर होना भी जरूरी था। कैंसर का इलाज संभव है, ये लाइलाज नहीं है। निश्चित ही ये मेरे और परिवार के लिए कठिन समय था। डॉक्टर्स ने इसके नियमित स्कैनिंग की सलाह दी है। फिलहाल मैं ठीक हूं।

### मैं इस जंग को जीतूंगा



सोमनाथ ने बताया कि उन्हें पता है कि इसके इलाज में काफी समय लगेगा। यह एक लंबी प्रक्रिया है। लेकिन यह जंग में लड़ूंगा। काफी ज्यादा रिकवरी हो गई है। मैं सिर्फ चार दिन अस्पताल में था। फिर अपना काम पूरा किया। बिना किसी दर्द के मैं इसरो में पांचवें दिन से काम करने लगा था। सोमनाथ ने बताया कि मैं लगातार मेडिकल चेकअप्स और स्कैन करवा रहा हूं, लेकिन अब मैं पूरी तरह से ठीक हूं। अपना काम और इसरो के मिशन और लॉन्च को पर पूरा ध्यान है। इसरो के आगे के सारे मिशन पूरा करके ही दम लूंगा।

### रिश्वत मामले में महुआ को हाईकोर्ट से झटका

**कोलकाता।** टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा को पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने तृणमुल कांग्रेस की नेता महुआ की उस अर्जी को खारिज किया है, जिसमें भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और वकील जय अनंत देहाद्राई को ऐसी कोई भी सामग्री पोस्ट करने, प्रकाशित करने, अपलोड करन से रोकने का निर्देश देने की मांग की गई थी, जिसमें कहा गया था कि उन्होंने संसद में प्रश्न पूछने के लिए व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी से रिश्वत ली थी।

### दिल्ली : 18 वर्ष से अधिक की महिलाओं को हर महीने मिलेंगे एक हजार रुपये

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी मालेर्ना ने सोमवार को विधानसभा में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 76,000 करोड़ रुपये के बजट पेश करते हुए कहा कि बजट में 18 साल से ऊपर की महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये देने का प्रावधान किया गया है। वित्त मंत्री आतिशी ने अपने पहले बजट भाषण में कहा कि सरकार राम राज्य के सपने को साकार करने की दिशा में पिछले 10 साल के कार्यकाल में दिल्ली की तस्वीर बदली है। हर परिवार को सुख समृद्धि और स्वस्थ जीवन देने का काम किया है। आतिशी ने बजट में शिक्षा क्षेत्र के लिए 16,396 करोड़ रुपये के आवंटन का प्रस्ताव किया है।

## प्रचंड ने छोड़ी नेपाली कांग्रेस, ओली के साथ मिलकर बनायेंगे सरकार

एजेंसी

**काठमांडू।** भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान में राजनीतिक उठा-पटक चल रही थी कि अब दूसरे पड़ोसी नेपाल की राजनीति में भी बड़ा भूचाल आ गया है। नेपाल में गठबंधन की सरकार है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड नेपाली कांग्रेस से अलग होने के बाद पूर्व प्रधानमंत्री ओली की पार्टी के साथ नई सरकार बनाने जा रहे हैं। दरअसल, नेपाल में पहले से ही प्रचंड सरकार के रूप में जो सरकार सत्ता में है, वो उतनी ताकतवर नहीं है। नेपाली पीएम प्रचंड नेपाली कांग्रेस के साथ मिलकर सरकार चला रहे थे। ऐसे में थोड़ा भी ऊपर-नीचे हुआ तो सरकार गिर सकती थी। नेपाल में अभी तक माओवादी सेंटर और नेपाली कांग्रेस के गठबंधन की सरकार रही और नेशनल असेंबली के चेयरमैन वाले सवाल पर देश की दोनों बड़ी पार्टियों के बीच दूरी बढ़ने लगी। इसका नतीजा यह निकला कि इस गठबंधन के साथ बने रहने पर सवाल उठने लगे थे। यही कारण रहा कि पीएम प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस से अलग होकर ओली की पार्टी के साथ मिलकर सरकार बनाने जा रहे हैं।

### एसबीआइ ने इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी देने के लिए मांगा वक्त

**नयी दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआइ) ने सुप्रीम कोर्ट से चुनावी बॉन्ड की डिटेल चुनाव आयोग के साथ साझा करने को लेकर और समय मांगा है।सुप्रीम कोर्ट में एसबीआइ की ओर से अर्जी दाखिल की गई है। इसमें कहा गया कि इलेक्टोरल बॉन्ड के मामले में जानकारी देने के लिए उन्हें 30 जून तक का वक्त दिया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने 15 फरवरी को इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम को खारिज कर दिया था और एसबीआई को निर्देश दिया था कि वह इलेक्टोरल बॉन्ड के बारे में जानकारी 6 मार्च तक चुनाव आयोग के सामने पेश करें।


## बिहार में बड़े पैमाने पर प्रशासनिक और पुलिस अफसरों का तबादला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**बिहार प्रशासनिक सेवा के अपर सचिव अपर समाहर्त्ता, उप सचिव एवं मूल कोटि स्तर के 33 पदाधिकारियों का तबादला**

**पटना।** लोकसभा चुनाव से पहले बिहार सरकार बड़ी संख्या में अधिकारियों का तबादला किया है। आज ही नीतीश कुमार सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने आमिर सुबहानी को स्वैच्छिक सेवानिवृति (श्फ्र) को स्वीकार करते हुए उन्हें मुक्त कर दिया। कुछ देर बाद सामान्य प्रशासन प्रशासन विभाग ने अधिकारियों का तबादला किया। इनमें भारतीय प्रशासनिक सेवा और बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का तबादला किया गया है। बिहार प्रशासनिक सेवा के अपर सचिव, अपर समाहर्त्ता, उप सचिव एवं मूल कोटि स्तर के 33 पदाधिकारियों का तबादला किया है। वहीं विशेष सचिव, संयुक्त सचिव, अपर समाहर्ता और उप सचिव स्तर के 43 अधिकारियों का ट्रांसफर किया गया है। वहीं पुलिस मुख्यालय ने डीएसपी स्तर के 22 पुलिस अधिकारियों का ट्रांसफर कर दिया है। तबादले की अधिसूचना जारी कर दी गई है।

## सारा अली की फिल्म ऐ वतन मेरे वतन का ट्रेलर रिलीज



अभिनेत्री सारा अली खान की आने वाली फिल्म ऐ वतन मेरे वतन का ट्रेलर रिलीज हो गया है। करण जौहर के धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म 'ऐ वतन मेरे वतन' में सारा अली खान की मुख्य भूमिका है।'ऐ वतन मेरे वतन' की कहानी उस हीरो की है, जिसके रेडियो ने ब्रिटिश राज को हिलाकर रख दिया था।करण जौहर ने अपने सोशल मीडिया पर 'ऐ वतन मेरे वतन' पर ट्रेलर रिलीज किया है। इस फिल्म में सारा उस जाबांज महिला की कहानी दिखाएंगी, जिन्होंने रेडियो से अंग्रेजों की हालत खराब कर दी थी। ट्रेलर में सारा को 'स्वतंत्रता की आखिरी लड़ाई' लड़ने के लिए 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ब्रिटिश राज के खिलाफ अंडरग्राउंड स्टेशन शुरू करते और इसी के जरिये अंग्रेजों के छक्के छुड़ाते देखा जा सकता है। 'ऐ वतन मेरे वतन' में सारा अली खान, उषा मेहता के रोल में नजर आएंगी। उषा मेहता ने भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान खुफिया रेडियो स्टेशन की शुरूआत की थी, जिसके लिए वह पूरे देश में मशहूर भी हुई थीं। कन्नन अय्यर के निर्देशन में बनी ए वतन मेरे वतन में सारा के अलावा सचिन खेडेकर, अभय वर्मा, स्पर्श श्रीवास्तव, एलेक्स ओ'नील और आनंद तिवारी भी हैं। 'ऐ वतन मेरे वतन' को करण जौहर, अपूर्व मेहता और सोमेन मिश्रा ने बनाया है। 'ऐ वतन मेरे वतन' 21 मार्च को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

### अंकुश राजा का होली स्पेशल गाना आहि रे दिदिया रिलीज

अंकुश राजा का होली स्पेशल गाना आहि रे दिदिया रिलीज हो गया है।आहि रे दिदिया गाने को अंकुश राजा ने शिल्पी राज के साथ मिलकर गया है। गाना आहि रे दिदिया अन्नपूर्णा फिल्म के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। गाने को लेकर अंकुश राजा ने कहा कि होली बिना संगीत कैसे हो सकता है। इसलिए हम इस बार होली को और खास बनाने के लिए एक से बढ़कर एक गाने लेकर आ रहे हैं उसी क्रम में यह भी खाना है जो आपको बेहद पसंद आएगा। हम आप सबों से आग्रह करेंगे कि आप हमारे इस गाने को खूब प्यार और आशीर्वाद दें। इसके साथ होली के रंग को हमारे इस गाने के साथ और रंगीन बनाएं उम्मीद करता हूं कि हमारे गाने आपकी भोजपुरी होली को यादगार बनाने के लिए सक्षम है। गाना आहि रे दिदिया के गीतकार अखिलेश कश्यप, दीपक मतलबी और संगीत आर्य शर्मा कर हैं। संगीतकार शुभम तिवारी हैं। निमार्ता अखिलेश कश्यप हैं।

## किसान आंदोलन : दिल्ली में शांतिपूर्ण प्रदर्शन की गुहार खारिज

एजेंसी

**उच्चतम न्यायालय ने केंद्र सरकार को निर्देश देने की गुहार वाली एक याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दी कि संबंधित उच्च न्यायालय इस मामले से अवगत है**



**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने किसानों को दिल्ली में शांतिपूर्ण प्रदर्शन की अनुमति देने के लिए केंद्र सरकार को निर्देश देने की गुहार वाली एक याचिका सोमवार को यह कहते हुए खारिज कर दी कि संबंधित उच्च न्यायालय इस मामले से अवगत है। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया और याचिकाकर्ता 'सिख चैंबर ऑफ कॉमर्स' के प्रबंध निदेशक एग्नोस्टो थियोस के वकील से कहा कि वह (याचिकाकर्ता) केवल अखबारों की खबरों के आधार पर प्रचार के लिए ऐसी याचिका दायर न करें। पीठ ने वकील से कहा, 'सावधान रहें। उच्च न्यायालय भी इसी तरह के मुद्दे से अवगत है और उसने निर्देश दिए हैं। हम किसी भी चीज पर कोई रुख नहीं अपना रहे हैं। ये जटिल मुद्दे हैं, अपना शोध करें।' शीर्ष अदालत के याचिका पर विचार करने से इनकार के बाद याचिकाकर्ता के वकील ने याचिका वापस लेने को प्राथमिकता दी।

सूर्यांश वैदिक ज्योतिष कार्यालय
गिरधर गोपाल मिश्रा
ज्योतिषाचार्य
जन्म कुण्डली, रत्न विज्ञान व वैदिक अनुष्ठानों के द्वारा अपने समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान प्राप्त करें।
I S H103 Housing Colony Dhanbad Jharkhand 826001.
Mob. 9525504033

जय मां शक्ति सह
होमियो चिकित्सा केंद्र
डॉक्टर आर के पाठक
होमियोपैथिक दवा के द्वारा सभी रोगों का इलाज
(सुबह 10 से 12, शाम 5 से 8 बजे तक)
सम्पर्क : 8409363623
कुम्हारपट्टी मनईटांड, धनबाद

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

# लोहरदगा लोक सभा सीट से महागठबंधन प्रत्याशी की नहीं हट रही धुंध

## लोहरदगा लोक सभा सीट कांग्रेस या फिर झामुमो को मिलेगी, बनी है संशय की स्थिति

दीपक राम काजू

**गुमला।** लोकसभा चुनाव का बिगुल देश में कभी भी बज सकती है। जिसको लेकर राजनीतिक दल अपने पार्टी के उम्मीदवारों की घोषणा शुरू कर दी है। भाजपा ने लोहरदगा लोकसभा सीट से अपना पार्टी उम्मीदवार राज्य सभा सदस्य समीर उरांव को बनाया है। लेकिन कांग्रेस पार्टी से लोहरदगा लोकसभा सीट से कौन उम्मीदवार होगा या तय नहीं हो पाया है। क्योंकि पार्टी में एक नहीं कई उम्मीदवार चुनाव लड़ने को आतुर है। या यू कहें कि एक अनार सौ बीमार हैं। पार्टी उम्मीदवार को लेकर छाया धुंध फिलहाल हटता नजर नहीं आ रही है। सभी उम्मीदवार धुंध साफ होने का इंतजार कर रहे हैं। देश में कांग्रेस में ऐसे भी पतझड़ आ गया है। टिकट की चाह और अति महत्वकांक्षा में लोग पार्टी छोड़कर दूसरे दलों में जा रहे हैं। जिसे देखते हुए राज्य में कांग्रेस पार्टी उम्मीदवारों की घोषणा लटका कर रखी है ताकि चुनाव में मजबूत कैंडिडेट के साथ मैदान में उतराना है। इधर लोहरदगा लोकसभा सीट से कांग्रेस पार्टी में राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, पूर्व विधायक सुखदेव भगत, गुमला जिलाध्यक्ष चैतु उरांव, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष बॉबी भगत सहित कई ऐसे दावेदार हैं जो पार्टी टिकट की आश लगाये बैठे हैं। लेकिन पार्टी भी अपने सबसे पुराने किले को वापस लेने के लिए कोई तगड़े व दमदार उम्मीदवार की तलाश कर रही है।

ऐसे में अफवाओं का बाजार भी गर्म है कि गुमला जिला से विशुनपुर विधान सभा से झामुमो विधायक चमरा लिंडा कांग्रेस पार्टी का दामन थामकर लोहरदगा लोक सभा प्रत्याशी बन सकते हैं। क्योंकि हाल के दिनों में घटित घटना क्रम में नजर दौडाएंगे तो पाएंगे कि चमरा लिंडा झामुमो के किसी भी कार्यक्रम में सक्रिय नहीं दिखे। यहां तक कि विधान सभा में जब राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को बहुमत साबित करना था तब भी वे पार्टी से किनारा किये हुए नजर आये। ऐसा में यह क्यास लगाया जा रहा है कि चमरा लिंडा कांग्रेस पार्टी से लोहरदगा लोक सभा क्षेत्र का उम्मीदवार बन सकते हैं। चमरा लिंडा का चुनाव मैनेजमेंट भी इतना सशक्त है कि वे निर्दलीय भी लड़ते हैं तो राष्ट्रीय पार्टियों को मैदान में पानी पिलाकर रख देते हैं। आज तक उनका तोड़ किसी राष्ट्रीय पार्टी ने हासिल नहीं किया है। अगर चमरा लिंडा कांग्रेस से चुनाव लड़ते हैं तो भाजपा का चार सौ पार के नारे में एक सीट लोहरदगा से कम करना पड़ जाएगा। यह क्षेत्र की जनता दबी जुबान कह रहे हैं। मगर हालात यह भी उभर कर आ रही है कि लोहरदगा लोकसभा सीट से कांग्रेस पार्टी चुनाव लड़ेगी या झामुमो। अगर नजरें उठा कर देखें तो इस सीट पर पहला हक झामुमो की बनती है। क्योंकि गुमला के तीन विधान सभा सीटों पर झामुमो के विधायक हैं जबकि कांग्रेस के पास लोहरदगा व मांडर से विधायक है। अगर इस फारमुले पर जाए तो झामुमो के झोली पर ही सीट जाएगी। यही कारण है कि उक्त उधेडबुन में अब तक लोहरदगा लोक सभा सीट का बंटवारा महागठबंधन में तय नहीं हो पाया है। यह ये कहें कि कांग्रेस व झामुमो के बीच लोहरदगा लोक सभा सीट झूल रही है। अगर गलती ये लोहरदगा लोक सभा सीट झामुमो के झोली में चली जाती है तो गुमला जिला में कांग्रेस में पतझड़ आ जाएगा। क्योंकि गुमला के तीनों विधान सभा पहले से झामुमो की झोली में है और लोहरदगा लोक सभा सीट चली गई तो गुमला के कांग्रेस महज पार्टी का झंडा ढोने के लिए बच जाएंगे।

## आभूषण दुकान से 40 हजार नकद, लगभग 10 लाख व मेडिकल स्टोर से एक लाख की चोरी




दुकान के बाहर लगी भीड़



घटना की जानकारी लेते एसडीपीओ व अन्य

**श्री बंशीधर नगर।** श्री बंशीधर नगर शहर में चोरों की सक्रियता बढ़ गयी है। जनरल स्टोर के बाद चोरों ने बीती रात आभूषण दुकान एवं बिलासपुर में मेडिकल स्टोर में हाथ साफ किया है। जानकारी के अनुसार विगत रात्रि शहर के बीचोबीच चेचरिया पुल के पास स्थित यमुना ज्वेलर्स नामक आभूषण दुकान से लाखों रुपये के आभूषण एवं नगद की चोरी कर ली है। दुकान की दीवार को काटकर भीतर घुसे चोरों ने लकर को तोड़कर चोरी की घटना का अंजाम दिया है। घटना में लगभग 7-8 किलो चांदी के आभूषण और 22 एवं 18 कैरेट के सोने के आभूषण के साथ साथ 40 हजार रुपये नकद समेत लगभग 10 लाख रुपये की चोरी हुई है। घटना की सूचना मिलने पर पहुंचे पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह और थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक मामले की छानबीन में जुट गये हैं। उार श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के बिलासपुर बाजार स्थित विश्वकर्मा मेडिकल स्टोर के शटर का ताला तोड़कर चोरों ने एक लाख रुपये नगद की चोरी कर ली है। घटना की जानकारी मिलने के बाद एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक ने बिलासपुर जाकर मामले की जांच पड़ताल की। पीड़ित दुकानदार कंचन विश्वकर्मा ने बताया कि सुबह मकान मालिक ने उन्हें कॉल करके दुकान के शटर का ताला काटे जाने की बात बताई। आनन-फानन में दुकान जाकर देखा तो कैश बॉक्स में रखे करीब एक लाख रुपये नगद गायब था। पुलिस ने दुकानदार के आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उधर शहर के यमुना ज्वेलर्स नामक आभूषण दुकान में चोरी होने की सूचना मिलने पर पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी, बीस सूत्री के प्रखंड अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, झामुमो नेता मुक्तेश्वर पांडेय, दीपक प्रताप देव, चेंबर अफ कमर्स के अध्यक्ष शंभूनाथ सौदागर, हृदयानंद कमलापुरी, भाजपा नेता रघुराज पांडेय, लक्ष्मण राम सहित काफी संख्या में लोगों ने दुकान पहुंच कर घटना की जानकारी ली तथा व्यवसायी को ढांढस बंधाया।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ जिले के विभिन्न प्रखंडों में भाजपाईयों ने किया प्रदर्शन



घाघरा प्रखंड कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते भाजपाई



चैनपुर में राज्य में छाये भ्रष्टाचार के खिलाफ जुलूस निकाले भाजपाई

## पार्टी कार्यालय से निकाला जुलूस, अबुवा आवास, जेएसएससी नियुक्ति सहित विभिन्न मुद्दों पर घेरा सरकार को

खबर मन्त्र संवाददाता

**घाघरा, चैनपुर, रायडीह टीम।** झारखंड सरकार के विफलताओं को लेकर सोमवार को गुमला जिले के घाघरा, रायडीह, चैनपुर, डुमरी सहित विभिन्न प्रखंडों में भाजपाईयों के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में भाजपाई पार्टी कार्यालय के समक्ष एकजुट होकर प्रखंड के मुख्य मार्गों से घूमते हुए ब्लॉक परिसर पहुंचे और ब्लॉक के सामने जमकर नारे बाजी की। हाथों में तख्तियां लेकर झारखंड सरकार, हेमंत सोरेन व चंपई सोरेन के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान भाजपाईयों ने कहा कि जिस राज्य का मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में बंद हो उस राज्य का क्या हाल होगा। ऐसी सरकार से राज्य की जनता क्या उम्मीद कर सकती है। राज्य के युवा का भविष्य अंधेरे में है समय से वैकेंसी नहीं आ रही है जेएसएससी ने एक वैकेंसी भी निकाला जिसका पेपर लीक हो गया और अभी कई बड़े अधिकारी से लेकर नेता इस बड़े घोटाले में फंस रहे है। इस पूरे मामले में सीबीआई जांच कर दोषियों पर कार्रवाई हो, अबुवा आवास में बिचौलियों से मिलकर सरकारी कर्मी द्वारा मासूम जनता से पैसे का उगाही कर रहे है, बड़े अधिकारियों के ट्रांसफर पोस्टिंग में लाखो करोड़ों रुपए लिया जा रहा है। घाघरा में आयोजित कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद समीर उरांव, यशवंत सिंह, तिम्बू उरांव, श्याम किशोर पाठक, गोपाल गोप, आशीष सोनी, पप्पू गुप्ता सतवंती देवी, सीमा देवी, अरुनजय सिंह, हरिलाल उरांव, अलका देवी, सालावंती देवी, लक्ष्मी बड़ाईक, मुन्ना साहू, चैनपुर में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा मंडल महामंत्री अमित किशोर पाण्डेय,बुधराम नायक, अवधेश प्रताप शाहदेव,युवा मोर्चा अध्यक्ष भूषण सिंह,गोपाल सिंह दीपक रजक,अरविंद मौर्य, कौशल केशरी,प्रफुल्ल उरांव,कृष्णा उरांव,राजेश भगत,कलेंद्र नगेशिया, गुलाब साय,महिला मोर्चा अध्यक्ष रुक्मणि देवी,सरिता देवी,इला देवी सावित्री देवी,सहित सैकड़ों भाजपाई मौजूद थे।



रायडीह प्रखंड कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते भाजपाई

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया यूएसए चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल का 12वां वार्षिकोत्सव

**चतरा।** कान्हाचट्टी प्रखंड अंतर्गत राजपुर बाजार में स्थित यूएसए चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल के 12वां वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि के आगमन पर स्कूल के संचालक उज्ज्वल कुमार सिन्हा व छात्र छात्राओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। वहीं इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर भी अतिथियों का मन मोहा। तत्पश्चात श्री तिवारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बिना शिक्षा के देश का विकास संभव नहीं है। शिक्षा से ही मनुष्य का चारित्रिक विकास होता है।

## युवक युवतियां को दिया जाएगा वॉलीबॉल, हॉकी एवं एथलेटिक्स डेबोर्डिंग का प्रशिक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत जवाहरलाल नेहरू स्टेडीयम में सोमवार को बच्चे व बच्चियों को पर्यटन कला एवं संस्कृति खेलकूद युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार के तत्वाधान में जिला के गिद्धौर प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय पिंडारकोण में वॉलीबॉल डे बोर्डिंग प्रशिक्षण हेतु लगभग 85 बच्चे बच्चियों का चयन किया गया। जबकि गिद्धौर के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में लगभग 170 बालिकाओं एवं 155 बालको का हॉकी एवं एथलेटिक्स डे बोर्डिंग प्रशिक्षण हेतु चयन प्रक्रिया विधिवत ढंग से संपन्न किया गया। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम बैटरी टेस्ट के तहत ऊंचाई की माप वजन की माप बॉल थ्रो फ्लैक्सिबिलिटी टेस्ट शटल रन वर्टिकल जंप स्टैंडिंग जंप 30 मी दौड़ 800 मीटर की दौड़ किया गया। साथ ही साथ हॉकी स्किल टेस्ट में ट्रैवलिंग पासिंग एवं बॉल शोर्ट तथा वॉलीबॉल स्किल टेस्ट के तहत सर्विसिंग एवं बाल पास के तहत चयन किया गया। इस चयन प्रक्रिया में 8 वर्ष से 12 वर्ष के बच्चों ने भाग लिया। जिसके तहत प्रस्तावित डे बोर्डिंग सेंटर से लगभग 5 किलोमीटर के अंदर आने वाले सरकारी विद्यालय एवं कई निजी विद्यालय के बच्चों ने भाग लिया।



# राज्य सरकार में व्याप्त भरष्टाचार से झारखंड की जनता त्राहिमाम : बिंदेश्वर उरांव

## भंडरा में भाजपा ने सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा, दिया एक दिवसीय धरना

खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरा।** भाजपा के पूर्व निर्धारित समय के अनुसार सोमवार को प्रखंड मुख्यालय परिसर में झारखंड सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन व जनआक्रोश रैली के तहत एक दिवसीय महाधरना प्रदर्शन किया गया। धरनाप्रदर्शन की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक सोनी,भाजपा अनुचूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव ने संयुक्त रूप से किया। भाजपाइयों के द्वारा मसमानो मोड़ से रैली निकाल कर प्रखंड परिसर में धरना परदर्शन किया गया।महा धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से भाजपा अनुचुचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पे प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव ने कहा कि वर्तमान झारखंड सरकार गठबंधन सरकार नही यह ठग बंधन की सरकार है इस सरकार में व्याप्त भरष्टाचार से झारखंड की जनता त्राहिमाम त्राहिमाम कर रही है। इस वर्तमान ठग बंधन सरकार को हटाना है झारखंड को बचाना है वर्तमान सरकार ने सिर्फ जनता को ठगने का काम किया है आज के वर्तमान समय में झारखंड में किसी भी सरकारी दफ्तर मैं बिना चढ़ावे के आमजन का कोई काम नहीं हो रहा है आगे उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यालय में अफसरशाही हावी है जनता परेशान है और सरकार प्राकृतिक संसाधनों को लूटने में लगी है। वही पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकिशोर साहू ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस जन विरोधी सरकार के शासन काल मे सिर्फ और सिर्फ लोगो को लूटने का काम कर रही है। कार्यक्रम में कई अन्य वक्ताओं ने अपने संबोधन में राज्य सरकार को गरीब,किसान विरोधी बताते हुए कहा कि राज्य राज्य सरकार सभी विकास योजनाएं में लुट मचाया हुए है । अबुवा आवास में पूरे राज्य की गरीब जनता से करोड़ो रुपए लूट लिया गया ।सरकार के संरक्षण में लूट की जा रही है । वही भाजपा कार्यकताओं ने कई मांगो को लेकर राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा। इस मौके पर केदार साहू,राजकिशोर साहू,रामविलास साहू,राजेश साहू,चंदन गुप्ता,रामकुमार साहू, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के गुलाम मुस्तफा,अख्तर अंसारी, वीना देवी,गीता उरांव आदि सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



प्रदर्शन करते भाजपाई

## विभिन्न मांगों को लेकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौपा

**भंडरा।** भारतीय जनता पार्टी भंडरा प्रखण्ड प्रखण्ड अध्यक्ष विवेक सोनी की अध्यक्षता में झारखंड साकार के व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ एक दिवसीय धरना सह प्रखंड कार्यालय का घेराव कर विभिन्न मांगों को लेकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौपा गया जिसमे मनरेगा मजदूरों की मजदूरी भुगतान नहीं होरा रही भुगतान की मांग, बिजली बिल में बढ़ोतरी को कम करने की मांग, नल जल योजना में घोर भ्रष्टाचार हो रही उसकी जांच कर कार्रवाई की मांग, कानून वयवस्था सही करने की मांग, बालू पर अवेध काल बाजारी पर रोक लगाने, पंचायत के विकास के लिए पर्याप्त फंड दिया जाने, अबूवा आवास में गडबडी और जमीन ऑनलाइन में गडबडी की जांच कर सुधार किये जाने की मांग शामिल है।

## एक नजर में

### विश्वजीत शाहदेव ने भाजपा शीर्ष नेतृत्व का जताया आभार

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा लोहरदगा लोकसभा सीट के लिए भाजपा राष्ट्रीय जनजाति मोर्चा के राष्टीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद समीर उराँव को प्रत्याशी बनाए जाने पर भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य लाल विश्वजीत शाहदेव ने समीर उरांव को बधाई देते हुए भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताया है। विश्वजीत शाहदेव ने कहा है की लोहरदगा लोकसभा की जनता ने लगातार तीन बार लोकसभा चुनाव जिताकर विकास की राजनीति को चुना था वैसे एक बार फिर पीएम मोदी जी के नेतृत्व में समीर उरांव को जीता दिलाकर विकास की गति को तेज करने में अपनी भूमिका निभायेंगे।श्री शाहदेव ने कहा की समीर उरांव जमीन से जुड़े जुझारू नेता रहे है। उन्होंने गांव ग्रामीणों को करीब से देखा और जाना है । राज्यसभा सांसद होते हुए समीर उरांव ने लगातार क्षेत्र की समस्याओं को सदन में मुखर तरीके से उठाते हुए समाधान कराया है। खासकर गुमला लोहरदगा को रेल लाइन से जोड़ने के लिए लगातार प्रयासरत रहे है।

### कहने को लोकतंत्र और करने को राजतंत्रः लाल गुड्डूनाथ शाहदेव

**लोहरदगा।** पंचायती राज के अधिकार अधिनियम और कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए कुडू पूर्वी क्षेत्र की जिला परिषद सदस्य गंगोत्री देवी के पति सह आजसू नेता लाल गुड्डू नाथ शाहदेव ने कहा है कि जिस प्रकार से आज के समय में पंचायती राज व्यवस्था चल रही है उसको देख कर बड़ी विडम्बना का अनुभव होता है। लोक सभा ना विधान सभा सबसे ऊंची ग्राम सभा का नारा तो जोर जोर से लगाया जाता है, परन्तु जब स्वतन्त्र अस्तित्व और अधिकार का समय आता है तो ग्रामसभा पर विधानसभा और लोकसभा के निर्णयों को थोप दिया जाता है। यह व्यवस्था एक स्वस्थ लोकतन्त्र के लिए बिल्कुल सही नहीं है। जब ग्रामसभा के निर्णय को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात की जाती है तो फिर गांव के जल जंगल जमीन खनिज और उत्पादों पर सम्पूर्ण अधिकार ग्रामसभा को क्यों नहीं मिलता है। आखिर कब सुधरेंगे हम और कब यह अपना साकार होगा अथवा अधिकार की बातें केवल दिवास्वप्न बनकर रह जायेगी।

### महिलाओं ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत में जेएसएलपीएस के महिलाओं ने मतदाता जागरूकता अभियान सोमवार को चलाया। जहां कई नारे लगाते हुए लोगों से मतदान करने की बातें किया। महिलाओं ने वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है,ना जाती पर ना धर्म पर बटन दबाएंगे कर्म पर,लोकतंत्र का सम्मान करें निर्भय होकर मतदान करें,जो विकास के काम करेंगे वोट उसी के नाम करेंगे, इस तरह से कई नारे लगाए। कार्यक्रम में शामिल प्रतिमा देवी शान्ति देवी प्रियंका कुमारी संगीता देवी प्रति लिन्डा कमली देवी लिलम कुमारी प्रतिमा एक्का मालो देवी प्रियंका कुमारी एवं दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।

### सभी मतदान केंद्रों पर सोशल मीडिया अभियान चलाया गया

**लोहरदगा।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड सरकार के निदेश पर सोमवार को जिला के सभी मतदान केंद्रों पर सोशल मीडिया अभियान के माध्यम से मतदाता सूची वेरीफिकेशन का कार्य किया गया। मतदाताओं ने अपना नाम अंतिम प्रकाशित सूची में अथवा ऑनलाईन माध्यम से जांच कर अपनी सेल्फी सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए हैशटैग का इस्तेमाल किया। 12-लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में कुल 3,65,684 (तीन लाख पैंसठ हजार छह सौ चौरासी) मतदाता हैं जिसमें महिला मतदाताओं की संख्या 1,84,050 और पुरूष मतदाताओं की संख्या 1,81,633 है। थर्ड जेण्डर मतदाता की संख्या 1 है। जिसमें 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में 2,80,448 और 69-बिशुनपुर (अंश) में 85,236 मतदाता हैं। उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुजाता कुजूर समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा मतदान केंद्रों पर पहुंच कर औचक निरीक्षण किया गया।

### उपायुक्त समेत अधिकारियों ने सेल्फी लेकर आईएम वेरिफाइड वोटर अभियान का किया शुरुआत

**कोडरमा।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सोशल मीडिया अभियान आईएम वेरिफाइड वोटर का शुभारंभ सोमवार से सभी मतदान केंद्रों में किया गया। उपायुक्त मेघा भारद्वाज, डीएफओ सूरज कुमार सिंह, डीडीसी ऋतुराज, एसडीओ रिया सिंह समेत जिले के कई पदाधिकारियों के द्वारा सेल्फी लेकर आई एम वेरिफाइड वोटर अभियान का विधिवत शुरुआत किया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि जिले के सभी मतदान केंद्रों में अभियान की शुरुआत हो गयी है, सभी मतदाता अपने-अपने मतदान केंद्रों में जाकर अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची से अथवा ऑनलाइन के माध्यम से सूची में अपने नाम का सत्यापन करें यदि सूची में किन्हीं का नाम नही है अथवा त्रुटि हो तो अविलंब इसकी जानकारी केंद्र में मौजूद बीएलओ को दें और सम्बंधित फॉर्म भर कर सुधार करवाएं, उपायुक्त ने सभी बीएलओ को फॉर्म 6, 7 और 8 के साथ केंद्र में उपलब्ध रहने तथा मतदाताओं द्वारा बताए गए त्रुटियों को दूर करने आदि का निर्देश दिया।

### पैसा वापसी के लिये विवाहिता के साथ मारपीट और दुष्कर्म

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर में एक विवाहिता के साथ मारपीट कर रेप किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता बिहार के पटना की रहने वाली है। पीड़िता की शिकायत पर भवनाथपुर पुलिस ने एफआईआर कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार कर्ज के पैसे और मोबाईल वापस करने के बहाने बुलाकर अभियुक्त जंगल में सुनसान जगह पर पीड़िता को ले गया जहां उसके साथ बुरी तरह मारपीट की और रेप करने के बाद उसे छोड़कर भाग गया। बाद में पीड़िता ने 100 डायल कर पुलिस से मदद की गुहार लगाई, जिसके बाद पुलिस ने अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के बाद उसने पुलिस को घटना की सारी जानकारी दी। जानकारी के अनुसार पीड़िता अपने पति संजय यादव के साथ सूरत गुजरात में रहती थी। पति उसके एक कंपनी में काम करते हैं। उसी कंपनी में ही जहरुद्दीन अंसारी भी काम करता था। भवनाथपुर पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर जहरुद्दीन अंसारी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के बाद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही पीड़िता की मेडिकल की जांच के लिये गढ़वा भेजा है।

### जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक, उपायुक्त ने दिए कई निर्देश

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक हुई। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, वार्षिक जमा ऋण, प्रधानमंत्री जनधन योजना, ऋण योजना, कृषि ऋण योजना आदि की प्रगति की समीक्षा किया गया, समीक्षा के क्रम में जिला ऋण योजना के तहत प्राथमिक क्षेत्र में उपलब्धि कम रहने, कृषि ऋण में लक्ष्य के अनुरूप सफलता हासिल नही करने पर उपायुक्त ने सभी बैंकों के प्रतिनिधियों को सभी योजनाओं में मार्च महीने तक शतप्रतिशत उपलब्धि हासिल करने, सुरक्षा बीमा योजना और जीवन ज्योति बीमा योजना के नवीनीकरण और जागरूकता के लिए गांवों में शिविर लगाने आदि का निर्देश दिया गया।

# ऑटोमैटिक कार की सवारी बन रही हकीकत

**वेमो गाड़ी इलेक्ट्रिक जगुआर आई-पेस मॉडल से बनी हैं और इनकी सेवाएं अन्य शहरों में भी जल्द उपलब्ध होंगी।**

वंदना गोम्बर

भविष्य की कार संभवतः इलेक्ट्रिक, साझा कार और स्वचालित कार होगी। आपने इस तरह के बयान पहले भी सुने होंगे लेकिन सच यह है कि यह भविष्य की कार नहीं बल्कि आज मौजूद है। पिछले महीने की शुरूआत में, मैंने सैन फ्रांसिस्को में एक वेमो कैब की सवारी की। यह स्वचालित कैब शहर की सड़कों से होते हुए कुछ गलियों से गुजरने के साथ ही कई मुश्किल मोड़ पर भी घूमी लेकिन हम बिना किसी परेशानी अपनी मंजिल तक पहुंच गए।

ऐसा लगा जैसे किसी अदृश्य हाथों ने स्टीयरिंग व्हील घुमाई हो जो मशीन शायद लंबे समय तक स्वचालित कारों का हिस्सा नहीं रहेगी। वेमो गाड़ी इलेक्ट्रिक जगुआर आई-पेस मॉडल से बनी हैं और इनकी सेवाएं अन्य शहरों में भी जल्द उपलब्ध होंगी। इनका किराया उबर और लिफ्ट जैसी टैक्सी सेवाओं के समान ही है।




ब्लूमबर्ग एनईएफ इन स्वचालित वाहनों को अब भी एक ऐसे कारक के तौर पर देखता है जो हमारे आवागमन के तरीके पूरी तरह से बदल सकता है या कुछ शहरों के चुनिंदा क्षेत्रों तक ही सीमित रह सकता है। इलेक्ट्रिक वाहनों का भविष्य अधिक स्पष्ट है, हालांकि इसमें भी बदलाव हो रहा है। इस साल दुनिया भर में इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री 20 फीसदी तक बढ़ सकती है, जिनमें से लगभग 1.67 करोड़ वाहन निर्यात किए जा रहे हैं। बैटरी और धातु क्षेत्र में भी तेज गतिविधियां देखी जा रही हैं।

बीएनईएफ के धातु और खनन विश्लेषक एलन रे रेस्टॉरो का कहना है, ह्यलंबी अवधि में मांग में वृद्धि निश्चित है।ह्व हालांकि, अतिरिक्त उत्पादन क्षमता के कारण अधिशेष मात्रा के चलते कीमतों पर भी दबाव पड़ा है। वर्ष 2023 में निकल की कीमतों में लगभग 47 प्रतिशत की गिरावट आई। लीथियम की कीमतों में गिरावट के बावजूद एक्सॉन मोबिल कॉर्प ने हाल में कहा कि वह अर्कांसस में अपनी परियोजना को आगे बढ़ाएगी।

बीएनईएफ ने 30 देशों की वैश्विक लीथियम-आयन बैटरी आपूर्ति श्रृंखला की रैंकिंग में कनाडा को शीर्ष स्थान दिया है जो रैंकिंग एक सुरक्षित, विश्वसनीय और टिकाऊ आपूर्ति श्रृंखला बनाने की क्षमता पर आधारित है। कनाडा के बाद चीन, अमेरिका, जर्मनी, फिनलैंड और दक्षिण कोरिया का स्थान है। भारत इस साल पांच स्थान ऊपर चढ़कर 13वें स्थान पर पहुंच गया है।

विकासशील देशों के लिए जलवायु से जुड़े लक्ष्यों के लिए राशि आवंटित करने में अग्रणी माने जाने वाले विश्व बैंक समूह ने अगले साल वार्षिक फंडिंग बढ़ाकर 40 अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा है यानी विश्व बैंक जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए विकासशील देशों को अधिक सहायता प्रदान करेगा। उत्सर्जन कम करने या रोकने के लिए की जाने वाली कार्रवाई और जलवायु परिवर्तन से समायोजन के लिए यह राशि समान रूप से विभाजित की जाएगी।

विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने बीएनईएफ को दिए गए एक साक्षात्कार में कहा, ह्यइस राशि के लिए कोई ठोस वैज्ञानिक आधार नहीं है और मुझे यह नहीं पता है कि यह सही है या नहीं।ह्व पूंजी का समान विभाजन दरअसल विकसित और विकासशील देश दोनों की चिंताओं को दूर करने के लिए किया गया है। यह विश्व बैंक के धरती को एक रहने लायक ग्रह और गरीबी मुक्त दुनिया बनाने के नए दृष्टिकोण के अनुरूप है। इसके लिए जलवायु परिवर्तन से जुड़े निवेशों में वृद्धि की आवश्यकता होगी। पिछले साल जलवायु परियोजनाओं को 38.5 अरब डॉलर की फंडिंग मिली थी।

बंगा की प्राथमिकता वाली परियोजनाओं में अफ्रीका में 10 करोड़ लोगों को अक्षय ऊर्जा देने वाली 15 अरब डॉलर की योजना शामिल है। इसमें कई देशों के सहयोग से कार्बन क्रेडिट को अधिक मूल्य पर बेचने के प्रयास के साथ मीथेन उत्सर्जन को सीमित करने की योजना और भारत में हरित हाइड्रोजन से जुड़े बुनियादी ढांचे को समर्थन देना शामिल है।

सौर ऊर्जा 2024 में एक और रिकॉर्ड बनाएगी और इस साल 520 गीगावॉट से अधिक क्षमता स्थापित किए जाने की उम्मीद है और यह पिछले साल की तुलना में लगभग 30 प्रतिशत की वृद्धि है। करीब 37 से अधिक बाजार एक गीगावॉट से अधिक क्षमता जोड़ेंगे। बाजार की मौजूदा स्थिति के बारे में बीएनईएफ ने कुछ इस तरह बयां किया, ह्यसौर मॉड्यूल की कीमतें रिकॉर्ड निचले स्तर पर हैं और सभी घटकों की आपूर्ति भी भरपूर है। अंतिम उपयोगकर्ता वाले बाजार फल-फूल रहे हैं जबकि निमार्ता लाभ कमाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।ह्व

भारत सौर ऊर्जा स्थापित करने के मामले में विश्व में तीसरा सबसे बड़ा बाजार बनने की ओर अग्रसर है और इससे आगे अमेरिका और चीन है जबकि ब्राजील और जर्मनी इसके पीछे हैं। हालांकि, सौर ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला के स्थानीयकरण की महत्त्वाकांक्षा, कम कीमतों और कम या न के बराबर लाभ मार्जिन की वास्तविकता से टकराएगी।

इसका मतलब यह हो सकता है कि यूरोप, अमेरिका और अन्य देशों में प्रस्तावित कई कारखाने कभी नहीं बन पाएंगे। भारत ने पिछले साल लगभग 23 गीगावॉट सौर ऊर्जा की नीलामी की थी जो ग्रिड कनेक्शन क्षमता को दशार्ता है। यह पिछले दो वर्षों में नीलाम की गई कुल क्षमता से भी अधिक है और यह एक नया रिकॉर्ड है।

# चीन में मंदी से भारत सबसे कम प्रभावित: डेटा

एशिया-प्रशांत क्षेत्र में, चीन में मंदी और उनके बेंचमार्क उपायों के खराब प्रदर्शन से भारत सबसे कम प्रभावित है।

समी मोडकसमी मोडक

हालांकि दुनिया भर से चुनौतियां भारतीय बाजारों को प्रभावित कर रही हैं, लेकिन चीन में मंदी उनमें से एक नहीं है। गोल्डमैन सैक्स ने अपने विश्लेषण में पाया कि जब भारतीय स्टॉक ऊपर जाते हैं, तो चीनी स्टॉक नीचे जाते हैं।

एशिया-प्रशांत क्षेत्र में, चीन में मंदी और उनके बेंचमार्क उपायों के खराब प्रदर्शन से भारत सबसे कम प्रभावित है। इसके विपरीत, हांगकांग, थाईलैंड, ताइवान और मलेशिया उन देशों में से हैं जिनकी किस्मत दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन के साथ निकटता से जुड़ी हुई है।

गोल्डमैन सैक्स ने एक नोट में कहा, ह्लहाई जियो-पुलिटिकल रिस्क और चीन की आर्थिक चुनौतियों के बारे में चिंताएं हैं जो क्षेत्र में समग्र विकास को प्रभावित कर रही हैं।हालांकि, भारत चीन की मांग से कम जुड़ा है और उसके शेयर बाजार में चीन की धीमी वृद्धि के प्रति संवेदनशीलता कम है। इसका मतलब यह है कि भारत इन वैश्विक जोखिमों के प्रति कम संवेदनशील है।

ब्रोकरेज ने 2024 में एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिए कुछ चुनौतियों की ओर इशारा किया है, जैसे दुनिया भर में धीमी वृद्धि, उच्च वैश्विक ब्याज दरें, अल्पावधि में डॉलर की निरंतर ताकत, बढ़ती भूराजनीतिक अनिश्चितताएं और चीन में कम वृद्धि।

गोल्डमैन सैक्स का अनुमान है कि 2024 में ग्लोबल 2.6% (2023 में 2.7% से थोड़ा कम) बढ़ेगा। जापान को छोड़कर एशिया में विकास दर 5.1% से घटकर 4.7% होने की उम्मीद है, इसका मुख्य कारण यह है कि चीन की वृद्धि दर 5.3% से घटकर 4.8% रह गई है।

भारत के लिए, गोल्डमैन सैक्स के अर्थशास्त्रियों को 2024 में 6.3 प्रतिशत की स्थिर सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि की उम्मीद है, जबकि 2023 में यह 6.4 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) होगी।

गोल्डमैन सैक्स के अनुसार, 2024 की पहली छमाही में विकास को चुनाव से संबंधित खर्चों से बढ़ावा मिलेगा, जिससे उपभोक्ता मांग को बढ़ावा मिलेगा। चुनाव के बाद निवेश वृद्धि में फिर से तेजी आने की उम्मीद है, खासकर प्राइवेट सेक्टर से।

**चीन में नयी महामारी के बीच भारत के पास खुद को मैन्युफैक्क्ररिंग हब के रूप में स्थापित करने का मौका: रिपोर्ट**

चीन में श्वसन संबंधी महामारी फैलने के बीच भारत अपनी आपूर्ति-श्रृंखला क्षमताओं को बढ़ाकर और स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचे में निवेश कर खुद को वैश्विक ह्यमैन्युफैक्क्ररिंग हबह्व के तौर पर स्थापित कर सकता है। एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (ॠळफक) ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारत मोबाइल फोन और लैपटॉप जैसे क्षेत्रों में अपने कार्यबल और विनिर्माण क्षमता का लाभ उठा सकता है।

रिपोर्ट के अनुसार, चीन में मानव-पशु संपर्क के कारण कई संक्रमण फैले हैं। इनमें 2019 में कोविड-19, 2013 में एच7एन9 बर्ड फ्लू, 2014 में एच5एन6 बर्ड फ्लू और 2021 में एच10एन3 बर्ड फ्लू शामिल हैं।

हालांकि, इन संक्रमणें के अलग-अलग प्रभाव थे, लेकिन कोविड-19 विशेष रूप से एक वैश्विक महामारी में बदल गया। ये महामारियां, विशेष रूप से कोविड-19 ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं और विनिर्माण के लिए चीन पर निर्भरता के फिर से मूल्यांकन को प्रेरित किया है। कंपनियां जोखिमों को कम करने के लिए आपूर्ति स्रोतों में विविधता लाने के विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। जीटीआरआई के सह-संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, ह्लभारत अपनी आपूर्ति श्रृंखला क्षमताओं को बढ़ाकर और अस्पतालों के बुनियादी ढांचे में निवेश करके लाभ उठाने की स्थिति में है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसी साल मध्य अक्टूबर से चीन के उत्तरी भाग में बच्चों में श्वसन संबंधी बीमारी बढ़ रही है, जो कोविड-19 प्रतिबंध हटने और ठंड के मौसम की शुरूआत से जुड़ी है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने 26 नवंबर को एक बयान में कहा है कि भारत सरकार स्थिति पर नजर बनाए हुए है। सरकार ने संकेत दिया कि फिलहाल खतरे की कोई जरूरत नहीं है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन 90 प्रतिशत से अधिक लैपटॉप की आपूर्ति करता है और अधिकतर उकपरणों का उत्पादन घर में ही करता है। यही बात वॉशिंग मशीन, सोलर पीवी सेल और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बैटरी पर भी लागू होती है।

इसमें कहा गया, किसी भी कारण से आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित होती है तो पूरी दुनिया प्रभावित होगी। कोविड ने दवाई के मामले में यह बता दिया था। इस मामले में, मोबाइल फोन और लैपटॉप की दुनियाभर में आपूर्ति के लिए इनके स्थानीय विनिर्माण के भारत के प्रयास का स्वागत किया जाना चाहिए।

# ग्रामीणों की एसआईपी में निवेश में रूचि बढ़ी

ग्रामीण इलाकों से मिल रहे ज्यादा रकढ खाते, हालांकि निवेश की रकम छोटी


मई से अक्टूबर 2023 के बीच बी-30 से एसआईपी निवेश 26 फीसदी बढ़कर 6,436 करोड़ रुपये पर पहुंच गया जबकि टी-30 में बढ़त की रफ्तार 22 फीसदी रही।

म्युचुअल फंड 30 बड़े शहरों (टी-30) के मुकाबले ग्रामीण इलाकों (बी-30) में नए सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान वाले नए खातों में ज्यादा वृद्धि से रूबरू हो रहा है। हालांकि इन इलाकों से मिलने वाला औसत निवेश बड़े शहरों या केंद्रों के मुकाबले काफी कम है।

एसोसिएशन ऑफ म्युचअल फंड्स इन इंडिया (अटम्रक) के आंकड़ों के अनुसार ग्रामीण इलाकों ने एसआईपी के जरिये म्युचुअल फंडों को औसतन 1,725 रुपये का योगदान किया, जो अग्रणी शहरों के निवेशकों के निवेश के औसत आकार 2,940 रुपये से 70 फीसदी कम है।

अक्टूबर में बी-30 शहरों के निवेशकों का 3.73 करोड़ एसआईपी खातों के जरिये सकल निवेश 6,436 करोड़ रुपये रहा जबकि टी-30 के निवेशकों ने 3.57 करोड़ खातों के जरिये 10,492 करोड़ रुपये का योगदान किया। बी-30 में एसआईपी खातों का जुड़ाव और एसआईपी निवेश टी-30 के मुकाबले ज्यादा तेज रफ्तार से बढ़ रहा है।

मई से अक्टूबर 2023 के बीच बी-30 से एसआईपी निवेश 26 फीसदी बढ़कर 6,436 करोड़ रुपये पर पहुंच गया जबकि टी-30 में बढ़त की रफ्तार 22 फीसदी रही। इसके साथ ही बी-30 में सक्रिय एसआईपी खातों ने टी-30 की संख्या को पीछे छोड़ दिया और




यह 17 फीसदी की बढ़त के साथ अप्रैल 2023 के 3.17 करोड़ खातों के मुकाबले अक्टूबर के आखिर में 3.73 करोड़ पर पहुंच गई।

म्युचुअल फंड के अधिकारियों ने कहा कि बी-30 क्षेत्र बेहतर वृद्धि दर्ज कर रहा है। इसका कारण जागरूकता में इजाफा और नई पीढ़ी के निवेश विकल्पों की बढ़ती स्वीकार्यता है।

मिरे ऐसेट एमएफ के वाइस चेयरमैन और मुख्य कार्याधिकारी स्वरूप मोहंती ने कहा कि महामारी के बाद हम दो चीजें एक साथ देख रहे हैं। पहला, वित्तीय परिसंपत्तियों की ओर बढ़ते कदम और दूसरा, एसआईपी के जरिये देश के छोटे शहरों में म्युचुअल फंडों का प्रसार। यह काफी अच्छा संकेत है क्योंकि ज्यादा भारतीय निवेशक पूंजी बाजारों के जरिये अब भारत के विकास की कहानी में हिस्सेदार बनेंगे।

हालांकि बी-30 के एसआईपी खातों में तीव्र बढ़ोतरी ने निवेश का आकार घटा दिया है। नवंबर 2021 में बी-30 में निवेश का आकार 1,757 रुपये था, जो अक्टूबर 2023 में घटकर 1,725 रुपये रह गया। इसकी तुलना में टी-30 में निवेश का औसत आकार पिछले दो साल में 2,794 से 2,940 रुपये पर आया है।

छोटे शहर म्युचुअल फंडों का ज्यादा ध्यान खींच रहे हैं क्योंकि वहां वृद्धि की ज्यादा गुंजाइश है। विगत वर्षों में फंड हाउस ने इन इलाकों में काफी शाखाएं खोली हैं। उन्होंने वैयक्तिक वितरकों व बैंकों के साथ गठजोड़ के जरिये अपनी वितरण ताकत बढ़ाई है।

हालांकि उद्योग की बी-30 योजना को मार्च 2023 में तब झटका लगा जब बाजार नियामक सेबी ने बी-30 के प्रोत्साहन ढांचे पर रोक लगी दी। इसके तहत फंड हाउस बी-30 से निवेशक हासिल करने के लिए वितरकों को ज्यादा प्रोत्साहन देते थे।

# इमर्जिंग मार्केट बास्केट में भारत का वजन बढ़ा

ईएम इंडेक्स में भारत का भारांक अब तक के सर्वोच्च स्तर 16.3 फीसदी पर पहुंच जाएगा और शेयरों की संख्या बढ़कर 131 हो जाएगी।

हाल के वर्षों में उभरते बाजारों के बास्केट (शेयरों) में भारतीय इक्विटी बाजार को खासी बढ़त हासिल हुई है। साल 2018 से एमएससीआई ईएम इंडेक्स (जिसे करीब 500 अरब डॉलर की परिसंपत्ति वाले पैसिव फंड ट्रैक करते हैं) में भारत का भारांक दोगुना हो गया है, वहीं देसी शेयरों की संख्या करीब 70 फीसदी बढ़ी है।

इस महीने के आखिर से प्रभावी होने वाले एमएससीआई पुनसंर्तुलन के बाद ईएम इंडेक्स में भारत का भारांक अब तक के सर्वोच्च स्तर 16.3 फीसदी पर पहुंच जाएगा और शेयरों की संख्या बढ़कर 131 हो जाएगी। साल 2018 में भारत का भारांक 8.2 फीसदी था जबकि इंडेक्स में शेयरों की संख्या 78 थी। यह जानकारी आईआईएफएल ऑल्टरनेटिव रिसर्च के आंकड़ों से मिली। आईआईएफएल इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीराम वेलायुधन ने कहा कि विभिन्न वर्षों में भारांक में हुए इजाफे की कई वजहें हैं। मात्रात्मक मोर्चे पर बड़े फ्री-फ्लोट मार्केट कैप वाली भारतीय कंपनियां इस इंडेक्स से जुड़ी हैं, जिनकी संख्या में इजाफा हुआ है।गुणवत्ता के लिहाज से हालांकि भारत विभिन्न उद्योगों में ताइवान के मुकाबले बेहतर विविधता की पेशकश करता है जबकि ताइवान में सेमीकंडक्टर सेक्टर का ज्यादा संकेंद्रण है। चीन के कमजोर प्रदर्शन और भारत की स्थिर वृद्धि व अनुकूल जनसंख्या व उसकी विशिष्टता ने भी इंडेक्स में ज्यादा भारांक हासिल करने में मदद की है।

व्यापक तौर पर ट्रैक किए जाने वाले वैश्विक इंडेक्स में ज्यादा प्रतिनिधित्व से कई घरेलू शेयरों में ज्यादा विदेशी निवेश हासिल करने में मदद मिलेगी।

नुवामा ऑल्टरनेटिव ऐंड क्वांटिटेटिव रिसर्च के प्रमुख अभिलाष पगारिया ने कहा कि भारत का भारांक दोगुना होना उल्लेखनीय कामयाबी है और इसके पीछे कई कारक मसलन साल 2020 में विदेशी स्वामित्व की सीमा में इजाफा, व्यापक बाजारों में काफी तेजी और अन्य बाजारों, मुख्य रूप से चीन, के मुकाबले अपेक्षाकृत उम्दा प्रदर्शन है।

पगारिया ने कहा कि देसी व विदेशी प्रतिभागियों के स्थिर निवेश की बदौलत भारत में एमएससीआई ईएम इंडेक्स में अपनी हिस्सेदारी साल 2024 तक 20 फीसदी के पार ले जाने की क्षमता है।

मोटे तौर पर भारत आने वाले विदेशी पोर्टफोलियो निवेश को दो भागों में बांटा जा सकता है झ पैसिव (ईटीएफ के जरिये) और पैसिव (गैर-ईटीएफ)। इंडेक्स फंडों के जरिये निवेश की बढ़ती प्रवृत्ति के बीच विभिन्न वर्षों में ईटीएफ ने ज्यादा लोकप्रियता हासिल की है।

उदाहरण के लिए सूचीबद्ध वैश्विक फंडों ने सितंबर में भारतीय इक्विटी बाजारों में 1.3 अरब डॉलर का निवेश किया है, जिससे माह के दौरान हुई कुल निकासी को 50 करोड़ डॉलर के स्तर पर लाने में मदद मिली। एमएससीआई ईएम इंडेक्स में भारत का भारांक चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा आंकड़ा है और दोनों के बीच पिछले कुछ वर्षों में अंतर कम हुआ है। ऐक्सिस म्युचुअल फंड के नोट में कहा गया है कि एमएससीआई ईएम इंडेक्स में भारत का भारांक साल 2013 के 6.4 फीसदी से बढ़ा है जबकि तब चीन का भारांक 42.5 फीसदी था। अब चीन का भारांक 29.55 फीसदी रह गया है।


ऐक्सिस एमएफ के नोट में कहा गया है कि वर्षों तक क्षेत्रीय बेंचमार्क सूचकांकों में भारत का प्रतिनिधित्व काफी कम था। लेकिन यह धीरे-धीरे बदल रहा है और भारतीय कंपनियों की वृद्धि के जरिये भारत ने लंबा रास्ता तय किया है।

# लोन पर आरबीआई रख रहा है कड़ी नजर

आखिरकार, व्यक्तिगत ऋण (पर्सनल लोन) एवं क्रेडिट कार्ड पर भारतीय रिजर्व बैंक (फइक) हरकत में आ ही गया। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) को भले ही ऐसे ऋण को लेकर विशेष चिंता नहीं थी मगर आरबीआई किसी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहता है। हाल ही में आरबीआई ने उपभोक्ता ऋण के मामले में बैंकों एवं एनबीएफसी के लिए जोखिम भार 25 प्रतिशत अंक बढ़ा दिया। आरबीआई ने आवास, शिक्षा, वाहन, गोल्ड और सूक्ष्म वित्त संस्थानों एवं स्वयं-सहायता समूहों को आवंटित ऋण को इसकी जद से बाहर रखा है।

जोखिम भार बढ़ने से बैंक एवं एनबीएफसी के लिए ऐसे ऋण के लिए पूंजी जुटाना अधिक महंगा हो जाएगा और वे आंख मूंद कर असुरक्षित ऋण पर दांव नहीं खेलेंगे। अक्टूबर में आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने वित्तीय क्षेत्र में स्थिरता पर विशेष जोर दिया था और व्यक्तिगत ऋण खंड में कुछ खास ऋण में तेज इजाफा होने पर चिंता जताई थी। आरबीआई बैंकिंग क्षेत्र में किसी भी तरह की जोखिम की आशंका को पहले ही समाप्त कर देने के मंत्र के साथ पैनी नजर रख रहा है।

छोटे कर्जदाताओं को ऋण चुकाने में आ रही परेशानी को देखते हुए वित्त मंत्रालय ने सभी पीएसबी को छोटे ऋण खातों की समीक्षा करने और हालात की जानकारी देने का निर्देश दिया था। बैंकों ने



भी वित्त मंत्रालय को आश्वस्त किया था कि छोटे आकार के असुरक्षित ऋण से वित्तीय तंत्र को कोई खतरा नहीं है क्योंकि इनकी (ऐसे ऋण) का अनुपात बहुत कम है।

जोखिम भार केंद्रीय बैंक के हाथ में एक ऐसा जरिया होता है जिसका इस्तेमाल कर वह कुछ खास किस्म के ऋण के आवंटन में बैंकों पर नियंत्रण रखता है। उदाहरण के लिए जब रियल एस्टेट क्षेत्र को ऋण आवंटन पर चिंता पैदा हुई थी तो आरबीआई ने 2005 में वाणिज्यिक रियल एस्टेट क्षेत्र को आवंटित होने वाले ऋणों के लिए जोखिम भार 100 प्रतिशत से बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया था।

इसे फिर अप्रैल 2006 में बढ़ाकर 150 प्रतिशत तक कर दिया था। इससे पहले 2004 में आवास ऋण पर जोखिम भार 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 75 प्रतिशत कर दिया गया था। बैंकिंग नियामक ने उपभोक्ता ऋण एवं बैंकों के पूंजी बाजार में ऋण आवंटन पर जोखिम भार 100 प्रतिशत से बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया था।

आरबीआई की नवीनतम वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट में कहा गया है कि असुरक्षित ऋण के मद में आवंटन मार्च 2021 के 22.9 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2023 में 25.2 प्रतिशत तक पहुंच गया था।

रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षित ऋण का अनुपात इसी अवधि के दौरान 77.1 प्रतिशत से कम होकर 74.8 प्रतिशत रह गया। कुल मिलाकर खुदरा ऋण की वृद्धि सालाना चक्रवृद्धि दर (सीएजीआर) पर मार्च 2021 से 24.8 प्रतिशत दर से हुई जबकि पूरे बैंकिंग क्षेत्र के कुल ऋणों में 13.8 प्रतिशत सीएजीआर दर से इजाफा हुआ।

सीआरआईएफ हाईमार्क के आंकड़ों के अनुसार 31 दिन से 180 दिनों के बीच बकाया ऋण (50,000 रुपये से कम) का हिस्सा जून 2023 में बढ़कर 8.1 प्रतिशत हो गया। अगर किसी कर्जधारक ने 30 दिन के भीतर किस्त का भुगतान नहीं किया है तो उसका ऋण खाता स्पेशल मेंशन अकाउंट -1 (एसएमए) करार दिया जाता है। 60 दिन तक भुगतान नहीं होने पर एसएमए-2 करार दे दिया जाता हैअगर 90 दिन के बाद भी भुगतान नहीं होता है तो संबंधित ऋण गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) में तब्दील हो जाता है। एसएमए-1 और एसएमए-2 खातों की संख्या लगातार बढ़ रही है। मार्च 2023 तक खुदरा खंड में फंसे ऋण का अनुपात 1.4 प्रतिशत था।

सीआरआईएफ हाईमार्क के आंकड़ों के अनुसार 10,000 रुपये से कम आकार के अल्प अवधि के व्यक्तिगत ऋण (एसटीपीएल) का कुल मूल्य 31 मार्च, 2023 को समाप्त हुए वित्त वर्ष में बढ़कर 37 प्रतिशत हो गया। 10,000-50,000 रुपये के बीच एसटीपीएल बढ़कर 48 प्रतिशत हो गया। क्रेडिट ब्यूरो एजेंसियां 50,000 रुपये तक के ऋण को एसटीपीएल मानती हैं।

वित्त वर्ष 2023 में ऐसे 86 लाख ऋण आवंटित हुए और इस तरह वित्त वर्ष 2022 की तुलना में इनमें 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। वित्त वर्ष 2023 में जितने व्यक्तिगत ऋण आवंटित किए गए उनमें लगभग 80 प्रतिशत एसटीपीएल थे। इनमें 60 प्रतिशत ऋण तो 10,000 रुपये से भी कम के थे। जून 2023 तक 11.16 लाख करोड़ रुपये के व्यक्तिगत ऋण थे जो मार्च 2020 की तुलना में दोगुना थे।

छोटे शहरों में एसटीपीएल ऋण से जुड़े मामले अधिक देखे गए हैं। पिछले 12 महीनों में 10,000 रुपये तक के एसटीपीएल देश के सबसे बड़े 100 शहरों से बाहर आवंटित हुए थे। 29 प्रतिशत ऋण देश के शीर्ष शहरों में आवंटित हुए थे।

क्रेडिट ब्यूरो एजेंसियों का कहना है कि जुलाई 2022 और जून 2023 के दौरान मंजूर 10,000 से 50,000 रुपये तक के 35 प्रतिशत एसटीपीएल शीर्ष 100 शहरों से बाहर के थे। शीर्ष 8 शहरों के मामले में यह आंकड़ा 31 प्रतिशत था। ऐसे ऋण के आवंटन में एनबीएफसी की बड़ी हिस्सेदारी रही है। कोविड पूर्व स्तर से इनमें निजी बैंकों का भी योगदान बढ़ा है मगर मार्च 2022 की तुलना में इनमें कमी आई है।

अक्टूबर में प्रकाशित ब्रोकरेज कंपनी यूबीएस की रिपोर्ट के अनुसार निजी बैंकों की तुलना में पीएसबी में ऋण भुगतान में चूक के मामले अधिक रह सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार 2024-25 में असुरक्षित खुदरा ऋणों से ऋण नुकसान 50 से 200 आधार अंक तक बढ़ सकता है।

रिपोर्ट में कहा गया कि पीएसबी ने ऐसे 52 प्रतिशत ऋण उन ग्राहकों को दे रखे हैं जिनका क्रेडिट स्कोर 644 (मध्यम से अधिक जोखिम वाले कर्ज धारक) से कम हैं जबकि एनबीएफसी और बड़े निजी बैंकों के ऐसे ग्राहक क्रमशः 49 प्रतिशत और 31 प्रतिशत हैं।

आवश्यकता से एक सीमा से अधिक ऋण आवंटन के मामले भी देखे जा रहे हैं और ग्राहक कई तरह के ऋण छोटे अंतराल पर ले रहे हैं। आरबीआई ने जोखिम के इन संकेतों को नजरअंदाज नहीं कर अच्छा किया है। मगर आरबीआई के इस कदम का समय जिज्ञासा बढ़ाने वाला जरूर है। इसकी एक वजह संभवतः सितंबर तिमाही (आंकड़े अभी सार्वजनिक नहीं हुए हैं) में व्यक्तिगत एवं फंसे ऋण के मामलों में बढ़ोतरी हो सकती है।